भोपाल, मंगलवार 9 सितंबर 2025 ■ आश्विन मास कृष्ण पक्ष-02 ■ वर्ष : 12, अंक : 160 ■ पृष्ठ : 12+8=20 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 29 न्यून.23 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



सेंसरशिप पर ओली सरकार के खिलाफ

## 'विद्रोह'

भारत के खिलाफ 'आग' उगलने वाले पड़ोसी देश बांग्लादेश व नेपाल... अब खुद की 'आग' से ही बेहाल

# नेपाल में सोशल मीडिया बैन...सड़कों पर उतरे 'युवा' संसद पर बोला धावा, पुलिस फायरिंग में 22 की मौत

स्कूली यूनिफॉर्म में सड़कों पर उतर आए विद्यार्थी, समाज का हर वर्ग इन युवाओं के साथ आया

एजेंसी ▸▸ काठमांडू

नेपाल सरकार द्वारा 26 सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध लगाए जाने के विरोध में सोमवार को युवाओं के नेतृत्व में यहां हिंसक प्रदर्शन हुए, जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई और 500 से अधिक लोग घायल हो गए।

हालात को नियंत्रित करने के लिए अधिकारियों को सेना को तैनात करना पड़ा। काठमांडू में संसद भवन के सामने 'जेन जी' के बैनर तले स्कूली छात्रों समेत हजारों युवाओं की दंगा-रोधी पुलिस के साथ झड़प हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ आंदोलनकारी संसद ▸▸ शेष पेज 6 पर

» नेपाल सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध 2023 में सोशल नेटवर्क प्रबंधन के लिए बनाए गए कुछ नियमों के आधार पर लगाया

» काठमांडू व पोखरा में कर्फ्यू, प्रदर्शनकारियों को देखते ही गोली मारने का आदेश 4 पत्रकारों की भी मौत, 500 से ज्यादा घायल, नेपाल के गृहमंत्री का इस्तीफा

◂ पुलिस को लाठियां चलानी पड़ी, आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियां भी दागी

◂ विरोध प्रदर्शन को देखते हुए भारतीय सुरक्षा बलों ने सीमा पर निगरानी कड़ी कर दी





### फेसबुक, वॉट्सएप और एक्स सहित 26 सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध

नेपाल सरकार ने गुरुवार को बैठक के बाद 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को प्रतिबंधित करने का फैसला किया था। सरकार ने कहा था कि जो भी प्लेटफॉर्म में बिना पंजीकरण के चल रहे थे, उन सभी को बैन कर दिया गया है। इसे लेकर पहले ही संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग की मंत्रालय के अधिकारियों से बैठक हुई थी। इसमें नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण के प्रतिनिधि, टेलीकॉम ऑपरेटर और इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियां शामिल हुईं। स्थानीय प्रशासन ने बाद में ये प्रतिबंधात्मक आदेश राष्ट्रपति भवन, उपराष्ट्रपति आवास और प्रधानमंत्री कार्यालय के आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में भी लागू कर दिए। नेपाल सरकार ने अनिवार्य पंजीकरण प्रक्रिया का पालन नहीं ▸▸ शेष पेज 6 पर

### 'हामी नेपाल' के बैनर तले प्रदर्शन

दमक में प्रदर्शनकारियों ने दमक चौक से नगरपालिका कार्यालय की ओर मार्च किया, जहां उन्होंने नेपाली प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का पुतला फूंका और कार्यालय के द्वार तोड़ने का प्रयास किया। हालात और न बिगड़ें, इसके लिए सेना को मोर्चे पर उतार दिया गया है। सोमवार सुबह 9 बजे से प्रदर्शनकारी काठमांडू के मैतीघर में एकत्रित होने लगे। हाल के दिनों में नेपो किड और नेपो बेबीज जैसे हैशटैग ऑनलाइन ट्रेंड कर रहे हैं। सरकार की ओर से अपंजीकृत प्लेटफॉर्म्स को ब्लॉक करने के फैसले के बाद इसमें और तेजी आई है। काठमांडू जिला प्रशासन कार्यालय के ▸▸ शेष पेज 6 पर

### 5 साल पहले सुप्रीम कोर्ट में लगी थीं याचिकाएं

*नेपाल में दिसंबर 2020 में एडवोकेट बीपी गौतम और अनीता बजगैन ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी और इसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए विदेशी कंपनियों के विज्ञापन बेरोकटोक दिखाए जाने पर प्रतिबंध की मांग की थी। इसी कड़ी में नेपाल केबल टेलिविजन फेडरेशन के महासचिव मनोज गुरुंग ने भी एक रिट याचिका दायर की थी। कोर्ट ने तब सरकार से इस संबंध में नियम बनाने के लिए कहा था। अब पांच साल बाद तीन सितंबर को सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस टेक प्रसाद धुनगना और शांति सिंह थापा की बेंच ने इन रिट याचिकाओं पर सुनवाई की और याचिकाकर्ताओं के पक्ष में मैंडामस जारी किया। यह सर्वोच्च न्यायालय का ऐसा आदेश है, जिसके जरिए सरकारी अधिकारी, निचली अदालत या सार्वजनिक प्राधिकरण को ऐसे सार्वजनिक कर्तव्यों को पूरा करने के लिए बाध्य किया जा सकता है, जिसे उसने गलत तरीके से निभाने से इनकार कर दिया गया या अनदेखा किया गया। इससे कोर्ट किसी के कानूनी अधिकार या सार्वजनिक कर्तव्य के निर्वहन को सुनिश्चित करता है।* ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

## खबर संक्षेप

### सुयश मोहन गुरू बने डिप्टी सॉलिसिटर जनरल



**जबलपुर।** अधिवक्ता सुयश मोहन गुरू को मप्र हाईकोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर में डिप्टी सॉलिसिटर जनरल बनाया गया है। केंद्रीय कानून एवं न्याय विभाग ने सोमवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की। वे मप्र हाईकोर्ट में प्रकरणों की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार का पक्ष रखेंगे।

### नाबालिग को गर्भपात की अनुमति देने से इनकार



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए गर्भवती मां की सहमति जरुरी है। सिंगल बेंच ने कहा है कि एमटीपी अधिनियम गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए गर्भवती की सहमति जरूरी है।

» **सुबह 10 बजे से वोटिंग :** दोनों सदनों में कुल 781 सदस्य जीत के लिए चाहिए 391 वोट, एनडीए के पास इससे ज्यादा वोट

» **एनडीए के** सीपी राधाकृष्णन और विपक्षी गठबंधन इंडिया के जस्टिस सुदर्शन रेड्डी के बीच सीधा मुकाबला

# ठीक 50 दिन बाद : आज 'शाम 6 बजे' देश को मिल जाएगा 'नया' उपराष्ट्रपति

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को मतदान होगा। इसी दिन शाम 6 बेज तक नतीजे घोषित होंगे। इसके साथ ही देश को 50 दिन बाद जगदीप धनखड़ की जगह 15 वां नया उपराष्ट्रपति मिलेगा। 21 जुलाई को धनखड़ के अचानक इस्तीफा देने के चलते चुनाव हो रहा है।

एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। मतदान 9 सितंबर, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संसद भवन में होगा। वोटों की गिनती शाम 6 बजे से और तुरंत परिणाम घोषित होंगे। आंकड़ों में एनडीए को स्पष्ट बढ़त है। हालांकि, संसद में विपक्ष की मजबूती से पिछले दो दशक में पहली बार मुकाबला करीबी हो सकता ▸▸ शेष पेज 6 पर

*केसीआर की पार्टी बीआरएस और ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक की पार्टी बीजेडी उपराष्ट्रपति चुनाव में किसी भी गठबंधन का समर्थन नहीं करेगी राज्यसभा में बीआरएस के 4 और बीजेडी के 7 सदस्य*

» ***इस चुनाव में सांसदों को व्हिप जारी नहीं किया जाता है***

» ***संविधान के अनुच्छेद 66 में बताई गई है उपराष्ट्रपति चुनाव की पूरी प्रक्रिया***



सीपी राधाकृष्णन (एनडीए) | सुदर्शन रेड्डी (इंडिया ब्लॉक)

*विपक्ष ने कहा कि यह चुनाव दल पर नहीं, अंतरात्मा की आवाज पर होगा*

*भाजपा बोली चारा घोटाले के आरोपी से मिलकर रेड्डी देश की कौनसी आत्मा बचाएंगे?*

### उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में क्यों नहीं होता ईवीएम का इस्तेमाल?

इस चुनाव की प्रक्रिया, जहां राज्यसभा और लोकसभा के सांसद वोट डालते हैं और वह भी अनुपातिक मूल्यांकन और वरीयता आधारित प्रणाली से। यही कारण है कि यहां मतपत्र का ही सहारा लिया जाता है। उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान के दौरान हर मतदाता को उम्मीदवारों के नाम के सामने 1, 2, 3, 4 जैसी प्राथमिकताएं अंकित करनी पड़ती हैं। वोटों की गिनती इन प्राथमिकताओं के आधार पर होती है, जो ईवीएम की मौजूदा तकनीक से संभव नहीं है।

### तिवारी ने कहा- उपराष्ट्रपति पद का चुनाव योग्यता आधारित

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव पार्टियों पर नहीं, बल्कि योग्यता पर आधारित होता है और मुझे लगता है कि हमारे उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी इस पद के लिए पूरी तरह योग्य हैं क्योंकि वह राज्यसभा के वास्तविक सभापति होंगे। भाजपा ने पहले जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति बनाकर एक प्रयोग किया था, लेकिन वह असफल ▸▸ शेष पेज 6 पर

### एनडीए के प्रत्याशी की जीत तय... 458 वोट मिलने की उम्मीद

इस वक्त राज्यसभा में 239 और लोकसभा में 542 सांसद हैं। दोनों को मिलाकर सांसदों की संख्या 781 हो जाती है और उपराष्ट्रपति उम्मीदवार को जीत के लिए आधे सांसदों यानी 391 वोटों की जरूरत होगी। इन आंकड़ों के अनुसार, एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की जीत लगभग तय है। राधाकृष्णन को 458 वोट मिलने की उम्मीद है, जो जगदीप धनखड़ की जीत से काफी कम है। तीन साल पहले हुए चुनाव में पूर्व उपराष्ट्रपति ने 528 मतों से जीत हासिल की थी।

रविशंकर ने उठाया सवाल

### आप (रेड्डी) किस तरह के रिटायर जज हैं?

सोमवार को विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी की लालू यादव से मुलाकात पर भाजपा की तरफ से प्रहार किया गया है। भाजपा के नेता रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सुदर्शन रेड्डी ने देश की आत्मा को बचाने के लिए वोट मांगा है, बहुत बड़ी-बड़ी बातें की गई हैं। देश की आत्मा को बचाने के लिए वो लालू प्रसाद यादव से मिल रहे हैं। लालू प्रसाद यादव चारा घोटाला मामले में दोषी हैं। रविशंकर प्रसाद ने आगे कहा कि आप किस तरह के रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट के जज हैं, जो व्यक्ति दोषी है भ्रष्टाचार के मामले में, आप जाकर उससे मिलते हैं। वह व्यक्ति वोटर भी नहीं है। आप क्या देश की आत्मा की बात कर रहे हैं? यह गंभीर दिखावा है, आप कृपया करके देश की आत्मा की बात न करें। लालू यादव पर कई मामले हैं, आप उनसे जाकर मिलते हैं। जस्टिस सुदर्शन रेड्डी के इस व्यवहार की हम निंदा करते हैं।

मप्र में देर रात 14 आईएएस अफसरों के तबादले दो संभागयुक्त समेत पांच जिलों के कलेक्टर बदले

# दीपक सक्सेना जनसंपर्क आयुक्त व एमडी माध्यम डॉ. खाड़े इंदौर आयुक्त बने



दीपक सक्सेना



डॉ.सुदाम खाड़े



आशीष सिंह



शिवम वर्मा

### आशीष सिंह उज्जैन के नए कमिश्नर बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राज्य सरकार ने सोमवार को देर रात 14 आईएएस अफसर के तबादले कर दिए। जनसंपर्क विभाग में लंबे समय से पदस्थ डॉ. सुदाम पंढरीनाथ खाड़े को इंदौर संभाग का आयुक्त बनाया गया है।

जबकि जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना को जनसंपर्क आयुक्त तथा एमडी मध्यप्रदेश माध्यम बनाया गया है। इंदौर संभाग के आयुक्त दीपक सिंह को राज्य निर्वाचन आयोग में सचिव बनाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग कार्मिक ने देर रात वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए। जारी आदेश के अनुसार निर्वाचन आयोग में सचिव अभिषेक सिंह को गृह विभाग में सचिव बनाया गया है। जबकि इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह को उज्जैन संभाग का आयुक्त तथा मेला अधिकारी सिंहस्थ मेला का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी तरह नगर निगम इंदौर में आयुक्त शिवम वर्मा को इंदौर कलेक्टर बनाया गया है। सरकार ने आगर मालवा के कलेक्टर राघवेंद्र सिंह को जबलपुर कलेक्टर, कटनी कलेक्टर दीपक कुमार यादव को आयुक्त नगर पालिका निगम इंदौर तथा अपर प्रबंध संचालक मेट्रो रेल कंपनी इंदौर का अतिरिक्त प्रभार दिया है।

जबकि बड़वानी कलेक्टर सुश्री गुंचा सनोबर को उपसचिव मध्य प्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय में उप सचिव आशीष तिवारी को कलेक्टर कटनी, उज्जैन जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती जयति सिंह को कलेक्टर बड़वानी, आयुक्त नगर निगम जबलपुर श्रीमती प्रीति यादव को कलेक्टर आगर मालवा तथा अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास डॉ. परीक्षित संजय राव झाडे को सीईओ इंदौर विकास प्राधिकरण इंदौर बनाया गया है। जबकि इंदौर विकास प्राधिकरण ▸▸ शेष पेज 6 पर

पुलिसकर्मियों का महिलाओं संग अश्लील डांस

### कांस्टेबल और एएसआई को किया गया 'निलंबित'

**एसपी बोले** पुलिस की छवि खराब करने वाले काम बर्दाश्त नहीं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दतिया

दतिया में सोशल मीडिया पर दो पुलिसकर्मियों का महिलाओं के साथ अश्लील डांस करते हुए वीडियो तेजी से वायरल हो गया है। वायरल वीडियो थाना सिविल लाइन में पदस्थ एएसआई संजीव कुमार गॉड और राहुल बौद्ध का है। दोनों पुलिसकर्मी महिलाओं के साथ पार्टी में डांस करते हुए आपत्तिजनक हरकत करते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो दतिया के एक होटल के बेसमेंट का बताया जा रहा है। वीडियो सामने आते ही दतिया एसपी सूरज वर्मा ने ▸▸ शेष पेज 6 पर

बरगी डैम से पानी के रिसाव से हड़कंप

### जांच के लिए भोपाल व दिल्ली से पहुंची विशेषज्ञों की दो टीमें

तकनीकी परीक्षण में बांध को सुरक्षित बताया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

बरगी बांध की गैलरी से पानी का लगातार रिसाव हो रहा है। बांध में दरार की आशंका से हड़कंप मचा हुआ है। बांध की गैलरी के ब्लॉक नंबर 3/10 से तेजी से पानी का रिसाव हो रहा है। बांध प्रबंधन के अधिकारी और कर्मचारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। भोपाल और दिल्ली के वरिष्ठ और विशेषज्ञ अधिकारियों की टीम भी बरगी बांध पहुंच गई है। जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता ने 31 जुलाई 2024 को बांध की सुरक्षा के लिहाज से रिसाव ▸▸ शेष पेज 6 पर

20 आईपीएस बदले: 7 रेंज के डीआईजी को बदला गया, दो एसपी इधर से उधर

## मप्र पुलिस की सर्जरी

# मोनिका शुक्ला को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भोपाल बनाया और भोपाल ग्रामीण रेंज में डीआईजी राजेश सिंह की तैनाती

» ***मयंक अवस्थी को एसपी धार और राजीव कुमार मिश्रा को अशोकनगर एसपी की कमान***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में भारतीय पुलिस सेवा के 20 अफसरों को बदला गया है। सोमवार को गृह विभाग द्वारा जारी सूची में किए गए फेरबदल में डीआईजी और एसपी स्तर के अफसर शामिल हैं। पुलिस सर्जरी में भोपाल और इंदौर नगरीय पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त को भी बदला गया है।

डीआईजी रेल मोनिका शुक्ला को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नगरीय पुलिस भोपाल पदस्थ किया गया है। वहीं, धार और अशोकनगर के पुलिस अधीक्षकों में भी फेरबदल में किया गया है। ललित शाक्यवार डीआईजी छतरपुर रेंज से डीआईजी पुलिस मुख्यालय भोपाल, मुकेश कुमार श्रीवास्तव डीआईजी बालाघाट रेंज से डीआईजी मानव अधिकार आयोग भोपाल, ओमप्रकाश त्रिपाठी भोपाल ग्रामीण डीआईजी से डीआईजी एसएएफ ▸▸ शेष पेज 6 पर



मोनिका शुक्ला



हेमंत चौहान



राजेश सिंह चंदेल

### मप्र को मिले 16 और आईएएस, डीओपीटी ने एसएएस से आईएएस की पदोन्नति की सूची जारी की



राकेश कुशरे एवं नंदा भलावी कुशरे (दंपती)

केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने दो वर्षों 2023 व 2024 के लिए एक साथ 16 पदों पर आईएएस अवार्ड करने का आदेश जारी कर दिया। इसके तहत राज्य प्रशासनिक सेवा एसएएस से आईएएस में पदोन्नति की गई है। हालांकि, इसी बैच के कमल नागर का मामला हाईकोर्ट जबलपुर में लंबित होने की वजह से कोई निर्णय नहीं लिया गया है। जबकि आईएएस अवार्ड वाले अधिकारियों के प्रोबेशन पीरिएड के लिए अलग से आदेश जारी किए जाएंगे। आईएएस अवार्ड के लिए पिछले एक साल से प्रक्रिया चल रही थी। डीओपीटी से जारी सूची के अनुसार एसएएस से वर्ष 2023 के लिए नारायण प्रसाद नामदेव, डॉ. कैलास बुंदेला, नंदा भलावी कुशरे, अनिल कुमार डामोर, सविता झनिया, सारिका भूरिया, कमल सोलंकी और जितेंद्र सिंह चौहान को आईएएस अवार्ड किया गया है। इसी तरह वर्ष 2024 के लिए संतोष कुमार टैगोर, ▸▸ शेष पेज 6 पर

# अच्छे फिजियोथैरेपिस्ट को अपने विषय का ज्ञान होना जरूरीः डॉ. मनीषा श्रीवास्तव

## बीएमएचआरसी में विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएच आरसी) में सोमवार को विश्व फिजियोथेरेपी दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कार्यक्रम में राजीव गांधी कॉलेज के प्रोफेसर एवं प्राचार्य डॉ. विजयी कुमार मुख्य अतिथि,बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ मनीषा श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थीं। फिजियोथेरेपी विशेषज्ञों ने कहा कि एक अच्छे फिजियोथैरेपिस्ट के लिए अपने विषय के बारे में जानकारी होना बहुत जरूरी है, तभी वह मरीज का उपचार कर पाएगा। डॉ मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि अच्छे फिजियोथैरेपिस्ट को अपने विषय का ज्ञान होना जरूरी है। खुशी की बात है कि बीएमएचआरसी का फिजियोथैरेपी विभाग भोपाल व मप्र के सर्वश्रेष्ठ सेंटर में से एक है। विभाग में जल्द ही बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी कोर्स भी शुरू होने वाला है। शुरूआत में 40 सीटों के लिए मप्र सह—चिकित्सा परिषद से मंजूरी मिल गई है।

## दिवंगत रेल कर्मचारी की पत्नी ने रेलवे अस्पताल को 1 लाख की फिजियोथेरेपी मशीन की भेंट



**भोपाल।** विश्व फिजियोथैरपी दिवस पर मंडल रेल चिकित्सालय भोपाल में सोमवार को एक भावपूर्ण आयोजन के अंतर्गत स्व. एम. अंजनेयुलु की स्मृति में उनकी पत्नि राजलक्ष्मी (रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी) द्वारा लगभग एक लाख रुपए की फिजियोथेरेपी मशीने इत्यादि मरीजों के उपयोग के लिए भेंट की। यह पहल न केवल सेवा भावना का प्रतीक है, बल्कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कार्मिकों के प्रति सम्मान की भावनाओं को भी दर्शाती है।

## सुभाष नगर विश्राम घाट पर संस्कार सेवा समिति ने कराया तर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुभाष नगर विश्राम घाट पर संस्कार सेवा समिति की ओर से पिंडदान तर्पण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को मातृशक्ति के द्वारा भी तर्पण किया गया। यह तर्पण कार्यक्रम 7 तारीख से लेकर 21 तारीख तक सुबह 9:00 बजे से 12:00 बजे तक किया जा रहा है। इसमें दी जाने वाली सामग्री संस्था द्वारा निःशुल्क दी जाती है। श्री विश्राम घाट कमेटी ट्रस्ट प्रबंधक संस्कार सेवा समिति अध्यक्ष शोभराज सुखवानी ने बताया कि बुधवार को सुबह 11:00 बजे इसी स्थान से जानकारी के अभाव में या आर्थिक परेशानियों या अन्य पारिवारिक विवाद के कारण अस्थियों का संचय करके विसर्जित नहीं की गई हो। उनका संस्कार सेवा समिति के माध्यम से नर्मदा मैया में विसर्जित 10 सिंतबर को किया जाएगा।

### गायत्री मंदिर में तर्पण



**भोपाल।** गायत्री शक्ति पीठ पर सोमवार को 20 से अधिक लोगों ने तर्पण किए।

---

## विवि से संबद्ध कॉलेजों सहित 26 को मिला गोल्ड मेडल, 21 को मेरिट के आधार पर मेडल से किया सम्मानित

**बीयू का दीक्षांत समारोह**

# 190 छात्रों को मिली पीएचडी डिग्री, 78 हजार को स्नातक व स्नातकोत्तर की प्राप्त हुई उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह-2025 आयोजित किया गया। समारोह के दौरान कुल 190 स्कॉलर्स को पीएचडी की डिग्री मिली, जबकि प्रदेश के संबद्ध कॉलेजों सहित कुछ 78 हजार छात्र छात्राओं को स्नातक, स्नात्कोत्तर सहित अन्य कोर्सेस की उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह सुबह 11 बजे मिंटो हॉल में शुरू हुआ। इस दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों को उपाधियां और मेडल प्रदान कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्वविद्यालयीन स्मारिका और पुस्तक का लोकार्पण भी किया।





### कॅरियर की संभावनाएं तेजी से बढ़ी

राज्यपाल पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से युवाओं के लिए उनके कौशल, रुचि और क्षमता के अनुसार शिक्षा के प्रत्येक स्तर पर अनेक अवसर विद्यमान है। आज देश में कृषि, खाद्य, फिजिकल एजुकेशन, साइबर सिक्योरिटी, फोरेंसिक साइंस, ड्रोन तकनीक और विधि आदि विषयों में कैरियर की संभावनाएं तेजी से बढ़ी है। राज्यपाल श्री पटेल ने युवाओं से अपने ज्ञान और कौशल से समाज और राष्ट्र उत्थान के लिए आगे आने का आह्वान किया है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार मौजूद रहे। वहीं, दीक्षांत उपदेश विवि के कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार जैन ने दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा नई शिक्षा नीति के माध्यम से पूरे देश में माहौल बना। कहां हम शिक्षा के दौर में राष्ट्र भाषा की बात करते हैं। पीएम मोदी के शब्दों में हमारे देश की सारी भाषाएं ही राष्ट्र भाषा हैं। सारी भाषाएं हमारी हैं। परिवार में माता पिता से कोई पूछे कि आपको कौन सा बच्चा अति प्रिय है, तो जबाव यही होगा कि जतने बच्चे हैं सब अच्छे हैं। यह आत्मीय भाव जरूरी है।

### 78 हजार छात्रों के सपने हुए साकार

*डॉ. यादव ने बताया कि बीयू द्वारा आज 54 हजार से अधिक ग्रेजुएट्स, 23 हजार से अधिक को पोस्ट ग्रेजुएट, 190 स्कॉलर्स को पीएचडी और 21 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल दिया गया है। कुल 78 हजार से अधिक विद्यार्थियों के सपने आज साकार हो रहे हैं। समारोह में विश्वविद्यालय परिसर के अलावा संबद्ध कॉलेजों के ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और शोध स्तर तक के विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। इस दौरान 190 विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री दी गई।*

### विश्वविद्यालयों में डिजिटल मूल्यांकन शुरू होगा

तकनीकी एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि आज विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। हमें जीवनभर समाज और परिवार का ऋण उतारने के लिए कार्य करना चाहिए। देश में भारतीय परंपरा के अनुसार दीक्षांत समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए सबसे पहले प्रदेश में शिक्षा नीति लागू की गई। राज्य सरकार सभी विश्वविद्यालयों में डिजिटल मूल्यांकन शुरू करेगी।

**वार्षिक रिपोर्ट की प्रस्तुत:**कार्यक्रम के तहत कुलपति प्रो. एसके जैन ने विवि की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि विद्यार्थियों को उपाधि और मेडल प्रदान किए। समारोह का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

### इन्हें मिला गोल्ड मेडल

- ललिता पिल्लई
- दरकसन
- गगन कुमार बरखानिया
- सुनील कुमार दांगी
- जया कड़ू
- वर्षा विराले
- किरण सचदेवा
- अजय बडयाल
- सरिता गोयल
- मीनाक्षी सोनी
- नेहा पाटिल
- चंद्रभान उड़के
- शादाब सिद्दीकी
- पूनम सिंह
- गुलफ्शा कस्साब
- मनोज कुमार घोरसे
- झिली सरकार
- प्रतिभा द्विवेदी
- कविता पीटर
- रहना राजपूत
- सरिता दुबे
- शरद दीप
- शाजिया खान
- चेतन चौहान
- शिल्पी जैन
- चित्रा गंगवानी
- तस्नीम हुसैन
- धारिणी राजे सिसोदिया
- तेजपाल सिंह
- कपिल सचदेव
- किरण पालीवाल
- मीनाक्षी लोने
- अनामिका श्रीवास्तव
- मीता शमाज़ मोघे
- अंकित खरे
- नरेंद्र कुमार साधवानी
- फेमिनाज अख्तर खान
- रचना काटोले
- गार्गी भदौरिया
- रेशमा उधानी
- फिरोजा खान
- सपना भगतानी
- मोहम्मद काशिफ तौफीक
- शैलेन्द्र सोलंकी
- राहुल तिवारी
- शालू पांडे
- रेनू सक्सेना सहित कुल 190 को गोल्ड मेडल मिले हैं।


**यह बोले स्टूडेंट**

### गोल्ड मेडल मिला तो काफी खुशी हुई...



मैंने इससे पिछली कक्षा में भी 70% से अधिक मार्क हासिल किए थे. अभी मैटेरियल साइंस से एम टेक में मुझे गोल्ड मेडल मिला तो काफी खुशी हुई इसके लिए मैंने शुरुआत से ही काफी तैयारी की थी.. आगे इसी क्षेत्र में पढ़ाई करूंगी

श्रेष्ठ तिवारी



मुझे गोल्ड मेडल मिला तो काफी खुशी हुई इसके लिए मैंने शुरुआत से ही काफी तैयारी की थी.. पुराने पेपर्स सॉल्व किया और नोट्स से काफी तैयारी की थी।

केतन जैन

**इनका अनुभव**

### मुझे एमबीए के लिए गोल्ड मेडल



मुझे गोल्ड मेडल मिला तो काफी खुशी हुई. मैंने एमबीए में टॉप किया है. इसके लिए मैंने शुरुआत से ही काफी तैयारी की थी.. आगे इसी क्षेत्र में पीएचडी भी करने का प्रयास करूंगी।

विद्या उपाध्याय

---

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के टीलाजमालपुरा क्षेत्र में सोमवार को कलश यात्रा के साथ सप्तदिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा की शुरूआत हुई। कलश यात्रा दुर्गा चौक हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर क्षेत्र के विभिन्न मंदिर होते हुए कथा स्थल शिवमंदिर भोलेनाथ कॉलोनी पहुंची। कलश यात्रा में भारी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं मौजूद रही।



कथा के दौरान कथावाचक महाराज कार्तिक चौबे ने पहले दिन श्रीमद् भागवत कथा के महत्व के बारे में बताया। कथा 14 सितम्बर तक आयोजित की जाएगी।

---

**खबर संक्षेप**

### दस फेरों के लिए चलेगी बीकानेर-साईंनगर शिर्डी साप्ताहिक पूजा स्पेशल



**भोपाल।** रेलवे दीपावली व छठ पूजा को लेकर लगातार स्पेशल ट्रेनों की घोषणा कर रही है। इसी के तहत रेलवे की ओर से दस फेरों के लिए बीकानेर-सांईनगर शिर्डी साप्ताहिक पूजा स्पेशल चलाने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 04715 बीकानेर-सांईनगर शिर्डी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 27 सितंबर से 29 नवंबर तक प्रत्येक शनिवार को दोपहर 13:30 बजे बीकानेर से प्रस्थान कर दूसरे दिन रविवार रात 19:00 बजे सांईनगर शिर्डी पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04716 सांईनगर शिर्डी-बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 28 सितंबर से 30 नवंबर तक प्रत्येक रविवार को सायं 19:35 बजे सांईनगर शिर्डी से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन प्रातः 05:00 बजे बीकानेर पहुंचेगी। इस ट्रेन में एक वातानुकूलित-2 टियर, 2 वातानुकूलित -3 टियर, 11 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 द्वितीय श्रेणी-सह-गार्ड ब्रेक वैन कोच रहेगा।

### यह ट्रेनें दोनों ओर से इन स्टेशनों पर लेंगी हाल्ट

श्री डूंगरगढ़, राजलदेसर, रतनगढ़ जंक्शन, चूरू जंक्शन, फतेहपुर शेखावाटी, लक्ष्मणगढ़ सीकर, सीकर जंक्शन, रींगस जंक्शन, ढेहर का बालाजी, जयपुर जंक्शन, दुर्गापुरा, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंजमण्डी, शामगढ़, नागदा, उज्जैन, भोपाल, इटारसी, हरदा, खण्डवा, भुसावल एवं मनमाड।

---

प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 7 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी

## जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 23 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं में लैटरल एंट्री (पार्श्व प्रवेश परीक्षा) के लिए शुरू हुई है।

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर है। चयन परीक्षा 7 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए वही विद्यार्थी एलिजिबल होंगे, जो किसी शासकीय या मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल में सत्र 2025-26 के दौरान कक्षा 8वीं में अध्ययनरत हों। साथ ही, उनकी जन्मतिथि 01 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 के बीच होनी चाहिए। कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए वे छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं, जो मान्यता प्राप्त स्कूल में सत्र 2025-26 के दौरान कक्षा 10वीं में अध्ययनरत हों। इन विद्यार्थियों की जन्मतिथि 01 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच होना आवश्यक है। प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 7 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी।

---

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आरजीपीवी में किया विरोध प्रदर्शन

**तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी को तत्काल भेजा गया पत्र**

## जनजातीय विद्यार्थियों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ व अनदेखी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) कैंपस में सोमवार को एबीवीपी ने जमकर प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने विश्वविद्यालय प्रशासन और शासन को चेतावनी दी कि जनजातीय छात्रों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एबीवीपी के प्रदर्शन में की गई मांग के फलस्वरूप तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी को तत्काल पत्र भेजा गया, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि झाबुआ इंजीनियरिंग कॉलेज, जिसे आदिवासी अंचल के छात्रों को इंजीनियरिंग की उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के विशेष उद्देश्य से स्थापित किया गया था, उसी उद्देश्य के साथ सुरक्षित रखा जाए। पत्र में मेडिकल कॉलेज के लिए अन्य वैकल्पिक समाधान खोजने का आग्रह किया गया है।



### संघर्ष केवल एक कॉलेज का नहीं

विश्वविद्यालय परिसर में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कुलपति का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आंदोलन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए संदेश दिया कि यह संघर्ष केवल एक कॉलेज का नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के शैक्षिक अधिकारों और आत्मसम्मान का आंदोलन है।

### परिषद हर स्तर पर संघर्ष करेगी

एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि झाबुआ इंजीनियरिंग कॉलेज जनजातीय छात्रों के लिए शिक्षा का प्रकाशस्तंभ है। इसे किसी भी कीमत पर कमजोर या परिवर्तित करने का प्रयास नहीं होने दिया जाएगा। परिषद हर स्तर पर संघर्ष करेगी और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन ठोस कदम नहीं उठाते।

**हिमांशु शर्मा**, प्रांत सहमंत्री, अभाविप

### मूल उद्देश्य को सुरक्षित रखा जाए

झाबुआ इंजीनियरिंग कॉलेज, जनजातीय छात्र जो इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहते थे, उनकी सुविधा के लिए बनाया गया था। उसके मूल उद्देश्य को सुरक्षित रखा जाए अन्यथा छात्र हित वह राष्ट्रहित में विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन को बाध्य होगी।

**आरती ठाकुर**, भोपाल महानगर सहमंत्री

---

**रतलाम की उच्चतर माध्यमिक शिक्षक विनीता ओझा ने किए शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचार**

कक्षाओं में वेदों की ऋचाओं एवं संगीतमय ध्यान से शुरू होती है पढ़ाई

## 16 बेटियों को देह व्यापार के अंधकार से बाहर निकालकर शिक्षा से जोड़ा, आज हैं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

16 बेटियों को देहव्यापार से बाहर निकालकर शिक्षा से जोड़ने, उन्हे आत्मनिर्भर बनाने और शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचार कर रतलाम की उच्च माध्यमिक शिक्षिका विनीता ओझा ने मिसाल पेश की है। शिक्षिका विनीता ओझा वर्तमान में रतलाम के शासकीय जवाहर उमा विद्यालय में पदस्थ हैं।

इन्हें शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए हाल ही में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत किया गया है। शिक्षिका ओझा के नेतृत्व में अनेक विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय युवा शिविर नैनीताल में सहभागिता की है। इनकी उपलब्धियों में देह व्यापार में लिप्त बांछड़ा समुदाय की छात्राओं में शिक्षा के प्रति रुचि जगाना, राज्य आनंद संस्थान के माध्यम से अल्पविराम कार्यक्रम में आनंद से जीना सिखाना, विद्यार्थियों के अध्यापन का प्रारंभ वेदों की ऋचाओं एवं संगीतमय ध्यान से करवाना आदि शामिल है।

**पुरस्कृत शिक्षक-1**

**रतलाम की उच्च माध्यमिक शिक्षिका विनीता ओझा ने मिसाल पेश की है**




### विज्ञान विषय को चित्र के माध्यम से बनाया आसान

शिक्षिका ओझा द्वारा लिखित एवं निर्देशित रोल प्ले दो बार राष्ट्रीय स्तर पर कोयंबटूर एवं बेंगलुरु में पुरस्कृत हुए। 150 से अधिक लेख, कहानी, कविताएं, विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। विज्ञान विषयों के चित्रों को आसान तरीके से बनाना सिखाया गया, जिसे यूट्यूब पर भी देखा जा सकता है। विद्यार्थियों के साथ नवाचार के अंतर्गत निर्देशित शोध पत्र के लिए चार विद्यार्थी राज्य स्तर पर पुरस्कृत हुए हैं।

### अब तक कई सम्मान किए नाम

शिक्षिका ओझा को शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए 100 से अधिक बार पुरस्कृत किया जा चुका है। जिसमें शैक्षिक संगोष्ठी के लिए महामहिम राज्यपाल एवं शिक्षा मंत्री द्वारा सम्मानित, सावित्रीबाई फुले पुरस्कार, कबीर सम्मान, विद्यालय को आनंद घर बनाने के लिए शिक्षाविद गिजू भाई सम्मान, डॉक्टर शंकर दयाल सिंह साहित्य पुरस्कार, मध्य प्रदेश नारी गौरव सम्मान, अखिल भारतीय मातृशक्ति सम्मान, स्वर्गीय श्यामलाल दशोत्तर स्मृति शिक्षक सम्मान, स्वर्गीय बैजनाथ सारस्वत स्मृति सम्मान, कल्पना चावला स्मृति सम्मान, पश्चिम रेलवे एक्सीलेंट लेडी अवार्ड, नई दुनिया ज्योतिर्मय सम्मान प्रमुख है।

**स्कूल शिक्षा विभाग में दे रहीं लगभग 24 वर्षों से सेवा**

*शिक्षिका विनीता ओझा बताती हैं कि वह स्कूल शिक्षा विभाग में लगभग 24 वर्षों से सेवा दे रही हैं। वर्ष 2015 में जावरा-मंदसौर हाइवे के पास स्थित शासकीय हाई स्कूल, ढोढर में बतौर प्रभारी प्राचार्य पदस्थापना हुई। जब वहां स्कूल ज्वाइन किया तो आसपास के क्षेत्र की जानकारी भी लगी। यहां पता चला कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियां स्कूल नहीं जाती हैं। इसके अलावा यह चौकाने वाली बात भी पता लगी कि इनमें से कुछ बच्चियां देह व्यापार के दल-दल में फंसी हुई हैं। ऐसे में इन बच्चियों को शिक्षा से जोड़ने के प्रयास शुरू हुए। गांव में पहुंचकर बच्चियों परिवार, खासतौर उनकी माताओं से संपर्क किया। उन्हे समझाया कि बच्चियों की किसी प्रकार की कोई जानकारी कभी सार्वजनिक नहीं होगी और वह स्कूल में सुरक्षित रहेंगी। समझाइश काम आई और करीब 16 बच्चियों ने स्कूल में प्रवेश लिया। धीरे-धीरे संख्या में बढ़ोत्तरी होने लगी। इन छात्राओं में कुछ छात्राओं स्वरोजगार से जुड़ गई हैं, तो वहीं कुछ उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं।*

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 9 सितंबर 2025

4 तेज रफ्तार कार कंटेनर में पीछे से घुसी, युवक...


12 जो कमजोर और वंचित वर्ग के पक्ष में खड़ा हो, वही...




## चैकिंग अभियान के दौरान वाहन चालकों को दी ट्रैफिक नियमों की जानकारी

# राजधानी में ट्रैफिक पुलिस ने 165 वाहनों का काटा चालानः 45 हजार रुपए से ज्यादा का जुर्माना वसूला, 22 सितंबर तक जारी रहेगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के विभिन्न चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा नियमों की उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पहले दिन करीब 165 से अधिक वाहनों के चालान काटे गए। इस दौरान 45 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला गया। तो वहीं कई वाहन चालकों को समझाइश देकर छोड़ दिया। शहर के एमपी नगर बोर्ड ऑफिस, गणेश मंदिर, रोशनपुरा बागसेवनिया, सहित कई जगहों पर वाहनों की चेकिंग की।

### शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर चला अभियान | लोगों को जागरुक करना प्रमुख उद्देश्य



### डीसीपी बसंत कौल ने बताया अभियान का मकसद

डीसीपी बसंत कौल ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य यह है कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है।

### निरंतर 15 दिनों तक चलेगा विशेष अभियान

यातायात पुलिस डीसीपी बसंत कौल ने बताया कि सड़क हादसों पर लगाम लगाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए मप्र पुलिस 8 सितंबर से 22 सितंबर तक पूरे प्रदेश में विशेष अभियान चला रही है। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इन 15 दिवसीय अभियान में तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट वाहन चलाना, नाबालिग द्वारा वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना, शराब पीकर वाहन चलाना, ओवरलोडिंग व बिना कागजों के जैसे लाइसेंस, फिटनेस और परमिट के वाहन चलाने पर विशेष कार्रवाई की जा रही है।

### नियम के विरुद्ध बसों को पकड़ने सड़कों पर उतरा आरटीओ अमला

नियम विरोध व टैक्स चोरी कर बसों का संचालन करने वाले संचालकों की धरपकड़ के लिए परिवहन विभाग की ओर से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को आरटीओ अमले ने चेकिंग की। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भोपाल द्वारा मोटर यान कर बकाया वसूली एवं यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा के संबंध में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को भोपाल बाईपास, नर्मदापुरम रोड, इंदौर राजमार्ग, रायसेन, विदिशा रोड सहित अन्य जगहों पर यात्री वाहनों की जांच की गई।



इस दौरान मोटर यान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के उल्लंघन की स्थिति में 13 वाहनों से समन शुल्क के रूप में 43000 शमन शुल्क वसूला गया। इस दौरान वाहन क्रमांक एमपी04बायएन3318 बिना परमिट संचालन करते हुए पाए जाने पर जब्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भोपाल में रखा गया है।

### तीन महीने में सुधारें ट्रैफिक लेफ्ट टर्न भी होंगे क्लीयर

ट्रैफिक को सुधारने के लिए दिल्ली से आई टीम ने भी निरीक्षण किया था, लेकिन अब तक ट्रैफिक सुधार को लेकर काम शुरु नहीं किया गया है। ऐसे में दिसंबर माह तक ट्रैफिक को सुधारने के लिए सभी चौराहों के लेफ्ट टर्न क्लीयर कर ब्लैक स्पॉट में सुधार किया जाएगा। सोमवार को जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और ट्रैफिक पुलिस के अफसरों से कहा कि ट्रैफिक सुधार के लिए जरूरी कामों को दिसंबर माह तक खत्म किया जाए। उन्होंने कलेक्टोरेट में टाइम लिमिट बैठक में कहा कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिए सभी ब्लैक स्पाट को खत्म करने की योजना तैयार की जाए।



### भिखारियों की पहचान कर भेजें भिक्षुक गृह

सीईओ ने कहा कि भिक्षावृत्ति पर लगाम लगाने भिखारियों की धरपकड़ शुरू की जाए। चौराहों पर सामान बेचने की आड़े में भीख मांगने वालों को पकड़कर उन्हें भिक्षुक गृह भेजा जाए, जिसे शहर में भिक्षावृत्ति को खत्म किया जा सके।

## पुलिस पर गंभीर आरोप, जुलूस में नहीं थी सुरक्षा व्यवस्था, बवाल के बाद तनाव की स्थिति

# विसर्जन के लिए निकले जुलूस पर पथराव प्रतिमा खंडित, हिंदू संगठन ने घेरा थाना


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के आरिफ नगर में सोमवार रात उस समय बवाल हो गया, जब विसर्जन के लिए निकला जुलूस धर्म विशेष के धार्मिक स्थल के सामने से गुजर रहा था। विसर्जन में मौजूद लोगों का कहना है कि जुलूस पर पथराव किया गया है। तीन-चार पत्थर जुलूस पर फेंके गए, जिससे मुख्य प्रतिमा को कोई नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन मुख्य प्रतिमा के पास रखी छोटी प्रतिमा खंडित हो गई। जुलूस पर पथराव और प्रतिमा खंडित होने से से नाराज हिंदू संगठन ने डीआईजी बंगला चौराहा पर धरना दिया हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद में थाने का घेराव कर दिया।

देर रात पुलिस समझाइश देती रही, लेकिन हिंदू संगठन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अड़ा रहा। हिंदू संगठन ने आरोप लगाया है कि जुलूस में पुलिस की तरफ से कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं था। नतीजतन जुलूस में पथराव हुआ और प्रतिमा खंडित हुई है। स्थिति बिगड़ती देख आसपास के थानों से थाना प्रभारी और बल पहुंच गया था। पुलिस बल की मदद से स्थिति पर काबू किया गया। जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब साढ़े 9 बजे पश्चिम निशातपुरा से आरिफ नगर होते हुए जुलूस निकाला जा रहा था। जुलूस में शामिल लोग डीजे में डांस कर रहे थे। आरिफ नगर में धार्मिक स्थल के सामने जुलूस रुका हुआ था और सड़क पर गणेश जी के जयकारे के साथ युवा डांस कर रहे थे, तभी अचानक पथराव हो गया। पथराव होने से जुलूस में डांस कर रहे कुछ युवाओं को पत्थर लगे। साथ ही गणेश जी की प्रतिमा खंडित हो गई।

### मौके पर पुलिस बल तैनात, स्थिति को देखते हुए आलाधिकारी मौके पर पहुंचे

### एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी के अश्वासन के बाद प्रदर्शन किया खत्म



### आरिफ बच्चा पर संदेह, तलाश जारी

जुलूस पर पथराव करने का आरोप निगरानी बदमाश आरिफ बच्चा पर लगाया गया है। पुलिस ने आरिफ बच्चा की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। हालांकि एफआईआर आरिफ बच्चा के खिलाफ की गई या फिर अज्ञात आरोपी पर यह कहने से पुलिस बच रही है।

### हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष ने चेताया



पथराव की जानकारी मिलते ही हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने पथराव की घटना पर कड़ी चेतावनी दी है। उनका कहना है कि आज हमारे जुलूस पर पथराव हुआ है और प्रतिमा खंडित हुई है। इस घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने शासन को चेताते हुए कहा कि क्रिया पर प्रतिक्रिया की गई तो कर्फ्यू जैसे हालात बन जाएंगे। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा है कि जुलूस और प्रतिमा पर पथराव करने वाले आसामाजिक तत्व की जल्द गिरफ्तारी की जाए।

### आलाधिकारियों ने संभाली कमान

पथराव और बवाल की जानकारी मिलते ही आलाधिकारी मौके पर पुलिस बल लेकर पहुंच गए थे। आनाउंसमेंट कर लोगों को समझाइश दी गई। पुलिस का कहना था कि यदि किसी ने पत्थर मारने वाले को देखा है तो वह उसका नाम बताए। हालांकि किसी ने पथराव करने वाले को नहीं देखा था। पुलिस ने हंगामा कर रहे हिंदू संगठन के लोग और विसर्जन में मौजूद लोगों से कहा कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए जा रहे हैं। साथ ही आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही शरारत करने वाले आसामाजिक तत्व पर एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। तब जाकर देर रात हिंदू संगठन का गुस्सा शांत हो सका।

### गणेश विजर्सन के चल समारोह में तनाव

## बुरहानपुर में हनुमान चालीसा पाठ में पथराव से बिगड़े हालात, 7 गिरफ्तार

### एसपी ने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की दी चेतावनी



*बुरहानपुर। जिले के ग्राम बिरोदा में रविवार देर रात गणेश विजर्सन के चल समारोह में हनुमान चालीसा पाठ के दौरान पथराव की घटना के कारण माहौल बिगड़ गया। पथराव के बाद दो पक्ष आमने-सामने आ गए। गली-मोहल्लों में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि पुलिस को तत्काल मौके पर पहुंचना पड़ा। देर रात तक इलाके में भारी पुलिस बल तैनात रहा। हनुमान चालीसा पाठ में सैकड़ों लोग इसमें शामिल थे। इसी बीच कुछ लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। देखते ही देखते पूरा माहौल बिगड़ गया। दोनों तरफ से लोग एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हो गए। इस दौरान कई लोग घायल भी हुए। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी आशुतोष बागरी खुद मौके पर पहुंचे। भारी पुलिस बल ने हालात संभाले और भीड़ को तितर-बितर किया। पुलिस ने अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी डीवीआर जब्त किया गया है, ताकि सच सामने आ सके। एसपी बागरी ने कहा कि घटना की विस्तृत जांच की जा रही है। किसी भी आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। विधायक अर्चना चिटनिस भी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने दोनों पक्षों के लोगों से बातचीत की और शांति बनाए रखने की अपील की। रविवार देर रात तक पुलिस पूरे गांव में फ्लैग मार्च करती रही।*

### तहसीलदार कोर्ट में रख सकेंगे पक्ष

## डायमंड सिटी, प्राइम कोर्टयार्ड के कब्जेधारियों को नोटिस, सुनवाई के बाद होंगे बेदखल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पशुपालन विभाग की 99 एकड़ जमीन पर कब्जे को लेकर किए गए सीमांकन में मछली परिवार द्वारा बेची गई जमीन पर प्राइम कोर्टयार्ड कॉलोनी काटने का खुलासा हुआ है। इसके साथ डायमंड सिटी कॉलोनी में भी बीस से अधिक मकान सरकारी जमीन पर बनाए गए हैं। जिसको लेकर सोमवार को गोविंदपुरा तहसीलदार सौरभ वर्मा के कोर्ट से कब्जेधारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। जिसको लेकर एक साथ इन कब्जेधारियों की सुनवाई की जाएगी।

- सौ से अधिक लोगों को जारी किए नोटिस, एक साथ होगी सुनवाई

कोर्ट से नगर निगम की 50 दुकानें, एसटीपी प्लांट, एचपी पेट्रोल पंप, कस्तूरी कोर्टयार्ड कॉलोनी और कोर्टयार्ड प्राइम का गेट पहुंच मार्ग और पार्क, डायमंड सिटी कॉलोनी का पहुंच मार्ग और बीस मकान, द ग्रीन स्केप मेंशन शादी हाल रिसोर्ट, बीपीएस स्कूल, राजधानी परिसर पहुंच मार्ग, कोकता मुख्य बायपास 400 फीट, फर्शी पत्थर की दुकान, चार एकड़ 30 डेसीमल जमीन पर खेती, शंकराचार्य फार्म का पहुंच मार्ग और एक एकड़ पर फार्म हाउस और पक्का निर्माण करने वाले कब्जेधारियों को नोटिस दिए गए हैं।

### आनंद लेक सिटी कॉलोनी में मछली कनेक्शन, एसडीएम ने शुरू की जांच

*अनंतपुरा कोकता और कान्हासैया स्थित एक अवैध कॉलोनी में मछली कनेक्शन को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसमें कहा गया है कि यह कॉलोनी सरकारी जमीन पर बनी है। इसलिए यह टीएंडसीपी से अप्रूव्ड भी नहीं है। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि आनंद लेक सिटी नामक कॉलोनी के संबंध में शिकायत आई है। इस संबंध में तहसीलदार को जांच सौंपी गई है। शिकायत में अनंतपुरा और कान्हासैया स्थित सरकारी खसरों में अवैध तरीके से कॉलोनी काटना बताया गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

### क्रेशर संचालकों की बैठक में निकला सच

## रायल्टी चुकाने वाले 20 एमएम गिट्टी 18 बिना रायल्टी वाले 15 रुपए में बेच रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में निर्माण के काम आने वाली सबसे ज्यादा 20 एमएम की गिट्टी को अवैध रूप से सप्लाई किया जा रहा है। हालात यह हैं कि करीब पांच सौ से अधिक डंपर रोजाना बिना रायल्टी के शहर में बेचे जा रहे हैं। रायल्टी चोरी करने वाले डंपर संचालकों ने गिट्टी के रेट भी गिरा दिए हैं, जिससे रायल्टी के साथ गिट्टी सप्लाई करने वाले क्रेशर संचालकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। चोरी वाले डंपर संचालक 20 एमएम की गिट्टी 15 रुपए घनफीट में बेच रहे हैं। जबकि रायल्टी वाले क्रेशर संचालक 18 रुपए प्रति घनफीट से कम में नहीं दे पाते। ऐसे में खनिज विभाग को रायल्टी चोरी करने वालों पर सख्ती बरतनी चाहिए। यह खुलासा क्रेशर संचालकों की बैठक में हुआ है।

संचालकों ने बताया कि रायल्टी चोरी करने वाले क्रेशर और डंपर संचालकों को खनिज विभाग के अफसरों से साठगांठ है, जिससे उनके डंपर भी जब्त नहीं किए जाते हैं। क्रेशर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक शिवहरे ने बताया कि भोपाल में गिट्टी चोर रायल्टी देकर काम करने वाले संचालकों का मार्केट खराब कर रहे हैं। यह लोग बिना रायल्टी के गिट्टी निकालकर बाजार में बेच रहे हैं। बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से बिना रायल्टी वाले डंपरों पर कार्रवाई की मांग रखी है।



### नंबर प्लेट पर ऑयल, मिट्टी पोत रहे चालक

संचालकों ने बताया कि गिट्टी चोरी करने वाले माफिया गाड़ियों की नंबर प्लेट को छिपाने के लिए उसमें ऑयल पोत देते हैं। कई गाड़ी के ड्राइवर तो नंबर प्लेट पर मिट्टी लगा देते हैं। जिससे नंबर प्लेट ट्रेस न हो सके। ऐसा करने से खनिज विभाग के कैमरों में डंपर का नंबर नहीं आता। जिससे कार्रवाई भी नहीं का जा सकती है।

## पानी के तेज बहाव के कारण ढाई किमी दूर मिली किशोरी की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्राम खजूरिया रामदास निवासी बाबूलाल साहू (68) पेशे से किसान थे। रविवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे वह गांव के पास की बाह नदी में श्राद्ध तर्पण और पिंडदान करने गए थे। उनके साथ उनकी 12 साल की पोती चिंको साहू थी। वहीं मौजूद प्रत्यक्षदर्शी तुलाराम जाटव ने पुलिस को जानकारी दी कि बाबूलाल और चिंको साहू नदी किनारे खड़े होकर पूजा पाठ कर रहे थे। इसके बाद चिंको पानी में उतरी। बहाव तेज होने के कारण वह बहने लगी। बाबूलाल ने अपनी जान दांव पर लगाकर छलांग लगा दी और वह भी तेज बहाव में बहने लगे। तुलाराम जाटव ने घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। इधर सूचना मिलते ही बैरसिया थाने से पुलिसबल मौके पर पहुंच गया था। पुलिस ने एसडीईआरएफ की टीम को बुलाया। एसडीईआरएफ की टीम ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद बाबूलाल का शव घटनास्थल से करीब पांच सौ मीटर दूर झाड़ियों से बरामद कर लिया गया।

### एमडी के निरीक्षण करने के बाद भी नहीं बढ़ी रफ्तार

## अक्टूबर में मेट्रो शुरू करने की तैयारी लेकिन सीएमआरएस के काम अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अक्टूबर में मेट्रो चलाने की तैयारी के बावजूद प्रायोरिटी कारिडोर सुभाष नगर से एम्स तक के काम अधूरे पड़े हैं। मेट्रो के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य लगातार आठ बार काम का निरीक्षण कर चुके हैं, लेकिन सीएमआरएस के काम अब तक अधूरे पड़े हैं, ऐसे में अक्टूबर माह में इसकी शुरुआत होना मुश्किल नजर आ रहा है। मेट्रो एमडी ने फिर से कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी संबंधी कार्यों और तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने ऐड्मिन बिल्डिंग मे कंट्रोल रूम, डिपो मेन गेट सिक्युरिटी और टाइम ऑफिस, फायर एनओसी, इन्स्पेक्शन-बे लाइन, रिपेयर बे लाइन, विभिन्न सिस्टम रूम, टेस्ट ट्रैक, सहित डिपो रोड़, रैम्प एरिया, अनलोडिंग-बे, बाउन्ड्री वाल, ट्रैनिंग बिल्डिंग, पम्प रूम, डिपो रोड और प्रमुख साइट्स की जानकारी ली।

### अक्टूबर में आएगी सुरक्षा ऑडिट टीम

करीब 7 किलोमीटर लंबे कॉरीडोर पर नियमित मेट्रो चलाने के लिए सीएमआरएस की टीम अक्टूबर माह में आएगी। यह टीम मेट्रो संचालक के लिए सुरक्षा का ऑडिट करेगी, जिसकी हरिझंडी के बाद ही मेट्रो को चलाया जा सकता है। ऐसे में सितंबर माह में अधूरे कामों को पूरा करना पड़ेगा। जिसके लिए एमडी ने 27 जुलाई के बाद सबसे पहले 31 जुलाई, 2 अगस्त, 12 अगस्त, 13 अगस्त, 18 अगस्त, 30 अगस्त, 31 अगस्त और 8 सितंबर को प्रायोरिटी कारिडोर का निरीक्षण किया।



### सूचना देने के लिए वन विभाग ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर एवं दिशा-निर्देश

# समरधा में बाघिन-शावक का मूवमेंट, चौथे दिन कैमरों में कोई हलचल नहीं हुई कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समरधा परिक्षेत्र स्थित एक निजी विश्व विद्यालय में पिछले कई दिनों से बाघिन और उसके शावक की मौजूदगी दर्ज की जा रही थी। लेकिन लगातार चौथे दिन लगे ट्रैप कैमरों में उनकी कोई हलचल कैद नहीं हो सकी। इसके बावजूद वन विभाग ने कैंपस और आसपास के क्षेत्रों में गश्त और निगरानी और कड़ी कर दी है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि संभावना है कि बाघिन और उसका शावक जंगल की ओर लौट गए हों। फिर भी किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने के लिए सतर्कता बरती जा रही है।

### बाघ भ्रमण क्षेत्र घोषित है इलाका



समरधा रेंज के रेंजर शिवपाल पिपरदे ने बताया कि यह इलाका पहले से ही बाघ भ्रमण क्षेत्र घोषित है, इसलिए बाघों का आना-जाना यहां सामान्य बात है। उन्होंने स्थानीय लोगों और विवि परिसर में मौजूद छात्रों-स्टाफ से सतर्क रहने की अपील की। साथ ही कहा कि अफवाहें फैलाने से बचें। विभाग ने बाघ से जुड़ी गतिविधियों की सूचना देने के लिए दो मोबाइल नंबर 9424790553, 6261771124 जारी किए हैं। विभाग ने पर्चे बांटकर स्थानीय लोगों और छात्रों से अपील की है कि बाघ या अन्य वन्य प्राणियों को लेकर भ्रामक खबरें, वीडियो और रील्स सोशल मीडिया पर न फैलाएं। इस तरह की हरकत करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

### कैंपस में दहशत का माहौल

यूनिवर्सिटी कैंपस में दहशत का माहौल उस समय गहरा गया, जब कुछ दिन पहले इसी बाघिन के शावक ने बीटेक के एक छात्र पर हमला कर दिया था। इस घटना के बाद से कैंपस में सुरक्षा और निगरानी बढ़ा दी गई है। वन विभाग का अमला नियमित गश्त कर रहा है और स्टाफ व छात्रों को अलर्ट रहने की हिदायत दी गई है। वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

# कामायनी एक्सप्रेस में सफर कर रही महिला के गले से मंगलसूत्र झपटा

## निशातपुरा आउटर पर बदमाश ने की वारदात धीमी गति से चल रही ट्रेन से कूदकर भागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा आउटर पर धीमी गति से चल रही कामायनी एक्सप्रेस में महिला यात्री से लूट का मामला सामने आया है। घटना तड़के चार बजे के आसपास की है। बदमाश उनसे दस ग्राम का मंगलसूत्र छीनकर भागा है।

जीआरपी भोपाल ने झपटमारी का मामला दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है। जीआरपी के अनुसार रोमा सिंह पति सतीश सिंह (37) ग्राम सुनाही, थाना बरसठी, जिला जौनपुर उत्तरप्रदेश की रहने वाली है। उन्होंने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि वह कामयानी एक्स के



कोच एस-7 में बर्थ नंबर-6 पर मुंबई से जंघई की यात्रा कर रही थी। भोपाल स्टेशन आने से पहले ट्रेन धीमी गति से चल रही थी। इसी बीच कोच में एक अज्ञात बदमाश घुस आया। उसने रोमा सिंह के गले पर झपट्टा मारा और उनका सोने का मंगल सूत्र लेकर चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। झपटे गए मंगलसूत्र की कीमत 95 हजार रुपए बताई जा रही है।

### जीटी एक्सप्रेस में महिला यात्री से साढ़े चार लाख की चोरी

जानकारी के अनुसार श्रीधर अग्रवाल (37) छिंदवाड़ा में रहते हैं। उन्होंने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि परिवार के साथ जीटी एक्सप्रेस में कोच ए-टू के बर्थ नंबर 31, 32 पर दिल्ली से आमला की यात्रा कर कर रहे थे। उनकी पत्नी आरती अग्रवाल ने अपना लेडीज पर्स सर के बगल में रखा था और अपनी बर्थ पर सो रही थी। सुबह 4 बजे उनकी नींद खुली तो सिर के बगल में रखा पर्स नहीं था। पर्स की आसपास तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। पर्स में सैमसंग कंपनी का मोबाइल था, जिसकी कीमत 31 हजार रुपए है। इसके अलावा एक जोड़ सोने की चूड़ी डायमंड लगी हुई थी जिसका वजन तीन तोला था। पर्स में दस हजार रुपए की नगदी भी थी, जो कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया। बदमाश मर्य पर्स के उनसे साढ़े चार लाख रुपए का सामान चुराकर ले गया है।

### अमरकंटक एक्सप्रेस में यात्री की जेबकटी

जानाकारी के अनुसार चंदन रजक पिता ब्रजवासी रजक (36) मनमोहन नगर बड़ा पत्थर रांझी, जबलपुर में रहता है। उसने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि वह भोपाल से जबलपुर जाने के लिए अमरकंटक एक्स के जनरल कोच में टिकट लेकर यात्रा कर रहा था। टिकट खरीदने के बाद वह प्लेटफार्म नंबर-4 पर पहुंचा। ट्रेन खड़ी थी और वह जनरल कोच में बैठ गया। सीट पर बैठने के बाद पर्स पर ध्यान गया तो जेब में रखा पर्स नहीं था। पर्स में साढ़े तीन हजार से चार हजार रुपए की नगदी। दो एटीएम कार्ड एसबीआई एवं यूनियन सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज थे।

# पूर्व सांसद की जमीन का फर्जी मुख्तारनामा तैयार कर दिया फर्जीवाड़े को अंजाम

## ईओडब्ल्यू ने 2 आरोपियों के खिलाफ किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईओडब्ल्यू ने फर्जी मुख्तारनामा बनाकर झारखंड की पूर्व सांसद की जमीन बेचने के मामले में 2 आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। दरअसल एक शिकायत की जांच में ईओडब्ल्यू ने पाया कि ग्राम बरखेड़ी कलां तहसील हुजूर में 0.33 एकड़ भूमि की मालिक राज्यसभा की पूर्व सांसद मेवल रेबोलो हैं, जो वर्तमान में गोवा में रहती है। साथ ही जांच में यह भी पाया गया कि आरोपी राहुल शर्मा ने मेवल रैबेलो के नाम से एक फर्जी मुख्तारनामा तैयार कराया। इसी आधार पर जमीन का नामांतरण भी करा लिया।

मुख्तारनामा में उल्लखित पंजीयन क्रमांक की जांच में पाया गया कि उसी क्रमांक पर वास्तव में सुरैया हसन और मोहम्मद ताहिर के बीच किया गया अन्य मुख्तारनामा दर्ज था। विक्रेता के तौर पर राहुल शर्मा और खरीददार के तौर पर नीरज पटेल का नाम दर्ज किया गया। पंजीयन विभाग से प्राप्त दस्तावेजों से सिद्ध हुआ कि आरोपी द्वारा प्रस्तुत मुख्तारनामा पूरी तरह फर्जी है। राहुल और नीरज ने मिलकर इस फर्जीवाड़े को अंजाम दिया। 12 दिसंबर 2024 को राहुल ने एक विक्रय पत्र तैयार करवाया और जमीन को आरोपी नीरज पटेल को बेंच दिया। कागजों में 71 लाख 72 हजार का भुगतान दिखाया गया, जबकि वास्तविक रूप से 8 लाख 22 हजार का ही भुगतना हुआ। जांच के बाद ईओडब्ल्यू भोपाल ने दोनो आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 318, 336, 338, 340 की सहपठित धारा 61 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर ली।

## खबर संक्षेप



### बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**औबेदुल्लागंज।** ग्राम दीवाटिया एवं उसके आसपास के ग्रामों में बीते कई दिनों से बिजली केबल खराब होने के कारण बिजली की समस्या से ग्रामीण क्षेत्रवासी परेशान हैं। सोमवार को ग्रामीण विद्युत विभाग के मुख्य अधिकारी से मिले और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान परेश नागर, अखिलेश नागर, कृष्णकांत नागर, संदीप नागर, अमित नागर, प्रियांशु नागर, निखिल नागर, नावेद खान, अनिल नागर एवं अन्य युवा साथी मौजूद रहे।

### जिला महामंत्री कौन? राजनीति गर्म

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर क्षेत्र सहित भाजपा के 6 मंडलों में जिला महामंत्री कौन बनेगा इसको लेकर भाजपा में राजनीति गर्म हो गई है। 50 वरिष्ठ नेता, पूर्व मंडल अध्यक्ष, 200 भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि 5 साल से जो महामंत्री है उसको बदलो, क्योंकि वर्तमान महामंत्री 4 साल मंडल अध्यक्ष भी रहे हैं। वर्तमान महामंत्री पार्षद का चुनाव लड़ने से घबराते हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है वार्ड 13 से महामंत्री को चुनाव लड़ाया जाए।

### स्व. गोठारी की जयंती पर किया सुंदरकांड का पाठ

**औबेदुल्लागंज।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा के करीबी स्व. विजय कोठारी की जयंती पर सुंदरकांड का पाठ किया गया। स्वर्गीय कोठारी को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने फोन पर उनके बेटे पंकज कोठारी से बात कर उन्हें याद किया और श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विधायक पटवा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, सुलेखा चौहान, अशोक मित्तल, पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया, नरेंद्र शर्मा, जीतू नंदवंशी, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, किरण संघ अध्यक्ष विक्रम धाड़ी, सुधीर कमल, माखन सेन, सुरजीत सिंह बिल्ले, सचिव प्रदीप अरोरा, आशीष दीक्षित आदि मौजूद थे।

### मकान हड़पने के दोषी को 7 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** फरियादी के नाना की वृद्धावस्था और अस्वस्थता का लाभ उठाकर उनके फर्जी और कुटरचित हस्ताक्षर कर फर्जी विक्रय तैयार कर मकान को हड़पने की साजिश करने वाले आरोपी विनय ठाकुर को अपर सत्र न्यायाधीश अजय पेंदाम ने दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास और 4000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन के अनुसार फरियादी डॉ. गौरव बाटनी द्वारा 2 दिसंबर 2001 को थाना पिपलानी में एक शिकायती आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया था।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 5038 | | |
| दिन: | 128 | 14 | 770 |
| रात: | 550 | 01 | 489 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 146 | 13 | 490 |
| रात: | 479 | 09 | 360 |

## वीआईपी रोड पर सेल्फी पाइंट के पास सोमवार सुबह हुआ हादसा

# तेज रफ्तार कार कंटेनर में पीछे से घुसी, युवक की मौके पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड पर सेल्फी प्वाइंट के सामने तेज रफ्तार कार आगे चल रहे कंटेनर से टकरा गई। हादसे में कार चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सोमवार सुबह करीब 5 बजे के आसपास हुआ। हादसे के समय युवक लालघाटी से कोलार अपने घर जा रहा था। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि ड्राइवर ने कंटेनर की रफ्तार एकाएक कम कर दी। तभी तेज रफ्तार कार कंटेनर में जा घुसी। हादसे के बाद कंटेनर का चालक कंटेनर छोड़कर फरार हो गया। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से काफी मशक्कत के बाद युवक का शव कार से बाहर निकालकर पीएम के लिए भेज दिया।

पुलिस के अनुसार दानिश कुंज



शांतनु अग्निहोत्री, मृतक

कोलार निवासी 29 साल का शांतनु अग्निहोत्री ने इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, न्यूजीलैंड से ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की थी। एक साल पहले ही वह भोपाल शिफ्ट हुआ था। रविवार रात दोस्तों से मिलने एयरपोर्ट रोड गया था। दोस्तों से मिलकर सोमवार सुबह पांच बजे वह अपनी कीआ कार से वीआईपी रोड होते हुए घर लौट रहा था। वीआईपी रोड के सेल्फी पाइंट के पास पहुंचा ही था कि आगे चल रहे कंटेनर से उसकी कार टकरा गई। परिजन ने बताया कि शांतनु भारत में रहकर गार्डनिंग से जुड़ा बिजनेस शुरू करना चाहता था। वह पिछले साल सितंबर में ही न्यूजीलैंड से लौटकर भोपाल आया था। भोपाल में ही परिवार के साथ रहने का फैसला किया था। युवक के पिता संजीव अग्निहोत्री मंडी बोर्ड में प्रोग्रामर हैं।

### कार में अकेला ही था शांतनू

टीआई केजी शुक्ला ने बताया कि प्रारंभिक जांच में लग रहा कि कंटेनर चालक ने अचानक रफ्तार कम की होगी, या कार चालक ने ओवरटेक किया होगा, जिससे दुर्घटना घटी। उन्होंने बताया कि घटना के समय कार में शांतुन अकेला ही था। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। डेशबोर्ड और सीट के बीच शांतुन फंस गया था। राहगीरों ने 108 की मदद से उसे हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

### ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित बायपास पर आठमन होटल के सामने रविवार देर रात बाइक सवार युवक को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां से परिजन हमीदिया अस्पताल ले गए। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर टक्कर मारने वाले ट्रक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सौदान सिंह पिता राम सिंह (48) गांव खनपुरा रायसेन का रहने वाला था और प्राइवेट काम करता था। वह शराब पीने का आदी था। रविवार रात शराब के नशे में वह बाइक लेकर भोपाल दामाद के घर आने के लिए निकला था। रायसेन से भोपाल पहुंचने के बाद वह रात करीब 11 बजे आठमन होटल के पास पहुंचा था, तभी अज्ञात ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह बाइक सहित सड़क पर गिर गया। एंबुलेंस उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंची। गंभीर चोट होने के कारण सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई।

## छोटा भाई लेकर पहुंचा था निजी अस्पताल, देर रात हुई मौत

# कलारी के पास खाया जहर, भाई से कहा-खा ली दो गोलियां, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित गांव तूमड़ा में कलारी के पास एक युवक ने सल्फास की दो गोलियां खा ली। गोलियां खाने के बाद उसने अपने छोटे भाई को कॉल कर बताया था। भाई मौके पर पहुंचा और उसे लेकर निजी अस्पताल गया। वहां इलाज के दौरान रात ढाई बजे उसकी मौत हो गई। मरने से पूर्व उसके बयान नहीं हो सके है। साथ ही परिजन से प्राथमिक पूछताछ में भी आत्महत्या की वजह का पता नहीं चला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार संदीप विश्वकर्मा पिता प्रहलाद विश्वकर्मा (25) ग्राम आमरोद, पोस्ट खामलिया, थाना दौराहा, जिला सीहोर का था। वह खेती किसानी करता था और साथ ही मजदूरी भी करता था। उसके छोटे भाई सुधीर विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि संदीप शराब पीने का आदी था और सनकी किश्म का था। रविवार रात वह अपने घर बाइक लेकर निकला था। रात करीब साढ़े 8 बजे उसने तूमड़ा जोड़ के पास कलारी से लेकर शराब पी और कॉल कर बताया कि मैंने सल्फास की दो गोलियां खा ली है। सुधीर मौके पर पहुंचा तो संदीप उल्टियां कर रहा था। वह उसे लेकर निजी अस्पताल ले गया, वहां रात करीब ढाई बजे संदीप की मौत हो गई।

# अर्टिगा कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित बिड़ला मंदिर के पास तेज रफ्तार कार ने आर-15 बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी थी। हादसा गत 27 अगस्त की सुबह हुआ था। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि गंभीर रूप से घायल उसके साथी का हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान रविवार-सोमवार की दरमियानी रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

**आर-15 बाइक को मारी थी टक्कर, बाइक चला रहे युवक की हो गई थी मौके पर मौत**

पुलिस के अनुसार चंद्रप्रकाश तिवारी पिता नरेंद्र तिवारी (25) मूलतः रीवा का रहने वाला था। वह रातीबड़ के एक होटल में अपने दोस्त विपिन तिवारी के साथ काम करता था। चंद्रप्रकाश और विपिन यहां भीम नगर झुग्गी में किराए से रह रहे थे। 27 अगस्त की सुबह वह चंद्रप्रकाश और विपिन नाश्ता करने के लिए पंचानन बिल्डिंग की तरफ गए थे। वहां से वह घर लौट रहे थे। इस दौरान बिड़ला मंदिर के सामने तेज रफ्तार अर्टिका कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के समय बाइक विपिन चल रहा था और उछलकर वह कार के कांच पर गिरा था। सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि चंद्रप्रकाश को गंभीर चोट होने के कारण हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया था। हमीदिया में इलाज के दौरान रविवार-सोमवार की दरमियानी रात उसकी मौत हो गई। हादसे के समय कार सवार परिवार के साथ उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए जा रहा था, तभी हादसा हो गया।

## मानस कल्याण समिति के रिकॉर्डों की जांच कर चुनाव की मांग

**औबेदुल्लागंज।** मानस कल्याण समिति के रिकॉर्डों की जांच कर चुनाव के लिए पत्रकार वार्ता की। बैठक में श्री राम श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक, कमल नरेश मालवीय, जीतू नेमा ने पत्रकारों को जानकारी दी। नगर के वरिष्ठ नेता अशोक मित्तल, रमेश गौर, प्रेम नारायण सोनी आदि ने विधायक पटवा, कलेक्टर, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव को ज्ञापन देकर मांग की है कि मानस कल्याण समिति का 2003 से 2025 तक के रिकॉर्ड जांच की मांग की है। जांच के समय रिसीवर नियुक्त हों, महिलाएं आशाबाई, अंगूरी देवी, चंद्रा देवी, कलाबाई एवं पूनम आदि ने एसडीएम और विधायक श्री पटवा से कहा कि 23 साल से मानस कल्याण समिति की जांच क्यों नहीं हो रही? हमारे वरिष्ठ ने अशोक मित्तल ने 76 लाख 2002 में बजट छोड़ा था, फिर 23 साल से फीस आदि के रिकॉर्ड की जांच होनी चाहिए। मानस कल्याण समिति के रिकॉर्ड की जांच कराने में आनाकानी क्यों हो रही, जबकि 2016 में स्वर्गीय जेके मित्तल संस्थापक सदस्य ने चुनाव कराने की और जांच कराने की प्रक्रिया की थी, फिर 3 साल से कई आजीवन सदस्य, स्थाई सदस्यों ने ज्ञापन देकर जांच कराने की मांग की है।





## ऑल्टो कार में शराब की तस्करी, 14 पेटी देशी शराब जब्त

**भोपाल।** बैरसिया पुलिस ने ऑल्टो कार में शराब की तस्करी करने वाले शराब तस्कर से 14 पेटी देशी शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत 75 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने शराब तस्करी में इस्तेमाल ऑल्टो कार भी जब्त की है। तस्कर से शराब के बारे में पूछताछ की जा रही है।

थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक शराब तस्कर हिरनखेड़ी से होकर तरावलीकलां जाने वाला है। उसके पास कार में बड़ी मात्रा में शराब है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने घेराबंदी करते हुए ऑल्टो कार रोकी। कार की तलाश लेने पर उसमें 14 पेटी देशी शराब मिली। कार में मौजूद तस्कर की पहचान मंगल सिंह उर्फ सोनू ठाकुर पिता उधमसिंह ठाकुर (34) ग्राम पीपलखेड़ा गुनगा के रूप में की गई। पुलिस आरोपी मंगल सिंह से शराब के बारे में पूछताछ कर रही है।

**यूनियन कार्बाइड गैस दुर्घटना मामला**

# सीबीआई ने की अभियुक्तों की सजा बढ़ाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूनियन कार्बाइड कारखाना की 2/3 दिसंबर 1984 की रासायनिक दुर्घटना के मामले में यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड के भारतीय अधिकारियों को 7 जून 2010 को तत्कालीन मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी मोहन पी तिवारी द्वारा सुनाई गई दो वर्ष के सश्रम कारावास और एक-एक लाख रुपये के अर्थदण्ड की सजा को भारतीय अधिकारियों की ओर से माफ किए जाने और सीबीआई तथा गैस पीड़ित संगठनों की ओर से सजा को बढ़ाए जाने को लेकर जिला न्यायालय में प्रस्तुत की गई अपील पर सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव के न्यायालय में सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से अंतिम बहस प्रस्तुत की गई।

सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक ने बहस में दोषी अधिकारियों की ओर से अपील को सुनवाई योग्य नहीं बताते हुए उसे निरस्त कर सजा बढ़ाए जाने की मांग रखी। सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक ने कहा कि दोषी अधिकारियों की ओर से जिन धाराओं को चुनौती दी जा रही है, उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितंबर 1996 के आदेश में बरकरार रखा था। तत्कालीन मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने 29 अगस्त 1997 से इन धाराओं के तहत मामले की सुनवाई शुरू की थी। सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक ने कहा कि दोषी अधिकारियों की ओर से ट्रायल कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान किसी भी अभियुक्त ने आरोप तय किए जाने पर आपत्ति नहीं दर्ज कराई थी। सुनवाई के दौरान अभियुक्त डॉक्टर आरबी राय चौधरी, वारेन एंडरसन, केशव महिंद्रा, विजय प्रभाकर गोखले, केवी शेट्टी और एसवाई कुरैशी की मौत हो गई। अभियुक्त जे.मुकुंद, एसपी चौधरी और किशोर कामदार की ओर से उनके अधिवक्ताओं ने अपना पक्ष पूर्व पेशी तारीखों पर रखा था। अभियुक्तों की ओर से प्रकरण में नए आरोप तय किए जाने को लेकर पेश किए गए आवेदन पर 6 अक्टूबर को सुनवाई होगी। भोपाल में यूनियन कार्बाइड के कारखाने से 2/3 दिसंबर 1984 की दरम्यानी रात गैस मिथाइल आइसोसाइनेट का रिसाव हुआ था, जिसमें करीब 5,479 लोगों की मौत हो गई थी। और पांच लाख से ज्यादा लोग अपंग हो गए।

## विष्णु कुमार के नेत्रों से दुनिया देखेंगे दो लोग



**संतनगर।** संत हिरदाराम नगर, भोपाल निवासी विष्णु कुमार वाधवानी का देहावसान शनिवार को हो गया। दिवंगत विष्णु कुमार के छोटे भाई रमेश कुमार वाधवानी ने अपने बड़े भाई की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं। अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को नेत्र प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2,260 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा परिवार जन के प्रति नेत्र दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है।

## अस्पताल में भर्ती मरीजों की कुशलक्षेम पूछी

# हैदराबाद से फायदा नहीं हुआ तो सेवा सदन में राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने करवाई आंखों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

घुमन्तु, अर्द्धघुमन्तु और पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने सोमवार को संत हिरदाराम नगर स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में भर्ती निर्धन नेत्र रोगियों का कुशलक्षेम पूछा तथा अस्पताल में हुए उनके निःशुल्क ऑपरेशन, चिकित्सा गुणवत्ता, ऑपरेशन पूर्व और बाद की देखभाल और सेवाओं आदि के संबंध में जानकारियां ली।





मरीजों से चर्चा के दौरान उन्हें बताया गया कि यह एक अस्पताल नहीं, बल्कि गरीबों की सेवा और सहायता का प्रमुख केन्द्र है। यहां के कर्मचारी मरीजों की करूणाभाव के साथ देखभाल और सेवा करते हैं। इस अवसर पर सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. प्रेरणा उपाध्याय, ग्लाकोमा विषेषज्ञ डॉ. सपना प्रशांत, निदेशक कुशल धर्मानी और अस्पताल प्रशासक अनुषा तिवारी भी राज्य मंत्री कृष्णा गौर के साथ थे। इस दौरान राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने अपनी आंखों की जांच भी डॉ. सपना प्रशांत से करवाई। उन्होंने बताया कि वे पहले अपनी आंखों के इलाज के लिए हैदराबाद स्थित एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में गई थीं, लेकिन वहां फायदा नहीं हुआ। अंततः किसी स्वजन की सलाह पर उन्होंने सेवा सदन आकर अपना इलाज करवाने का निश्चय किया। अस्पताल ट्रस्ट के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी ने राज्यमंत्री गौर के सेवा सदन आने पर उनका आभार माना और उन्हें एक स्मृति चिन्ह तथा शाल श्रीफल भेंट किया।

**क्षमा मांगना एवं क्षमा करना दोनों का बड़ा महत्व**

# क्षमा वाणी की पूजा-पाठ कर एक दूसरे से क्षमा मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

पर्यूषण पर्व के समापन के बाद सोमवार को औबेदुल्लागंज, तामोट में क्षमा वाणी कार्यक्रम का आयोजन कर एक दूसरे से क्षमा मांगी। क्षमा मांगना और क्षमा करना महान लोगों का काम है। क्षमा मांगने से आदमी महान बनता है एवं क्षमा करने से व्यक्ति को सुख-शांति मिलती है। इसीलिए क्षमा मांगना एवं क्षमा करना दोनों का बड़ा महत्व है।

इस अवसर पर मीना जैन तामोट एवं नीति अनुराग जैन, पंडित लक्ष्मीचंद एलसी जैन ने कहां कि क्षमा आत्मा का स्वभाव है। क्रोध के क्षणों में क्षमा धारण करना ही सच्चा क्षमा धर्म है। तामोट में अरविंद जैन, अरुण



जैन, मनोज जैन, राजेंद्र जैन, अजीत जैन आदि ने घर-घर जाकर क्षमा प्रार्थना की। औबेदुल्लागंज में पवन, रितेश, तरुण जैन, सुनील वर्धमान, विजय केटी, दिनेश, गुड्डन जैन, विनय जैन, नरेश दादा, आकाश जैन, प्रदीप भंडारी, संतोष जैन आदि ने क्षमा वाणी की पूजा पाठ कर महत्व बताया।

### 15 सितंबर को निकलेगी श्रीजी की शोभायात्रा

पर्यूषण पर्व पर दस धर्म की पूजा अर्चना के बाद श्री जी की शोभा यात्रा का जिम्मा जैन युवा मंडल ने लिया। युवाओ ने सभी बड़ों-छोटों से क्षमा माँग कर अपना कार्य प्रारंभ किया। 15 सितंबर को श्री जी की शोभा यात्रा जैन मंदिर से निकली जाएगी। इसके लिए अध्यक्ष सम्यक जैन को नियुक्त किया और सहाध्यक्ष नहिल जैन को बनाया है। युवा मंडल ने कहा की शोभा यात्रा की तैयारियां जारी है।



धार जिले के भैसोला गांव में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का भी करेंगे शुभारंभ

# प्रधानमंत्री मोदी 17 सितंबर को करेंगे पीएम मित्रा पार्क का शिलान्यास

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को मध्यप्रदेश आएंगे। वे धार जिले की बदनावर तहसील के ग्राम भैसोला में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ, सेवा पखवाड़ा तथा यहां देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा से प्रदेश के जनजातीय बहुल मालवा अंचल में किसानों को एक बहुत बड़ी सौगात मिलने जा रही है। धार, झाबुआ, उज्जैन और निवाड़ का खरगोन, बड़वानी सबसे बड़े कपास उत्पादक क्षेत्र हैं। ऐसे में केंद्र सरकार की ओर से मध्यप्रदेश में कॉटन आधारित बड़े इंडसट्रियल पार्क की स्थापना होने जा रही है, यह देशभर में मंजूर 7 पीएम मित्रा पार्क में से पहला पार्क है जिसका भूमि-पूजन होने जा रहा है। डॉ यादव ने कहा कि पीएम मित्रा पार्क से 1 लाख प्रत्यक्ष और 2 लाख से अधिक अप्रत्यक्ष, कुल मिलाकर 3 लाख रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

**मुख्यमंत्री ने बैठक में की प्रधानमंत्री के आगमन और कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा**

## विकास के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा दौराः मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि धार में पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने वाला गौरवशाली क्षण होगा। हम सब प्रदेशवासी मिलकर प्रधानमंत्री मोदी के आत्मीय एवं भव्य स्वागत के लिए तैयारी करें। यह दौरा प्रदेश के विकास के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि मोदी की देश के पहले पीएम मित्रा पार्क के भूमिपूजन अवसर पर मध्यप्रदेश में उपस्थिति हम सबके लिए प्रेरणा और आनंद का अवसर है। उनके मार्गदर्शन में हमारी सरकार पीएम मित्रा पार्क को देश का मॉडल पार्क बनाएंगे। डॉ यादव सोमवार को मंत्रालय में प्रधानमंत्री मोदी के 17 सितंबर को ग्राम भैसोला, बदनावर जिला धार में आगमन सहित वहां आयोजित अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

## कई कार्यक्रमों, अभियानों का करेंगे शुभारंभ

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 17 सितम्बर को 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ 'सुमन सखी' चैटबॉट को लांच करेंगे। पीएम मित्रा पार्क का शिलान्यास करेंगे। जनजातीय स्व-सहायता समूहों से स्वदेशी उत्पादों की खरीद और यूपीआई से भुगतान, सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री 'एक बगिया मां के नाम' अभियान के तहत महिला लाभार्थियों को पौधों का वितरण, एक करोड़ सिकल सेल कार्ड के वितरण सहित स्वदेशी पखवाड़े का शुभारंभ भी करेंगे। कार्यक्रम में लाड़ली बहनें, स्व-सहायता समूह के सदस्य, स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन योजना के हितग्राही सहित टेक्सटाइल एवं गारमेंट क्षेत्र के प्रमुख उद्यमी, युवा उद्यमी, महिला उद्यमी एवं हितग्राही उपस्थित रहेंगे।

## इंदौर एवं उज्जैन में कर लें तैयारी

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अधिकारियों को कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तार से जानकारी देकर कहा कि सभी अधिकारी आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दें। आयोजन स्थल पर कैम्प करें और वहीं से आपसी समन्वय एवं सहयोग से व्यवस्थाओं को अंजाम दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर एवं उज्जैन संभाग के जिले आवश्यक तैयारी कर लें। महिला प्रतिभागियों को आयोजन स्थल तक पहुंचने में कोई कठिनाई न होने पाए। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कार्यक्रम की समन्वित तैयारियों की सिलसिलेवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए 11 विभाग अपनी गतिविधियां प्रारंभ कर चुके हैं। कार्यक्रम स्थल का लेआउट सहित मीडिया प्लान भी तैयार कर लिया गया है। बैठक में कलेक्टर धार ने पीपीटी प्रेजेन्टेशन के जरिए अब तक की तैयारियों की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप



### कैबिनेट की बैठक आज डेढ़ दर्जन प्रस्तावों को मिलेगी मंजूरी

**भोपाल।** मप्र कैबिनेट की बैठक मंगलवार को सुबह 11.15 बजे से मंत्रालय में रखी गई है। इस बैठक में डेढ़ दर्जन से अधिक मुद्दों को मंजूरी मिलने के आसार हैं। राज्य सरकार नगरीय निकायों खासकर नगर पालिका व नगर परिषद में अध्यक्षों के कार्यकाल को लेकर बड़ा फैसला लेने जा रही है। नगर पालिक अधिनियम में संशोधन कर अविश्वास प्रस्ताव की अवधि या तो चार साल करने या फिर अविश्वास प्रस्ताव की अवधि को समाप्त कर खाली कुर्सी या भरी कुर्सी पर कुछ निर्णय लेगी। नगर पालिक अधिनियम में संशोधन को लेकर सोमवार को फिर वरिष्ठ सचिव स्तरीय बैठक हुई थी। इसमें कुछ निर्णय हुआ था। इसके बाद यह तय हुआ कि प्रस्ताव लाकर अध्यादेश जारी किया जाए। किंतु बाद में सूत्रों ने बताया कि समिति इससे सहमत नहीं है। मंगलवार को सुबह एक बार फिर से वरिष्ठ सचिव स्तरीय बैठक होगी। इसमें निर्णय के बाद प्रस्ताव कैबिनेट के एक्स एजेंडे में रखा जाएगा। इसी तरह अन्य मुद्दों को भी मंजूरी मिलने की संभावना है।

### भिंड में खाद लेने पहुंचे किसानों पर पुलिस का लाठीचार्ज, 4 घायल



**भोपाल।** भिंड जिले के लहार में सोमवार को सहकारी समिति से खाद लेने पहुंचे किसानों पर पुलिस ने लाठियां बरसाई। घटनाक्रम में 4 किसान घायल हो गए। इसके बाद लाठीचार्ज से नाराज किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर लहार विधायक अंबरीश शर्मा भी मौके पर पहुंचे और मामले को लेकर पुलिस अफसरों पर नाराजगी व्यक्त की। इधर, भिंड एसपी असित यादव ने इस मामले में लहार थाना टीआई रवींद्र शर्मा और एक पुलिसकर्मी रामराज सिंह गुर्जर को लाइन अटैच कर दिया है।

पूरा मामला यह है कि लहार की वृहत्ताकार समिति पर सुबह 5 बजे से किसान खाद लेने पहुंच गए थे। दोपहर 2 बजे तक व्यवस्था बिगड़ गई। कर्मचारी वितरण संभालने में नाकाम रहे। भीड़ बढ़ने पर समिति प्रबंधन ने पुलिस को बुलाया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने किसानों को जमीन पर बैठने को कहा। किसानों ने इसका विरोध किया तो लहार थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक रामराज सिंह गुर्जर ने लाठीचार्ज कर दिया, जिससे स्थिति बिगड़ गई। घटनाक्रम को लेकर विधायक अंबरीश शर्मा को किसानों ने फोन किया। विधायक ने तुरंत जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से बात कर आरोपी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि खाद लेने आए किसानों को पीटना अन्नदाता का अपमान है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

समाधान ऑनलाइन में नागरिक सेवाओं में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई

# बालाघाट के डीएफओ को कारण बताओ नोटिस, सिविल सर्जन व वर्तमान सीएमएचओ देवास की रोकी वेतनवृद्धि

▶ मुख्यमंत्री ने समाधान ऑनलाइन में की 12 जिलों के आवेदकों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के हर नागरिक और जरूरतमंद को सुशासन का सीधा लाभ मिले, यही सरकार का मूल लक्ष्य है। इसलिए प्रदेश के हर नागरिक को सुशासन का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। हरसंभव तरीके से अपनी दक्षता और क्षमता बढ़ायें। जिले में लंबित प्रकरणों पर पैनी नजर रखें।

योजनाओं का समय-सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित हों, इसके लिए बेहतर से बेहतर प्रबंधन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंत्रालय से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधान ऑनलाईन में आए प्रदेश के 12 जिलों के विभिन्न श्रेणी के प्रकरणों की सीधी सुनवाई की और आवेदकों से रू-ब-रू बात कर उनके मामले के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने नागरिक सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

## बांस कटाई की मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत की थी



बालाघाट जिले के आवेदक झुन्ना लाल पनकू ने वन विभाग की ओर से उसे बांस कटाई की मजदूरी की राशि पांच साल से न दिए जाने की शिकायत की गई थी। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पांच साल बहुत लंबा अरसा होता है, दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस पर अपर मुख्य सचिव सचिव वन अशोक बर्णवाल ने बताया कि आवेदक को उसकी मजदूरी की राशि दे दी गई है। देरी के लिए जिम्मेदार संबंधित वन मंडलाधिकारी को कारण बताओ नोटिस देकर अन्य पर भी कार्रवाई की गई है।

## 4 पटवारियों पर निलंबन की कार्रवाई

भिण्ड जिले के आवेदक रामरतन ने उसकी खसरा ऑनलाईन अपडेट नहीं किए जाने की शिकायत की थी। जानकारी के अनुसार बताया गया कि इस मामले में देरी के लिए जिम्मेदार तत्समय से अब तक के 4 पटवारियों को निलंबित कर दिया गया है। तत्समय से अब तक के 4 तहसीलदारों के विरूद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव भेजा गया है। पन्ना जिले के आवेदक अनिल लाटोलिया ने उसे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की राशि नहीं मिलने की शिकायत की थी।

### देरी के लिए संबंधित उपायुक्त पर भी हो कार्रवाई

टीकमगढ़ में एक महिला के साथ दुराचार हुआ था। अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत उसे एक लाख की राहत राशि तो दे दी गई है, परंतु शेष तीन लाख रूपए राहत राशि के लिए उसे परेशान होना पड़ा। अब उसे यह राशि मिल गई है। प्रमुख सचिव अनुसूचित जाति कल्याण ने बताया कि संबंधित दोषी अफसर को निलंबित कर दिया है।

## जेई की रोकी 2 वेतनवृद्धि

दमोह के आवेदक करण सिंह लोधी की पत्नी श्रीमती सुमन्तरा लोधी ने बिजली बिल में गड़बड़ की शिकायत की थी। उसने कहा कि उसका बिल 9 हजार 976 रुपए आया था, जबकि वास्तविक बिल 214 रुपए था। इस पर अपर मुख्य सचिव ऊर्जा ने बताया कि मीटर रीडर ने रीडिंग लेने में त्रुटि की गई थी। इसलिए उसकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। संबंधित जूनियर इंजीनियर की दो वेतनवृद्धि रोक दी गई हैं। संबंधित परिक्षेत्र के अधीक्षण अभियंता पर भी कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने


### आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं तत्कालीन लेखापाल की सेवाएं समाप्त

देवास जिले की आवेदिका प्रियंका पत्नी हिमांशु दीक्षित ने कहा कि उसे प्रसूति सहायता के 12 हजार रुपए नहीं मिले, तो उसने सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की थी। अब उसे राशि मिल गई है। कलेक्टर देवास ने जानकारी दी कि प्रसूति सहायता की राशि आवेदिका को उपलब्ध करा दी गई है। इस मामले में विलम्ब के लिए जिम्मेदार आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटर और तत्कालीन संविदा लेखापाल की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं और बहुउद्देशीय कार्यकर्ता को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही जिला चिकित्सालय के सहायक अस्पताल प्रबंधक की दो वेतनवृद्धियां रोकी गई हैं। वर्तमान संविदा लेखापाल को शोकॉज नोटिस जारी कर 10 दिन का वेतन काटा गया है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक को भी शोकॉज नोटिस देकर 7 दिन का वेतन काटा गया है। तत्कालीन सिविल सर्जन-सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक एवं वर्तमान सीएमएचओ देवास की एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोक दी गई है।

अनुग्रह सहायता मामलों में लाभान्वित होंगे हितग्राही

# मुख्यमंत्री आज श्रमिक परिवारों के खातों में अंतरित करेंगे 175 करोड़ रुपए की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 सितम्बर को मंत्रालय भोपाल में संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता के 7953 प्रकरणों में 175 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से हितग्राहियों के खातों में अंतरित करेंगे। संबल योजना के तहत प्रारंभ से अब तक 7 लाख 60 हजार 866 प्रकरणों में 7046 करोड़ रुपए से अधिक के हितलाभ वितरित किए जा चुके है। संबल योजना, प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। अनुग्रह सहायता के तहत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपए एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रुपए प्रदान किए जाते हैं। इसी प्रकार स्थाई अपंगता पर 2 लाख रुपए एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रुपए और अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रुपए प्रदान किए जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रुपए, श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा का संपूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार की ओर से वहन किया जाता है।

## गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स का पंजीयन

भारत सरकार के नीति आयोग की पहल पर प्रदेश के गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबंल योजना में सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन प्रारम्भ किया गया है। इन्हें भी संबल योजना के सभी लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। संबल हितग्राहियों को खाद्यान्न पात्रता पर्ची भी प्राप्त होती है, जिससे वे केन्द्र तथा राज्य सरकार की ओर से रियायती दरों पर राशन प्राप्त कर रहे हैं। राज्य सरकार ने प्रदेश के लाखों निर्माण श्रमिकों के लिए निर्माण मंडल के माध्यम से कई योजनाएं भी संचालित की जाती हैं। इनमें निर्माण श्रमिकों की मृत्यु होने पर अनुग्रह सहायता तथा स्थायी एवं आंशिक अपंगता पर सहायता भी सम्मिलित है। सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामय योजना के तहत पात्र श्रेणी में चिन्हित किया गया है। अब वे भी 5 लाख रुपए वार्षिक निःशुल्क चिकित्सा प्राप्त कर रहे है। प्रदेश सरकार दकी ओर से प्रारंभ से अब तक 1 करोड़ 77 लाख से अधिक श्रमिकों का संबल योजना के तहत पंजीयन किया गया है, पंजीयन प्रक्रिया निरंतर जारी है।

## ननि उज्जैन के दो सेवानिवृत्त इंजीनियरों की वार्षिक पेंशन वृद्धि की गई निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में अनुशासनहीनता और अनियमितताओं के मामलों में आयुक्त संकेत भोंडवे ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में वर्ष 2022 में उज्जैन नगर पालिक निगम में भवन निर्माण अनुज्ञा जारी करने के एक मामले में अनियमितताएं सामने आने पर कार्रवाई की गई है।

प्राप्त शिकायतों और जांच के आधार पर यह पाया गया कि तत्कालीन अधीक्षण यंत्री जीके कठिल एवं तत्कालीन कार्यपालन यंत्री एलडी दोराया ने गंभीर अनियमितताएं की गई थीं। जांच रिपोर्ट में दोष सिद्ध होने के बाद दोनों अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। दोषी पाए गए दोनों अधिकारी वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुके हैं। मप्र राज्य नगरीय यांत्रिकी सेवा नियमों के अंतर्गत उनकी वार्षिक वेतनवृद्धि (पेंशन वृद्धि) को निरस्त कर दिया गया है। आयुक्त भोंडवे ने स्पष्ट किया है कि विभाग को प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है। जांच में जो भी अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाए जाते हैं, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि शासन-प्रशासन की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

सरकार को 10 सूत्रीय प्रमुख मांगों के संबंध में दिया ज्ञापन

# क्षत्रिय करणी सेना ने उठाई किसान, युवाओं और धर्म-संस्कृति की रक्षा की पुरजोर मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्षत्रिय करणी सेना ने सोमवार को एक बैठक का आयोजन किया। इस दौरान 10 सूत्रीय प्रमुख मांगों को लेकर प्रस्ताव तैयार किया गया। इसमें समाज के सम्मान, युवाओं के भविष्य, किसानों की समस्याओं, धर्म-संस्कृति की रक्षा तथा देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे वीर जवानों के हित में अब ठोस कदम उठाना अत्यंत आवश्यक को लेकर चिंतन करते हुए। इन मांगों के संबंध में सरकार को ज्ञापन दिया गया। क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत, मप्र अध्यक्ष इंदल सिंह राणा और उपाध्यक्ष आशु सिंह ने कहा कि सरकार के समक्ष 10 सूत्रीय प्रमुख मांगों को रखा गया। इसमें समाज के सम्मान, युवाओं के भविष्य, किसानों की समस्याओं, धर्म-संस्कृति की रक्षा तथा देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे वीर जवानों के हित में अब ठोस कदम उठाने की बात कहीं गई। इसी उद्देश्य को लेकर समस्त क्षत्रिय समाज द्वारा आगामी दिनों में भोपाल में 'क्षत्रिय क्रांति महासम्मेलन' का आयोजन करने जा रहा है। जिसमें देशभर के क्षत्रिय संगठनों एवं समाज के प्रबुद्धजनों शामिल होंगे। डॉ. शेखावत ने कहा कि यह सम्मेलन केवल समाज की बात नहीं करेगा, बल्कि देश और धर्म की रक्षा की दिशा में ठोस रणनीति तय करेगा।

### हरदा प्रकरण में दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग

इस दौरान संगठन द्वारा हरदा प्रकरण में दोषी पुलिसकर्मियों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई तो वहीं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (एहर) आरक्षण को 10% से बढ़ाकर 20% किया जाए तथा प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को सरल और ऑनलाइन किया जाए।

इलेक्ट्रिक वाहन संवर्धन बोर्ड का होगा गठन

# इलेक्ट्रिक वाहन नीति बनाने वाला देश का पहला राज्य बना मध्यप्रदेश

▶ प्रदेश में ईवी मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने की क्षमता

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सीएम ने कहा है कि इलेक्ट्रिक वाहन नीति बनाने वाला मप्र देश का पहला राज्य है। देश के इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण लक्ष्यों को हासिल करना मध्यप्रदेश की प्राथमिकता है। उन्होंने विश्व ईवी दिवस पर लोगों से कार्बन उत्सर्जन कम करने और स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया है। इलेक्ट्रिक वाहन जनसहयोग से कार्बन उत्सर्जन को कम करने में तेजी लाने के लिए सबसे प्रभावी समाधान है। डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में जल्दी ही इलेक्ट्रिक वाहन संवर्धन बोर्ड का गठन किया जाएगा।

### ईवी और ईवी संबंधित पाठयक्रम होंगे शुरू

प्रदेश में ईवी उदयोग के लिए आवश्यक कौशल के साथ कार्यबल तैयार करने के लिए नीति में इंजीनयिरिंग कालेजों और आईटीआई में ईवी और ईवी संबंधित पाठयक्रम भी शुरू किए जाएंगे। इसके अलावा भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन को ईवी मॉडल सिटी के रूप में स्थापित किया जाएगा। मध्यप्रदेश का लक्ष्य है कि 2070 तक भारत को अपने शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग करे। प्रदेश में वायु गुणवत्ता के सुधार एवं पेट्रोल, डीजल वाहनों पर निर्भरता को कम करने तथा इलेक्ट्रिक चार्जिंग अधोसंरचना के निर्माण के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति-2025 का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

गोशालाओं के प्रबंधन में धार्मिक संस्थाओं और दानदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ें

# गो-शालाओं को स्वावलंबी बनाना जरूरी, प्रदेश में देसी नस्ल के गोपालन को किया जाए प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आत्मनिर्भर गौशाला, प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। गो-शालाएं गोबर, गौमूत्र आदि अपशिष्ट से धन अर्जित कर संपन्न बन सकती हैं। स्वावलंबी गोशालाएं विकसित करने के लिए दुग्ध उत्पादों सहित गोमूत्र-गोबर आदि से निर्मित सामग्री के विक्रय की व्यवस्था विकसित की जाए। साथ ही गोशालाओं में उपलब्ध स्थान का उपयोग सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन के लिए भी किया जाए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मध्यप्रदेश गोसंवर्धन बोर्ड की मंत्रालय में सोमवार को हुई बैठक में दिए। पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न अंचलों में स्थानीय परिवेश के अनुरूप देसी नस्ल के गोपालन को प्रोत्साहित किया जाए। गोशालाओं के प्रबंधन में धार्मिक संस्थाओं और दानदाताओं को जोड़े। प्रदेश में उपलब्ध पशुधन के अनुपात में पशु चिकित्सकों की संख्या कम है। गोवंश के बेहतर प्रबंधन और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए पशु चिकित्सकों की संख्या में बढ़ोतरी आवश्यक है। इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएं।

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मध्यप्रदेश गोसंवर्धन बोर्ड की बैठक**



## देसी नस्ल के गोपालन को प्रोत्साहित किया जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुसार प्रदेश में देसी नस्ल के गोपालन को प्रोत्साहित करने के लिए गिर, साहीवाल, मालवी और नागौरी नस्ल के पशुधन को प्रोत्साहित किया जाए। प्रदेश के जनजातीय अंचलों में भी गौपालन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए आवश्यक नवाचार किए जाएं। प्रदेश में पशुपालन-कृषि-उद्यानिकी तथा नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में समन्वित रूप से कार्य करने से किसानों की आय में भी वृद्धि होगी और दुग्ध उत्पादन की दिशा में भी प्रदेश, देश के शीर्षस्थ राज्यों में शामिल हो सकेगा।

## खातों में राज्य स्तर से सीधे राशि की जा रही अंतरित

बैठक में जानकारी दी गई कि गौसंवर्धन बोर्ड द्वारा गोशाला समितियों के बैंक खातों में राज्य स्तर से सीधे राशि अंतरित की जा रही है। बोर्ड द्वारा 937 नवीन गोशालाओं की स्थापना उपरांत पंजीयन किया गया है, जिसमें एक लाख 10 हजार गोवंश को आश्रय प्राप्त है। वर्ष 2024-25 में विदिशा, देवास, आगर-मालवा, ग्वालियर, दमोह, सतना तथा रीवा में बायोगैस सह जैविक खाद निर्माण संयंत्र स्थापित किए गए। नगर निगम ग्वालियर, इंदौर तथा उज्जैन ने वृहद गौशालाओं का संचालन आरंभ किया गया है। भोपाल और जबलपुर में गोशालाओं की स्थापना का कार्य जारी है। बैठक में स्वावलंबी गौशालाओं की स्थापना की नीति की प्रगति पर भी समीक्षा हुई।

## पश्चिम मप्र का नागदा शहर पूर्णतः स्मार्ट मीटरीकृत घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीन उज्जैन जिले का नागदा शहर 26 हजार स्मार्ट मीटर स्थापना के बाद पूर्णतः स्मार्ट मीटरीकृत शहर बन गया है। कंपनी के तहत महू, खरगोन, झाबुआ, थांदला पूर्व में पूर्णतः स्मार्ट मीटर वाले शहर घोषित हो चुके हैं। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि के लिए पश्चिम क्षेत्र कंपनी प्रबंधन और कार्मिकों को बधाई दी हैं। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि नागदा शहर में स्मार्ट मीटरीकरण का कार्य मात्र आठ माह में पूर्ण कर लिया गया है। सभी 26 हजार उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लग चुके हैं।

## पेज एक का शेष....

### नेपाल में सोशल मीडिया बैन...

परिसर में घुस गए, इसके बाद पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठियां चलानी पड़ी, आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियों का सहारा लेना पड़ा। सराकर ने भुटवल, भैरवाह और पोखरा समेत कई शहरों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। वहीं नेपाल में चल रहे इस विरोध प्रदर्शन को देखते हुए भारतीय सुरक्षाबलों ने सीमा पर निगरानी कड़ी कर दी है। काठमांडू जिला प्रशासन ने संसद भवन के आसपास के क्षेत्रों में अशांति को रोकने के लिए अपराह्न 12:30 बजे से रात 10:00 बजे तक निषेधाज्ञा लागू की। मुख्य जिला अधिकारी छवि लाल रिजाल ने एक नोटिस में कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र में लोगों के आवागमन, प्रदर्शन, बैठक, सभा या धरना-प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी। नेपाल पीएम केपी ओली शर्मा से इस्तीफे की मांग तेज हो गई है।

**नेपाल के गृहमंत्री ने दिया इस्तीफा:** नेपाल के गृहमंत्री रमेश लेखक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने नैतिकता का हवाला और प्रदर्शनकारियों के हिंसक दमन का हवाला देते हुए अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री को सौंपा है। इसे प्रदर्शनकारियों की बड़ी जीत मानी जा रही है। उन्होंने 15 जुलाई 2024 को नेपाल के गृहमंत्री के तौर पर कार्यभार संभाला था। गृहमंत्री बनने से पहले वे नेपाली कांग्रेस के मुख्य सचेतक भी रह चुके हैं।

**नेपाली पीएम का ऐलान- सोशल मीडिया पर बैन जारी रहेगा:** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगी रोक हटाने से साफ इनकार कर दिया। कैबिनेट बैठक में सोमवार को उन्होंने कहा कि सरकार का फैसला सही है और सभी मंत्रियों को इसे सार्वजनिक रूप से समर्थन देना चाहिए। इससे कैबिनेट में तनाव बढ़ गया। सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल नेपाली कांग्रेस के मंत्रियों ने बैन हटाने की मांग की। जवाब में ओली ने कहा कि सरकार 'जेन जी के उपद्रवियों' के आगे नहीं झुकेगी। ओली के बयान के बाद कांग्रेस के मंत्रियों ने विरोध में बैठक से वॉकआउट कर दिया।

### फेसबुक, वॉट्सएप...

करने पर चार सितंबर को फेसबुक, वॉट्सएप और एक्स सहित 26 सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार ने अपना रुख स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध उन्हें विनियमित करने के लिए लगाया गया है, लेकिन आम जनता में धारणा यह है कि इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला होगा और सेंसरशिप की नौबत आ सकती है।

### 'हामी नेपाल' के ...

अनुसार हामी नेपाल ने इस रैली का आयोजन किया था। इसके लिए पूर्व अनुमति ली गई थी।

### ठीक 50 दिन...

है। इस बीच, केसीआर की पार्टी बीआरएस और ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक की पार्टी बीजेडी उपराष्ट्रपति चुनाव में किसी भी गठबंधन का समर्थन नहीं करेगी। राज्यसभा में बीआरएस के 4 और बीजेडी के 7 सदस्य हैं। दिल्ली के संसद भवन के सेंट्रल हॉल में सोमवार को विपक्षी दलों ने उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले बैठक और मॉक पोल सेशन किया। इसमें इंडिया ब्लाक के बड़े नेता सोनिया गांधी, अखिलेश यादव, मल्लिकार्जुन खरगे, तेजस्वी यादव समेत तमाम विपक्षी सांसद मौजूद रहे।

### तिवारी ने कहा- ...

रहा। अब हमें एक मौका दिया जाना चाहिए और मुझे विश्वास है कि हम भारी बहुमत से जीतेंगे क्योंकि सभी दलों के लोग हमारे उम्मीदवार को वोट देंगे।

### दीपक सक्सेना...

के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राम प्रकाश अहिरवार को आयुक्त नगर निगम जबलपुर में पदस्थ किया गया है। वर्तमान में गृह सचिव आशीष भार्गव की नई पदस्थापना फिलहाल नहीं की गई है।

### कांस्टेबल और एएसआई...

बड़ी कार्रवाई की है और दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। यह पार्टी 2 सितंबर को दतिया के एक होटल में आयोजित की गई थी, जहां प्रोफेशनल डांसर को बुलाया गया था। यह कार्यक्रम देर रात तक चला। एएसआई जमीन पर लोटकर डांस करते दिख रहा है। एसपी सूरज वर्मा ने सख्त लहजे में कहा कि पुलिस की छवि खराब करने वाले किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### जांच के लिए भोपाल...

की जांच की थी। जांच के दौरान सामान्य अवस्था में 0.05 लीटर रिसाव दर्ज किया गया था। वर्तमान में 0.06 लीटर ज्यादा पानी का रिसाव हो रहा है, जो कि 0.015 लीटर सामान्य जल रिसाव से ज्यादा है। ज्यादा पानी के रिसाव को बांध की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जा रहा है। दरअसल, इस साल बारिश बहुत ज्यादा हुई है और इससे बरगी बांध इन दिनों पानी से लबालब भरा हुआ है। वर्तमान में 21 गेटों वाला बरगी डैम 422.60 मीटर भरा है। बरगी बांध की पूर्ण जलभराव क्षमता 422.76 मीटर है।
इस संबंध में रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी नगर, जबलपुर बायां मेशनरी बांध संभाग के कार्यपायन यंत्री, राजेश सिंह गोंड ने बताया कि भोपाल से डेम सेफ्टी बोधी एवं केंद्रीय जल आयोग की टीम द्वारा संयुक्त तकनीकी परीक्षण किया गया, जिसमें बांध को पूर्णतः सुरक्षित पाया गया।

### मोनिका शुक्ला को ...

मध्य क्षेत्र, मनोज कुमार सिंह डीआईजी रतलाम रेंज से डीआईजी लोकायुक्त संगठन, निमिष अग्रवाल डीआईजी इंदौर ग्रामीण रेंज से डीआईजी रतलाम रेंज, मनोज कुमार श्रीवास्तव अतिरिक्त पुलिस आयुक्त इंदौर नगरीय पुलिस से डीआईजी पुलिस मुख्यालय भोपाल, डी कल्याण चक्रवर्ती छिंदवाड़ा से डीआईजी पुलिस मुख्यालय भोपाल, पंकज श्रीवास्तव अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नगरीय पुलिस भोपाल से डीआईजी पुलिस मुख्यालय भोपाल, राजेश कुमार सिंह डीआईजी पीटीएस इंदौर से अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नगरीय पुलिस इंदौर, हेमंत चौहान डीआईजी एससीआरबी से डीआईजी रीवा रेंज, विजय कुमार खत्री डीआईजी रेडियो भोपाल से डीआईजी रेंज छतरपुर, विनीत कुमार जैन एसपी अशोक नगर से डीआईजी बालाघाट रेंज, मनोज कुमार सिंह एसपी धार से डीआईजी इंदौर ग्रामीण रेंज, राकेश कुमार सिंह डीआईजी एसआईएसएफ पुलिस मुख्यालय से डीआईजी छिंदवाड़ा रेंज, राजेश सिंह डीआईजी रीवा रेंज से डीआईजी ग्रामीण रेंज भोपाल के तौर पर नवीन पदस्थापना की गई है। वहीं एआईजी विशेष शाखा पीएचक्यू मयंक अवस्थी को एसपी धार और महिला सुरक्षा शाखा के एआईजी राजीव कुमार मिश्रा को एसपी अशोक नगर की कमान सौंपी गई है।

### मप्र को मिले 16...

निशा डामर, राकेश कुशरे, शैली कनश, रोहन सक्सेना, कविता बाटला, सपना अनुराग जैन और आशीष कुमार पाठक को आईएएस अवार्ड किया गया है। इन अधिकारियों के आईएएस में पदोन्नति होने के बाद पदस्थापना के लिए भी जल्दी ही मप्र सरकार आदेश जारी करेगी।

# दिन में धूप, रात में घुलने लगी गुलाबी ठंडक

- पहाड़ों पर बर्फबारी का असर या बारिश के दौर से धूप के बावजूद धीमी गति से बढ़ा रही पारे की चाल
- शहर में लगातार तीसरे दिन रात के तापमान में गिरावट से हवाओं में महसूस होने लगी ओस जैसी ठंडक
- 11 से 16 सितंबर के बीच पूर्वी मप्र के कुछ जिलों में तेज बारिश की उम्मीद, भोपाल में मध्यम बारिश-बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी सहित पश्चिमी मप्र में अभी बारिश में कमी के साथ ही रात के तापमान में कमी आएगी। दो दिन बाद हल्की बारिश के साथ ही पूर्वी मप्र के कुछ जिलों में तेज बारिश हो सकती है। इस बीच भोपाल में दिन का पारा कुछ बढ़ेगा, लेकिन रात के तापमान में कमी आएगी। सोमवार को शहर में लगातार तीसरे दिन रात के तापमान में कमी से रात के समय ओस गिरने जैसा अहसास रहा। इससे हवाओं में गुलाबी ठंडक महसूस की जाने लगी है। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी का असर अथवा बारिश का दौर चलने से सितंबर के दूसरे सप्ताह में ही मौसम करवट लेने लगा है। इससे शाम से ही हवाओं की रफ्तार तेज होने पर गुलाबी ठंडक महसूस की जाने लगी है। दिन में धूप के बावजूद पारे की चाल अपेक्षाकृत धीमी है। सोमवार को दिनभर धूप के असर से दिन का पारा 1.9 डिग्री बढ़कर 31.5 डिग्री रहा, जो सामान्य है। रात का पारा एक डिग्री गिरकर 22 डिग्री पर पहुंच गया है। हालांकि, अभी दोपहर में उमस और हल्की गर्मी का दौर जारी बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार इस साल पहाड़ों पर बर्फबारी जल्दी शुरू हुई है, जिससे सर्दी का आगाज भी पिछले साल की अपेक्षा पहले होगा।

### 12 से 15 सितंबर के बीच बारिश

*विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार बुधवार से कुछ बादल रह सकते हैं, लेकिन मध्यम से हल्की बारिश 12 से 15 सितंबर के बीच होने की उम्मीद है। अभी प्रदेश से मानसून ट्रफ गुजरने के साथ ही गुजरात और राजस्थान में सिस्टम सक्रिय हैं, जिसके असर से दो से तीन दिन बाद कुछ बारिश होगी।*

### अभी दो सिस्टम यहां

*शुक्ला के अनुसार अभी एक डीप डिप्रेशन पाकिस्तान और लगे राजस्थान व कच्छ के ऊपर सक्रिय है। सोमवार को यह यहीं पर डिप्रेशन में बदल रहा है। अब यह उत्तर पश्चिम की ओर उत्तर-पश्चिम की ओर बढने की संभावना है। इसके बाद आगे बढ़कर यह धीरे-धीरे कमजोर हो जाएगा। अभी मानसून ट्रफ इसी डिप्रेशन से होती हुई कोटा, उरई, सीधी, रांची, दीघा से होकर बंगाल की खाड़ी तक सक्रिय है। एक सर्कुलेशन पंजाब और आसपास सक्रिय है। एक खाड़ी से ओडिशा से आंध्रप्रदेश के तटों पर सक्रिय है। इन प्रमुख कारणों से दो से तीन दिन में प्रदेश के पूर्वी हिस्से में बारिश बढ़ेगी, जबकि पश्चिमी हिस्से में मध्यम बारिश की उम्मीद है।*

## फर्जी एनआरआई सर्टिफिकेट से मेडिकल कॉलेज में दाखिले..

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनएसयूआई ने एमबीबीएस बीडीएस और पीजी में हो रहे प्रवेश प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। फर्जी एनआरआई सर्टिफिकेट के जरिए निजी मेडिकल और डेंटल कॉलेज में दाखिले के आरोप लगाए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से आरोप लगाते हुए कहा कि हर साल फर्जी एनआरआई सर्टिफिकेट के जरिए प्रवेश को लेकर 800 से 1000 करोड़ तक की अवैध कमाई की जा रही है। यह पूरा खेल शिक्षा विभाग और कॉलेज संचालकों की साठ गांठ से हो रहा है। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने कहा कि एनएसयूआई की मांग है कि इस पूरी धांधली की जांच हाई कोर्ट के रिटायर जज की निगरानी में एसटीएफ से कराई जाए।

अनाधिकृत रूप से उपस्थिति दर्ज करने वाले अतिथि विद्वानों के प्रकरण शीघ्र किए जाएं निराकृत

# पदस्थापना, स्थानांतरण से प्रभावित अतिथि विद्वानों को विकल्प भरने दें अंतिम अवसर : मंत्री परमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने सोमवार को मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग की बैठक लेकर विविध विभागीय गतिविधियों एवं कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

परमार ने फॉलन आउट अतिथि विद्वानों को, जो मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित सहायक प्राध्यापकों की पदस्थापना से या स्थानांतरण से प्रभावित हुए हैं, ऐसे अतिथि विद्वानों के प्रकरणों में विचार करते हुए अलग से विकल्प भरने का अंतिम अवसर देने के निर्देश दिए। परमार ने सार्थक पोर्टल पर अनाधिकृत रूप से उपस्थिति दर्ज करने वाले अतिथि विद्वानों के प्रकरणों में विचार करते हुए संबंधित द्वारा इस प्रकार की पुनरावृत्ति न होने की प्रतिबद्धता के साथ, शीघ्र निराकृत करने को कहा।

### नियुक्ति प्रक्रिया जल्द पूरी हो

*मंत्री परमार ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न महाविद्यालयों में एकल संकाय से बहुसंकाय एवं स्नातक से स्नातकोत्तर किए जाने को लेकर भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। परमार ने विद्यार्थियों की उपस्थिति को लेकर परफॉर्मेंस इंडेक्स तैयार करने की कार्ययोजना पर क्रियान्वयन करने को कहा। उन्होंने नकल पर नकेल कसने, परीक्षा पद्धति को पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली एवं विधि महाविद्यालय से जुड़े विषयों सहित अन्य बिंदुओं पर व्यापक चर्चा कर, आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन एवं आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।*

दुष्कर्म के दोषी को साढ़े चार साल ज्यादा जेल में रखा

# सुप्रीम कोर्ट ने मप्र सरकार को दिया 25 लाख मुआवजा देने का आदेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुष्कर्म के मामले में सजा पूरी होने के बाद भी करीब साढ़े 4 साल तक कैदी को रिहा नहीं किए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गंभीरता से लेते हुए मध्य प्रदेश सरकार को आदेश दिया है कि अतिरिक्त समय तक कैदी को जेल में रखने के बाद उसे 25 लाख रुपए मुआवजा दे। जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ ने अधिकारियों के इस लापरवाही के लिए राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई। पीठ ने कहा कि किसी को भी निर्धारित सजा



से अधिक समय तक जेल में नहीं रखा जा सकता है। पीठ ने कहा कि इस तरह की अत्यधिक कैद मौलिक अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है और इसे माफ नहीं किया जा सकता। साथ ही, मध्य प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण को राज्य के सभी जेलों में यह पता लगाने का आदेश दिया कि कोई कैदी सजा पूरी करने या जमानत मिलने के बाद भी जेल में तो नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में दोषी सोहन सिंह की अपील पर यह फैसला दिया है। याचिकाकर्ता को 2004 में मध्य प्रदेश के एक सत्र न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (1), 450 और 560 बी के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया था और उसे उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि हमारे द्वारा विकसित आवासीय कॉलोनी रुद्राक्ष कस्तूरी, (निर्वाना लाईफ स्पेसस) जो कि ग्राम सलैया तहसील- कोलार भोपाल में स्थित है। इसमें ई.डब्लू एस. एवं एल. आई. जी. वर्ग हेतु आरक्षित प्रकोष्ठों की बुकिंग प्रारम्भ हो चुकी है। आवेदक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि में आवेदन प्रस्तुत करें।
बुकिंग हेतु निम्न पत्ते पर सम्पर्क करें :-

कॉलोनाइजर-
निर्वाना लाईफ स्पेसस
H.No. A/105, ग्राम सलैया (भोपाल) म.प्र

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र
3,55,000
हजार में
आसान किश्तों पर
साईट:-
220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



आवश्यकता
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457
R-04 to 19-09-2025

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष:** मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क:** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला:** वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु:** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन:** मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5983



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 5982 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | ■ | ल | ■ | वा | य | लि | न |
| ■ | ल | ■ | रा | ■ | प | व | न | ■ | ख | फा |
| ए | ■ | ■ | ध | व | ल | ■ | र | ■ | ■ | स |
| ह | र | द | म | ■ | पा | ल | ■ | फ | क | त |
| सा | ■ | म | ■ | दा | ना | ■ | सा | ■ | मा | ■ |
| न | वी | न | त | म | ■ | अ | ज | वा | ई | न |
| ■ | र | ■ | वा | ■ | स | दा | ■ | रि | ■ | वी |
| प | ता | का | ■ | ह | क | ■ | अ | स | मा | न |
| र | ■ | ■ | जी | ■ | प | र | दा | ■ | ■ | ता |
| वा | त | ■ | न | ल | का | ■ | व | ■ | द | ■ |
| ज | रु | र | त | ■ | ना | ■ | त | ल | वा | र |

## सूडोकु नवताल- 5993

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल- 5992 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## फॉर्म में देरी और तकनीकी दिक्कतों के कारण अब उठी मांग

# चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने की वित्त मंत्रालय से आईटीआर रिटर्न दाखिल करने की तारीख बढ़ाने की अपील



सीए राजेश जैन



मृदुल आर्य

आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2025 अब केवल एक हफ्ते दूर है।




वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का मानना है कि आम तौर पर करदाताओं के पास अपना रिटर्न तैयार करने और दाखिल करने के लिए लगभग 122 दिन (1 अप्रैल से 31 जुलाई) का समय होता है, लेकिन इस साल यूटीलिटी फॉर्म्स काफी देर से जारी किए गए, इससे रिटर्न दाखिल करने के समय में कमी आ गई है। दूसरी ओर लोगों को तकनीकी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा है।


आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2025 अब केवल एक हफ्ते दूर है। इस बीच कई संगठनों ने वित्त मंत्रालय से आईटीआर रिटर्न दाखिल करने की तारीख बढ़ाने की अपील की है। कारण है देरी से फॉर्म जारी किया जाना और फिर इसके बाद रिटर्न फाइल होने होने में बार-बार आ रही परेशानी। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई ) की भोपाल शाखा के सीए राजेश जैन और टैक्स लॉ बार एसोसिएशन अध्यक्ष मृदुल आर्य ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को पत्र लिखकर समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया। संगठन में कर विशेषज्ञ, चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सचिव, अधिवक्ता और सलाहकार शामिल हैं।

### अब रिटर्न सही ढंग से तैयार करने और दाखिल करने के लिए कम समय बचा है

संगठन ने बताया कैसे करदाता और पेशेवर इस वर्ष यूटीलिटीज के देरी से जारी होने, आईटीआर पोर्टल पर चल रही तकनीकी समस्याओं और अतिरिक्त अनुपालन चरणों के कारण रिटर्न दाखिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। टैक्स लॉ बार एसोसिएशन ने अनुरोध किया है कि आईटीआर दाखिल करने की समय सीमा बढ़ा दी जाए, क्योंकि अब रिटर्न सही ढंग से तैयार करने और दाखिल करने के लिए कम समय बचा है। दूसरी ओर तकनीकी दिक्कतों के कारण भी लोगों को परेशानी हो रही है।

# केंद्रीय कृषि मंत्री से सोयाबीन के लिए भावांतर योजना शुरू करने का आग्रह

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल



केन्द्रीय कृषि मंत्री ने 2025-26 के मार्केटिंग सीजन (अक्टूबर-सितंबर) में सोयाबीन के लिए मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के बजाए भावांतर भुगतान योजना आरंभ करने का आग्रह किया जा रहा है। सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) ने केन्द्रीय कृषि मंत्री को भेजे एक पत्र में कहा गया है कि 2024-25 के मार्केटिंग सीजन हेतु सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 4892 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया था मगर इसका थोक मंडी भाव उससे काफी नीचे रहने के कारण सरकारी एजेंसियों को लगभग 20 लाख टन सोयाबीन की खरीद एमएसपी पर करनी पड़ी।इसके ऊपर प्रशासनिक खर्च, भंडारण एवं परिवहन खर्च, बर्बादी, नमी नुकसान तथा कमीशन आदि को जोड़ने पर वास्तविक लागत काफी अधिक हो गई।अब नैफेड तथा एनसीसीएफ जैसी सरकारी एजेंसियों को लागत खर्च के मुकाबले करीब 10,000 रुपए प्रति टन की रियायत (छूट) के साथ सोयाबीन के अपने स्टॉक की बिक्री खुले बाजार में करनी पड़ रही है जिससे सरकार को तकरीबन 2000 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। सोपा के पत्र के अनुसार 2025-26 सीजन के लिए सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर 5328 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है लेकिन मंडियों की हालत पहले जैसी ही रह सकती है।सीमा शुल्क में कटौती के कारण सोया तेल तथा डीडीजीएस की तेजी से बढ़ती मांग की वजह से सोया डीओसी का भाव नरम चल रहा है। यदि यही स्थिति रही तो 2025-26 के सीजन में सरकार को 2024-25 सीजन के मुकाबले करीब दोगुनी मात्रा में एमएसपी पर किसानों से सोयाबीन खरीदने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है।इससे सरकार का नुकसान बढ़कर 5000 करोड़ रुपए के आसपास पहुंच सकता है। इसे देखते हुए सरकार को सीधे मंडी खरीद के बजाए सोयाबीन के लिए भावान्तर भुगतान योजना लागू करना चाहिए। इससे किसानों के बैंक खाते में बाजार भाव तथा एमएसपी के अंतर की राशि पहुंचेगी और उन्हें तुरंत राहत मिलेगी। दूसरी ओर सरकार का खर्च भी करीब 50 प्रतिशत घट जाएगा केवल वास्तविक किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए योजना तैयार की जानी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### टाटा मोटर्स ने लांच किया ऑल-न्यू एपीटी812

**मुंबई।** टाटा मोटर्स ने हाल ही में अपना ऑल-न्यू टाटा एलपीटी 812 लांच किया है, जो 5-टन पेलोड क्षमता के साथ भारत का पहला 4-टायर ट्रक है। यह ट्रक खास तौर पर शहरी ढुलाई के लिए बनाया गया है और कम लागत में अधिक मुनाफ़ा देने का दावा करता है। इसमें 125एचपी का दमदार इंजन और 360एनएमका टॉर्क है। राजेश कौल, वाइस प्रेसिडेंट और ट्रक बिज़नेस हेड टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स, ने कहा कि टाटा एलपीटी 812 का लांच इस सेगमेंट में ग्राहकों की लाभप्रदता के लिए एक नया मानक स्थापित करता है।



### सैमसंग टैब एस11 सीरीज एआई फीचर्स के साथ लांच

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने गैलेक्सी एस25 एफई स्मार्टफोन के साथ अपने गैलेक्सी इवेंट में सैमसंग गैलेक्सी टैब 11 सीरीज को भी लांच किया है। नए टैबलेट काफी पतले और आकर्षक डिजाइन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) फीचर्स के साथ पेश किए गए हैं। यह सीरीज टैब एस11 और टैब एस11 अल्ट्रा में आती है, जिसमें नया एस पेन शामिल है। कंपनी ने इन्हें खासतौर पर मल्टीटास्किंग और प्रोफेशनल यूजर्स को ध्यान में रखकर तैयार किया है।



### विंजो ने की टॉप संस्थानों के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** विंजो जिसके 250 मिलियन से अधिक यूज़र और तेज़ी से विकसित होता ग्लोबल फुटप्रिंट है, ने देश के प्रमुख बिज़नेस स्कूलों- आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम बैंगलोर, आईआईएम कलकत्ता, आईआईएम लखनऊ तथा फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज दिल्ली के सहयोग से आयोजित मुख्य पहल 'बैटल ऑफ सुपर स्कॉलर्स- बॉस' के पांचवे सीजन का सफल समापन किया। विंजो बॉस प्रोग्राम वास्तविक दुनिया के ऐप्लीकेशन्स में एकेडमिक एक्सीलेन्स को शामिल कर कन्ज़्यूमर टेक एवं डिजिटल इनोवेशन के भविष्य को आकार देने के लिए डिजाइन किया गया है।

### 23 से शुरू होगा अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल

**नई दिल्ली।** अमेजन ने घोषणा की, कि अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 23 सितंर 2025 से शुरू होगा। प्राइम मेंबर्स को इस शॉपिंग एक्स्ट्रावैगेंजा का 24 घंटे पहले एक्सक्लूसिव एक्सेस मिलेगा। स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, होम एसेंशियल्स, किराना सामान और अन्य सभी लोकप्रिय कैटेगरी में आकर्षक डील्स, शानदार शॉपिंग अनुभव, एसबीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड एवं ईएमआई ट्रांज़ेक्शन पर 10फीसदी इंस्टेंट डिस्काउंट और अग्रणी बैंकों के रोमांचक ऑफर और अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर अतिरिक्त कैशबैक मिलेगा।

### मप्र-छग के सड़क और रेलवे रूट पर रिलायंस जियो की अपलोड- डाउनलोड स्पीड सर्वाधिक : ट्राई

# शहडोल से कोरबा और राजनांदगांव तक स्थापित किया डेटा स्पीड का नया मानक

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई ) द्वारा जुलाई 2025 में आयोजित स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी ) के अनुसार रिलायंस जियो ने मध्यप्रदेश के शहडोल से लेकर छत्तीसगढ़ के कोरबा और राजनांदगांव तक सड़क और रेलवे मार्ग पर पर कॉल कनेक्टीवी के साथ डेटा अपलोड और डाउनलोड स्पीड में सभी प्रतिस्पर्धी टेलीकॉम कंपनियों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है।

ट्राई के आंकड़ो के मुताबिक रिलायंस जियो ने शहडोल से कोरबा और राजनांदगांव के बीच सड़क और रेलवे रूट पर पर सबसे ज्यादा औसतन 21.28 एमबीपीएस अपलोड स्पीड प्रदान की। वहीं,एयरटेल की 15.57,बीएसएनएल की 3.30 और वोडाफोन आइडिया की 15.43 एमबीपीएस अपलोड स्पीड रही। इसी तरह डाउनलोड स्पीड में भी जियो 228.09 एमबीपीएस के साथ नंबर वन पर रहा जबकि एयरटेल की 82.67, बीएसएनएल की 1.34, और वोडाफोन आईडिया की 29.78 एमबीपीएस डाउनलोड स्पीड रही। जियो की नेटवर्क लेटेंसी बेहद कम है, जो वीडियो कॉल, वर्चुअल मीटिंग्स और ऑनलाइन गेमिंग जैसे रियल-टाइम एप्लिकेशनों के लिए महत्वपूर्ण है। इसी तरह




जियो की कॉल सेटअप सफलता दर सबसे ज्यादा 99.13 फिसदी रही जबकि समान अवधि में एयरटेल की 94.73,बीएसएनएल 85 और वोडाफोन आइडिया की दर 96.91 प्रतिशत रही।

जियो का कॉल सेट अप टाइम भी सबसे बेहतर रहा, जियो का काल सेटअप टाइम 0.66 सैकंड रहा जबकि एयरटेल का 1.27, बीएसएनएल 3.56 और वोडाफोन आइडिया का 0.88 सैकंड रहा। जियो का कॉल ड्रॉप्स 0.20 प्रतिशत और म्यूट कॉल दर 0.15 फिसदी रही है। ट्राई ने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट 7 से 11 जुलाई 2025 के बीच मध्यप्रदेश के शहडोल छत्तीसगढ़ के कोरबा और राजनांदगांव तक किया है। इस दौरान शहडोल और कोरबा में 392.8 किलोमीटर का सिटी ड्राइव और 8.2 किलोमीटर पैदल चलकर टेस्ट किया गया। शहडोल और कोरबा के बीच 153.6 किमी पर और कोरबा से राजनांदगांव के बीच 268.9 किलोमीटर के रेलवे रूट पर स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट के जरिए टेलीकॉम कंपनियों के नेटवर्क क्षमता को मापा गया।

#### महीने भर चलने वाला सेलिब्रेशन प्लान

*यह 349 रुपए, से अधिक के प्लान वाले ग्राहकों के लिए है। 5 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच में 2जीबी/प्रतिदिन और उससे ज़्यादा के लॉन्ग-टर्म प्लान पर जियो यूजर्स को मिलेगा अनलिमिटेड 5जी डेटा। जियो फ़ाइनेंस द्वारा जियो गोल्ड पर 2 फीसदी अतिरिक्त डिजिटल गोल्ड साथ ही 3,000 रुपए के सेलिब्रेशन वाउचर इसमें शामिल होंगे। जियो हॉटस्टार और जियो सावन प्रो का 1 महीने का सब्सक्रिप्शन भी मिलेगा। प्लान के तहत जोमैटो गोल्ड का 3 महीने का तो नेटमेड्स फ़र्स्ट 6 महीने का सब्सक्रिप्शन भी साथ आएगा। ग्राहक जियो होम का 2 महीने के मुफ्त ट्रायल का फायदा भी उठा सकेंगे।*

#### जियो की नए होम यूजर्स के लिए भी ऑफर्स की सौगात

*जियो ने नए होम यूजर्स के लिए भी ऑफर्स की सौगत लेकर आया है 5 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच केवल 1200 रुपए में 2 महीने का नया जियो होम कनेक्शन ऑफर किया जा रहा है। जियो होम सर्विस के तहत 1000+ टीवी चैनल, 30 एमबीपीएस अनलिमिटेड डेटा, 12+ ओटीटी ऐप्स (जियो हॉटस्टार + अन्य) का सब्सक्रिप्शन, वाई-फाई-6 राउटर और 4के स्मार्ट सेट टॉप बॉक्स के साथ अमेज़न प्राइम लाइट 2 के महीने मुफ्त, जियो फाइनेंस द्वारा जियो गोल्ड पर 2 फीसदी अतिरिक्त डिजिटल गोल्ड और 3,000 रुपए मूल्य के बराबर सेलिब्रेशन वाउचर भी मिलेंगे*

### यूकेबी ने 800 करोड़ के आईपीओ के लिए दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई।** यूकेबी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल कर दिया है। कंपनी इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग के जरिए 8000 मिलियन (800 करोड़ रुपए) तक के इक्विटी शेयर बेचकर पूंजी जुटाने की योजना बना रही है। यह ऑफर 4000 मिलियन तक के नए इक्विटी शेयरों का है। 4000 मिलियन तक के सेलिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा बिक्री के लिए ऑफर है।

### लीगेसी ने पेश किया 'द बडी पैक'

**नई दिल्ली।** बकार्डी की पहली प्रीमियम व्हिस्की लीगेसी ने उपभोक्ताओं के लिए 'द बडी पैक' लांच की है। 180 मिली का यह सिंगल-सर्व पैक उन खास पलों के लिए डिजाइन किया गया है। यह स्कॉटिश और परिपक्व भारतीय माल्ट्स के साथ भारतीय अनाजों के बेहतरीन मिश्रण से तैयार, यह पैक वही स्मूद और बैलेंस्ड टेस्ट देता है, जिसके लिए लीगेसी जानी जाती है। कंपनी के श्रीकांत दाश ने कहाकि यह पैक अभी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के चुनिंदा हिस्सों में उपलब्ध है।

# कच्चे माल को जीएसटी मुक्त करें या फिर बीजों को न्यूनतम जीएसटी स्लैब में लाए सरकार : मान सिंह

- इससे उत्पादन लागत घटेगी, प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और किसानों को सस्ते दाम पर बीज मिल सकेंगे।
- बीज क्षेत्र के लिए भी ऐसी ही राहत की मांग की

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश कृषि आदान विक्रेता संघ के प्रदेश अध्यक्ष और राजपूत कृषि सेवा केंद्र के प्रोपराइटर मान सिंह राजपूत ने किसानों के लिए कृषि से जुड़े समानों पर से जीएसटी दरों में कटौती के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने सरकार से बीज क्षेत्र के लिए भी ऐसी ही राहत की मांग की है, ताकि बीज की उत्पादन लागत घटाई जा सकें और किसानों को किफायती दरों पर बीज मिल सकें। संगठन के अध्यक्ष राजपूत ने कहा कि उर्वरक के कच्चे माल, जैविक कीटनाशकों, सूक्ष्म पोषक तत्वों और कृषि उपकरणों पर जीएसटी में कटौती का यह कदम कच्चे माल की लागत को काफी हद तक कम करेगा और आर्थिक गति पैदा करेगा। ' सरकार ने सीधे किसानों को सशक्त किया है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। उन्होंने कि कहा कि बीज क्षेत्र में भी इसी तरह के सुधार की आवश्यकता है। वर्तमान में बीजों पर जीएसटी छूट होने के कारण, उद्योग को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ नहीं मिल पाता। बीजों के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और रासायनिक उपचार जैसी सेवाओं पर जीएसटी लगता है, जिससे बीजों की तुलना में अन्य कृषि में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल सस्ते पड़ते हैं जिन पर रियायती दरें लागू हैं। मानसिंह राजपूत ने सरकार से आग्रह किया कि या तो बीज उत्पादन में लगने वाले सभी कच्चे माल को पूरी तरह से जीएसटी से मुक्त किया जाए या फिर बीजों को न्यूनतम जीएसटी स्लैब में लाया जाए। इससे उत्पादन लागत घटेगी, प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और किसानों को सस्ते दाम पर बीज मिल सकेंगे। यह सुधार सभी क्षेत्रों में खपत को बढ़ावा देगा।


## बिजनेस न्यूज

### राधारमण के छात्रों ने सीखे श्रीकृष्ण के जीवन से लीडरशिप के गुण



**भोपाल।** राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के एमबीए विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति सोलंकी के नेतृत्व में चार विद्यार्थियों ने भारतीय विद्या भवन, एमपी नगर में आयोजित सम्मेलन "श्रीकृष्ण से नेतृत्व के पाठ : आधुनिक पेशेवरों के लिए सीख और विकास" में भाग लिया। इस सम्मेलन का आयोजन इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट, भोपाल द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में इंडस्ट्री-अकादमिक सहयोग समिति, आईएसटीडी भोपाल के चेयरमैन आरजी द्विवेदी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बताया कि श्रीकृष्ण की शिक्षाएं आज भी प्रबंधन और नेतृत्व के लिए मार्गदर्शक हैं। उदाहरण स्वरूप, महाभारत के युद्ध में अर्जुन के भ्रम और संकोच को दूर कर श्रीकृष्ण ने उन्हें नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाया। यह दर्शाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी सही निर्णय और दूरदर्शिता ही नेतृत्व की असली पहचान होती है। सम्मेलन में राधारमण के छात्रों की सक्रिय भागीदारी ने संवाद को और भी सार्थक बना दिया। उन्होंने अपने विचारों और प्रश्नों से चर्चा को जीवंत बनाया।इस अवसर पर राधारमण समूह के चेयरमैन आरआर सक्सेना ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों की राष्ट्रीय स्तर के ऐसे आयोजनों में भागीदारी संस्थान के लिए गर्व का विषय है। श्रीकृष्ण के नेतृत्व सूत्र विद्यार्थियों को जीवन और करियर में दूरदर्शिता, विवेक और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देंगे।

### एसबीआई फाउंडेशन और सीबीएम इंडिया ने नई परियोजना की शुरुआत की



**भोपाल।** सीबीएम इंडिया ने एसबीआई फाउंडेशन के साथ साझेदारी में एक नई तीन वर्षीय परियोजना की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य नर्मदापुरम जिले के 200 दिव्यांग बच्चों को शैक्षिक और चिकित्सीय सहयोग प्रदान करना है। इस परियोजना का औपचारिक शुभारंभ नर्मदापुरम में किया गया है। यह परियोजना सीबीएम इंडिया द्वारा एसबीआई फाउंडेशन के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर पर्सन्स विद डिसएबिलिटीज के तहत लागू की जा रही है, जो फाउंडेशन के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। यह नर्मदापुरम और बाबई खंडों में लागू होगी, जिन्हें इस क्षेत्र में देखी गई आवश्यकताओं के आधार पर चुना गया है। यद्यपि कई दिव्यांग बच्चे स्कूलों में नामांकित हैं, लेकिन सहायक उपकरण, चिकित्सीय सेवाओं और समावेशी शिक्षा वातावरण तक उनकी पहुँच अभी भी सीमित है। संजय प्रकाश, प्रबंध निदेशक, एसबीआई फाउंडेशन ने कहाकि यह परियोजना उन बच्चों तक व्यावहारिक सहयोग पहुंचाने के बारे में है, जिनके जीवन में इसका वास्तविक परिवर्तनकारी प्रभाव हो सकता है। यह प्रभाव वाव चिकित्सा (स्पीच थेरेपी) सत्रों, सही सहायक उपकरणों या होमवर्क में मदद के माध्यम से संभव होगा।

### अशोक गुप्ता को हुए रिकॉर्ड वोट हासिल अध्यक्ष निर्वाचित, कृष्णा गौर ने दी बधाई



**भोपाल।** ईशान पार्क रहवासी सहकारी संस्था के चुनाव में मित्र मंडल पैनल ने बाजी मार ली है। ढोल-नगाड़ों से गूंजते जनसंपर्क और रिकॉर्ड समर्थन के बाद नतीजों ने साबित कर दिया कि कॉलोनी में मित्र मंडल की लहर ही असली सच्चाई थी। कुल 162 मतदाताओं में से 143 ने मतदान किया। इसमें अधिकांश मत मित्र मंडल प्रत्याशियों की झोली में गए। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अशोक गुप्ता को सर्वाधिक 95 वोट मिले और उन्होंने जीत की नई मिसाल कायम की। निर्वाचित जनप्रतिनिधि और प्राप्त वोट: अशोक गुप्ता असाटी 95 वोट (रिकॉर्ड), दिनेश साहू 85 , अमित राज मिश्रा 82, अरविंद सक्सेना 81, संजय मीणा 80, दीपक जंघेला 79, मुकेश कुमार 77, शिवांश कक्कड़ 70, बीआर झारिया (निर्विरोध), महिला प्रत्याशी (प्राप्त मत), किरण छेत्री 81, रामरती चौधरी 80 वोट हासिल संस्था के चुनाव में विजयी निर्वाचित हुए। मतगणना पूरी होते ही कॉलोनी में जश्न का माहौल बन गया। समर्थकों ने विजयी प्रत्याशियों को फूल-मालाओं से लाद दिया और मिठाइयां बाँटकर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान विधायक श्रीमती कृष्णा गौर भी मौजूद रही और सभी विजेताओं को बधाई दी। निवासियों का कहना है कि मित्र मंडल ने चुनावी वादों से अधिक अपने कार्यों और पारदर्शी छवि के दम पर यह जीत हासिल की है।

### हिंद कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने बनाई सौर ऊर्जा से संचालित प्रज्ञान रोवर की प्रतिकृति



**भोपाल।** नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम उठाते हुए हिंद कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, नवीन नगर, भोपाल ने रोबोफ्यूजन एआई प्रा. लि. के सहयोग से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। निदेशक जीपी शर्मा के मार्गदर्शन में छात्रों ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत प्रज्ञान रोवर की एक कार्यशील प्रतिकृति सफलतापूर्वक तैयार की है। यह रोवर सौर ऊर्जा से संचालित होता है और तापमान, वायु प्रदूषण स्तर (पीएम 2.5), नमी, धुएं आदि जैसे रियल-टाइम डेटा सीधे मोबाइल उपकरणों पर भेजने में सक्षम है। उच्च सटीकता से निर्मित यह रोवर पहाड़ी क्षेत्रों, पथरीली सतहों और रेतीले इलाकों में भी प्रभावी ढंग से काम कर सकता है, जो इसे वास्तविक अन्वेषण रोवर्स के समान अनुकूलन क्षमता प्रदान करता है। यह पहल विद्यालय की उस दृष्टि को दर्शाती है, जिसके तहत शिक्षा को व्यावहारिक नवाचार से जोड़ा जा रहा है।

### इम्पैक्ट उत्सव में 4 हजार से अधिक हैंडमेड रग्स का अद्भुत संग्रह

**नई दिल्ली।** शिल्प और सामाजिक उद्यमिता का प्रतीक बन चुका जयपुर रग्स अपने रग उत्सव को लेकर आ रहा हे। यह क्रिएटिविटी, कल्चर और इम्पैक्ट का भव्य शुरुआत हो चुका है। । इस साल का एडिशन अब तक के सभी आयोजनों से अलग है, जिसमें 14 हजार से अधिक हैंडमेड रग्स का अद्भुत संग्रह शामिल है, जो भारत की बुनाई परंपराओं की आत्मा को डिजाइन के साथ खूबसूरती से जोड़ता है। फेस्टिवल की सबसे खास झलक है अवॉर्ड-विनिंग मनचाहा कलेक्शन के करीब 200 अनोखे रग्स जो सीधे ग्रामीण कारीगरों की कल्पनाओं से बुने गए हैं और हर एक रग एक व्यक्तिगत और गहरी कहानी कहता है।

#### नेटकॉन स्टडी टूर के लिए मीक सिंगापुर रवाना

# अंतरराष्ट्रीय मंच पर क्रेडाई नेटकॉन-2025 में 'कमाल का भोपाल' रिपोर्ट करेंगे प्रस्तुत



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

क्रेडाई भोपाल जिसे सबसे सक्रिय कैपिटल सिटी चैप्टर और रिजल्ट-ओरिएंटेड नेतृत्व के लिए जाना जाने लगा है, अब अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाने जा रहा है। क्रेडाई नेशनल द्वारा आयोजित नेटकॉन-2025 सिंगापुर में 11 से 13 सितंतर तक आइकॉनिक मरीना बे सैंड्स में होगा। इस अवसर पर क्रेडाई भोपाल अपनी पहल 'कमाल का भोपाल' रिपोर्ट औपचारिक रूप से नेशनल क्रेडाई को प्रस्तुत करेगा।

#### नेटकॉन-2025 में 17 सत्र होंगे , जिनमें 30 से अधिक वक्ता शामिल होंगे

*आयोजन के पहले दिन मनोज मीक सहित चुने हुए 30 प्रबुद्ध प्रतिनिधि पार्करॉयल कलेक्शन पिकरिंग का स्टडी टूर करेंगे, जिसे दुनिया का होटल-इन-अ-गार्डन कहा जाता है। मशहूर वास्तुकार वोहा द्वारा डिजाइन यह भवन टिकाऊ उच्च-भवन आर्किटेक्चर का वैश्विक प्रतीक है और वर्ल्ड्स लीडिंग ग्रीन सिटी होटल भी कहलाता है। सिंगापुर और आयोजन स्थल मरीना स्वयं न्यू अर्बनिज़्म के प्रतीक हैं। नेटकॉन-2025 में 17 सत्र होंगे , जिनमें 30 से अधिक वक्ता शामिल होंगे। आकर्षण के केंद्र होंगे डॉ. शशि थरूर, अभिनेता आशुतोष राना मनोज मीक दोनों से विशेष मुलाकात करेंगे। इसके अलावा राहुल द्रविड़, आर. माधवन और कई वैश्विक इंडस्ट्री लीडर शामिल रहेंगे।मनोज मीक ने कहाकि कमाल का भोपाल रिपोर्ट को हम आत्मविश्वास से रखेंगे और हाइपर स्केल डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स तथा ट्रांजिट-लिंक्ड हाउसिंग पर वैश्विक भागीदारों को आमंत्रित करेंगे। स्टडी-टूर मेरी रुचि का विषय है यह अध्ययन हमारी राजधानी के लिए उपयोगी होगा।*


# त्यौहारी मांग से खाद्य तेलों का भाव ऊंचा रहने की संभावना

- बंदरगाहों पर 31 अगस्त को कुल 8,43,772 टन खाद्य तेलों का स्टॉक मौजूद था

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

त्योहारी सीजन की वजह से भारत में विदेशों से खाद्य तेलों का भारी आयात होने लगा है जिससे इसके स्टॉक में बढ़ोत्तरी हो रही है ,लेकिन ज्यादा आयात के बावजूद खाद्य तेल की कीमतों में नरमी आना मुश्किल लगता है क्योंकि इसका अंतर्राष्ट्रीय बाजार भाव ऊंचे स्तर पर बरकरार है। बाजार जानकारों के अनुसार पिछले दो-तीन महीने से खाद्य तेलों के आयात में भारी वृद्धि देखी जा रही है जबकि उससे पूर्व जनवरी से मई तक आयात काफी कम हुआ था। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार भारतीय बंदरगाहों पर 31 अगस्त 2025 को कुल 8,43,772 टन खाद्य तेलों का स्टॉक मौजूद था जबकि इससे पूर्व 15 अगस्त को इसकी मात्रा 8,64,970 लाख टन तथा 31 जुलाई को 9,33,383 टन दर्ज की गई थी। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार भारतीय बंदरगाहों पर 31 मार्च को 8,10,160 टन, 30 अप्रैल को 7,39,768 टन, 31 मई को 6,83 टन तथा 30 जून को 7,22,918 टन खाद्य तेलों का स्टॉक उपलब्ध था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक भारतीय बंदरगाहों पर 31 अगस्त 2025 को क्रूड पाम तेल (सीपीओ) का कुल स्टॉक 4,17,509 टन था जो 15 अगस्त को स्टॉक 4,05,737 टन से कुछ अधिक रहा। लेकिन आरबीडी पामोलीन का स्टॉक 39,536 टन से घटकर 29,224 टन और क्रूड पाम कर्नेल तेल का स्टॉक 3709 से गिरकर 2200 टन रह गया।

# लिबर्टी ने किया स्प्रिंग समर 2026 कलेक्शन का अनावरण



**भोपाल।** फुटवियर ब्रांड लिबर्टी शूज लिमिटेड ने आगामी त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए अपनी विशाल रेंज लांच करने का ऐलान किया। कंपनी ने आयोजित डीलर्स मीट के दौरान आगामी स्प्रिंग–समर 2026 कलेक्शन का अनावरण किया, जिसमें 400 से अधिक नए डिजाइन और एक्सेसरीज प्रदर्शित किए गए। ब्रांड की विविध रेंज 399 से लेकर 9999 रुपए तक उपलब्ध है। कंपनी के निदेशक रुचिर बंसल ने कहा कि एडब्ल्यू 25 कलेक्शन को उपभोक्ताओं का भरपूर समर्थन मिला। उन्होंने कहाकि अप्रैल में कंपनी ने दो इनोवेटिव तकनीकें वाइब्रेशन शूज और वार्म शूज लॉ की थीं, जिन्हें उपभोक्ताओं से अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिली है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, नजूल एम.पी. नगर वृत्त, भोपाल**

प्रकरण कमांक 0160B/121-2025-26

// इश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अमर विहार रहवासी सहकारी समिति जिला भोपाल के अध्यक्ष श्रीमती रीता अग्रवाल एवं अन्य द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर म०प्र० प्रकोष्ठ स्वामित्व अधिनियम, 2000 (कमांक 15 सन 2001) की धारा 42 की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों एवं मध्यप्रदेश प्रकोष्ठ स्वामित्व नियम, 2018 की धारा 18 के तहत् प्रारूप–च में प्रस्तुत आवेदन (नियम 9 का उपनियम (1)) के तहत् आवेदक के आवेदन पत्र स्वीकार कर अमर विहार रहवासी सहकारी समिति जिला भोपाल को पंजीकृत किया जाना है।

अतः उपरोक्त के सबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था आदि को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति / दावा स्वयं या अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इश्तहार प्रकाशन के एक माह के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक **08-09-2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
नजूल एम.पी.नगर वृत्त, भोपाल

## चिंतन

# युवा शक्ति की ताकत को समझें सरकारें

जब भी राजतंत्र असफल होता है, समस्याएं विकराल होने लगती है तो सबसे पहले युवा पीढ़ी मुखर होती है। बात चाहे श्रीलंका की हो, बांग्लादेश की या फिर अब नेपाल की। युवा बगावत का ऐसा बिगुल फूंकते हैं कि सरकारें असमर्थ नजर आती है। नेपाल में ओली सरकार के खिलाफ युवाओं ने बगावत कर दी है। राजधानी काठमांडू में युवा बेकाबू हो गए और चीन समर्थित ओली सरकार घुटनों पर आ गई। युवाओं को कंट्रोल करने के लिए पहले पुलिस ने लाठिया भांजी, फिर पहुंची सेना ने गोली चला दी, जिसमें अभी तक 20 युवाओं की मौत हो गई। सबसे ज्यादा हैरानी की बात तो यह कि प्रदर्शनकारी छात्र रोष जता रहे थे कि अमेरिकी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिए हैं, लेकिन चीनी सोशल मीडिया एक्टिव हैं। इस प्रदर्शन को शुरू करने के लिए भी चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सहारा लिया गया। असल में नेपाल में अचानक शुरू हुए इस प्रदर्शन के पीछे की वजह ओली सरकार का हालिया फैसला है। सरकार ने नियमों का हवाला देकर 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया। जिनमें यूट्यूब, फेसबुक और ट्विटर भी शामिल थे। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार का कहना था कि इन कंपनियों ने नेपाल सरकार के साथ रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी नहीं की, इसलिए यह कार्रवाई करनी पड़ी। लेकिन छात्रों और युवा वर्ग का आरोप है कि यह फैसला उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। युवाओं का कहना है सरकार अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए उनके आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। दरअसल, साल 2020 से ही नेपाल की सुप्रीम कोर्ट में सोशल मीडिया कंपनियों के बिना लाइसेंस विज्ञापन और सामग्री प्रसारण को लेकर कई याचिकाएं लंबित थीं। पिछले दिनों नेपाली सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि सभी विदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म देश में ऑपरेट करने के लिए कानूनी अनुमति और रजिस्ट्रेशन करवाएं। इसके बाद नेपाल के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुङ के नेतृत्व में एक हाई लेवल बैठक की गई। जिसमें सभी गैर-रजिस्टर्ड प्लेटफॉर्म्स को सात दिन का अल्टीमेटम दिया गया। बावजूद इसके डेडलाइन बीतने के बाद भी फेसबुक, मेटा, एक्स, यूट्यूब और लिंक्डइन जैसी कंपनियों ने नेपाल सरकार से कोई बातचीत नहीं की। इसी से गुस्साई सरकार ने चार सितंबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अचानक लगे बैन ने युवाओं को हैरान कर दिया। आज के जमाने में जब लोगों के हाथों से एक सेकंड फोन नहीं छूट पाता, वहां बिना सोशल मीडिया के जिंदगी की कल्पना करना भी मुश्किल है। बैन लगा तो युवाओं का आक्रोश फूट पड़ा। वैसे भी वे लंबे समय से ओली सरकार के खिलाफ मुखर हो रहे थे। इस कदम ने उनका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंचा दिया। आंदोलनकारियों ने सीधे संसद पर हमला किया था। बांग्लादेश में भी यही मॉडल था। हजारों की संख्या में छात्रों ने संसद को घेर लिया। हजारों की संख्या में युवाओं ने राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए और भ्रष्टाचार बंद करो, सोशल मीडिया बैन हटाओ जैसे नारे लगाते हुए संसद का घेराव किया। इशारा साफ है कि युवा किसी भी सरकार की मनमानी सहने को तैयार नहीं है। दुनिया में कहीं भी हो वो मुखर हो रहे हैं और अपने अधिकार लेकर दम ले रहे हैं। ऐसा ही नेपाल में भी हुआ, सरकार को तुरंत कड़े फैसले लेने पड़े। उम्मीद करें कि नेपाल को देखकर दुनियाभर की सरकारें युवाओं की ताकत को समझेंगी।



स्वदेशी चिप
रोहित माहेश्वरी

# आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम

> भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिए मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है।


बीते दिनों पहली 'मेड इन इंडिया' चिप, जी हां भारत ने 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर सेमीकॉन इंडिया 2025 लॉन्च की गई। भारत में बनी यह पहली स्वदेशी चिप है। इस चिप का नाम है विक्रम। इस चिप को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। किसी भी देश के लिए ये गर्व का क्षण है। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 18 अरब डॉलर से ज्यादा के कुल निवेश वाली दस सेमीकंडक्टर परियोजनाएं देश में चल रही हैं। यह भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह बताना अहम है कि दुनिया भर में बनने वाली चिप डिजाइनिंग का 20 प्रतिशत काम भारत में होता है।

कुछ साल पहले तक भारत में चिप निर्माण को असंभव मान लिया गया था, लेकिन अब इस साल से भारत में चिप का कमर्शियल निर्माण होने लगेगा। मतलब डेटा प्रोसेसिंग, स्टोरेज, कंट्रोल्स और कम्युनिकेशन्स जैसे कामों को अंजाम देने वाला सेमीकंडक्टर न सिर्फ मोबाइल, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए अहम साबित होगी, बल्कि खेती-किसानी में भी किसानों को बड़ी राहत देगी। स्मार्ट सिंचाई, फसल की निगरानी और मौसम पूर्वानुमान जैसी आधुनिक तकनीकों में इसका उपयोग खेती की तस्वीर बदल सकता है। कुछ सालों में भारत इस चिप का निर्यातक भी बन जाएगा।

इसरो की सेमीकंडक्टर लैब ने विक्रम प्रोसेसर को बनाया है। यह भारत का पहला स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है। यह लॉन्चिंग के दौरान मुश्किल हालातों में भी काम करने के लिए तैयार है। 2021 में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन शुरू होने के बाद से सिर्फ चार साल में भारत ने सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव किया है। इस सपने को पूरा करने के लिए सरकार ने 76,000 करोड़ रुपये की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना की घोषणा की है। इसमें से लगभग 65,000 करोड़ रुपये पहले ही दिए जा चुके हैं।

अभी चिप के लिए भारत पूरी तरह से आयात पर निर्भर करता है। अभी दुनिया में ताइवान, अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया, मलेशिया जैसे देश चिप का निर्माण करते हैं। ऑटोमोबाइल और इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे सेक्टर में काफी संभावनाएं हैं। लेकिन मोबाइल फोन, आईटी और औद्योगिक उपयोग अभी भी सबसे ज्यादा कमाई वाले सेक्टर हैं। इन तीनों से लगभग 70 प्रतिशत तक होती है।

भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है। वर्तमान में चिप के उत्पादन में ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों का वर्चस्व है। यहां तक कि छोटा-सा देश ताइवान दुनिया के लगभग साठ फीसदी से ज्यादा सेमीकंडक्टर का उत्पादन



कर रहा है। जिसमें करीब नब्बे फीसदी उन्नत सेमीकंडक्टर शामिल हैं।

दरअसल, कोविड संकट के बाद आधुनिक तकनीक व उन्नत उपकरणों में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के चलते इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर होड़ पैदा हो गई है। निस्संदेह, भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में एक दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिए मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सफलता हासिल करने की दिशा में भारत का एक सशक्त पक्ष यह भी है कि दुनिया के लगभग बीस फीसदी चिप डिजाइन इंजीनियर भारत में हैं। दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी क्षेत्र में कामयाबी के लिये भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर परियोजना के रूप में एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।

सरकार बड़ी घरेलू कंपनियों को संबल देने के लिए डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव यानी डीएलआई के तहत दिए जा रहे लाभ के विस्तार के साथ ही, इसके तहत दिए जाने वाले अनुदान को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। जिसके तहत महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उत्पादन परियोजनाओं के लिये केंद्र व राज्यों से प्रोत्साहन के रूप में परियोजना की कुल लागत का सत्तर फीसदी मिलना जारी रह सकता है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार पचास फीसदी पूंजीगत सहायता दे रही है। वहीं राज्य सरकारें कुल परियोजना लागत का बीस फीसदी प्रोत्साहन दे रही हैं।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना को भारत में गेम चेंजर टेक क्रांति माना जा रहा है। सेमीकॉन इंडिया 2025 के उद्घाटन मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा भी कि सरकार इस मिशन और उसको तैयार करने से जुड़ी डीएलआई योजना के अगले फेज पर काम कर रही है। निश्चित रूप से केंद्र के प्रयासों से भारत चिप उत्पादन के वैश्विक महत्वाकांक्षी अभियान की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ सकता है। दरअसल, डिजिटल डिवाइसों का मस्तिष्क कहा जाने वाला सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, मोबाइल,राउटर, कार, सैटेलाइट जैसे उन्नत डिजिटल डिवाइस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन उपकरणों की कार्यकुशलता उन्नत चिप की ताकत पर निर्भर करती है। साधारण शब्दों में कहें चिप पतली सिलिकॉन वेफर पर बने लाखों-करोड़ों ट्रांजिस्टरों का संजाल है। जो कंप्यूटर करने, मेमोरी प्रबंधन व सिग्नल प्रोसेस करके डिवाइस को उन्नत बनाती है।

हमारे देश में 1962 के प्रयास किया गया था सेमीकंडक्टर के मैन्युफैक्चरिंग का एक इकोसिस्टम बने, जो पॉलिसी रही उस समय कि वो आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश में सेमीकंडक्टर का एक अच्छा इकोसिस्टम बन रहा है। भारत में इनकी बढ़ती मांग से नौकरियों के नए अवसर भी पैदा होंगे। साल 2024-25 में भारत में सेमीकंडक्टर की खपत 52 अरब डॉलर की थी। अब 2030 तक इस मार्केट के 13 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच, दृढ़ इच्छाशक्ति और निर्णायक कार्रवाई से भारत ने यह उपलब्धि हासिल की है। उम्मीद है कि भारत का स्वदेशी चिप इस साल के आखिर तक बाजार में आ सकेगी। जिसका असर जियोपोलिटिक्स पर तो होगा ही, नये रोजगार सृजन का वातावरण भी बनेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विचार

रवि शंकर




# मोहन युग में बदला बदला नजर आ रहा मध्यप्रदेश

ऋग्वेद से ली गई एक संस्कृत सूक्ति "सम गच्छध्वं सम वदध्वं" जिसका अर्थ है कि हम सब एक साथ चलें, एक साथ बोलें और हमारे मन एक हों। यह संस्कृत सूक्ति एकता, सामंजस्य और आपसी समझ की भावना को बढ़ावा देने वाला है, ठीक वैसे ही जैसे प्राचीन देवता अपने-अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक साथ काम करते थे। इसी भावना के साथ काम करते हुए मध्यप्रदेश आज एक ऐसे दौर में प्रवेश कर गया है जिसे मोहन युग कहा जा सकता है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रदेश की बागडोर संभाले हुए डेढ़ साल का समय हो गया है। बीते डेढ़ साल का आकंलन किया जाए तो डॉ. मोहन सियासी मोर्चे पर खुद को साबित करने के साथ-साथ प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाने के मामले में भी सफल नजर आते हैं। लगभग दो दशक तक एक ही मुख्यमंत्री की छत्रछाया में रही प्रदेश की जनता के लिए एक नए मुख्यमंत्री को सहजता से स्वीकार कर पाना आसान नहीं था, लेकिन अपने कुशल नेतृत्व और कार्य क्षमता की बदौलत सीएम मोहन यादव ने 18 महीने के भीतर ही प्रदेशवासियों में अपनी ऐसी छाप छोड़ी कि पार्टी आलाकमान भी उनका कायल हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 दिसंबर 2023 को राज्य की सत्ता संभालने के बाद से प्रदेश में कई अहम योजनाओं और पहलों को अमलीजामा पहनाया है। उनके नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने डेढ़ साल में कई क्षेत्रों में विकास की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। सीएम ने न केवल प्रशासनिक सुधार किए, बल्कि पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, उद्योग, निवेश,स्वच्छता और सामाजिक कल्याण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी काम किया है। उन्होंने पिछली सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं को आगे ही नहीं बढ़ाया बल्कि कई नई योजनाओं की शुरुआत भी की। दरअसल, डॉ. मोहन यादव ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के सुशासन की प्राथमिकता को आगे बढ़ाते हुए विकास पर जोर दिया। यू कहें प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सशक्त नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री मोदी के मंत्र 'ज्ञान'(गरीब,युवा,अन्नदाता और नारी) के सशक्तिकरण पर विशेष फोकस कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रधानमंत्री मोदी के विजन को मिशन के रूप में धरातल पर लागू करने हर संभव प्रयास कर रहे हैं। लोक कल्याणकारी योजनाओं की निरंतरता बनाए रखते हुए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए निवेश पर फोकस किया, लेकिन संघ और बीजेपी की हिंदुत्व की लाइन को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया।

बेशक, मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनते ही उनके सामने कई चुनौतियां थी। जिसमें सबसे पहली चुनौती अपने काम के बल पर सफलता की नई कहानी लिखने की थी। तो दूसरी तरफ चाणक्य बनकर राजनीति की आड़ी तिरछी चालों से मुकाबला करना था। हालांकि, डॉ. यादव ने अपनी कूटनीति और रणनीति से हर चुनौतियों का डटकर सामना किया। डॉ. मोहन यादव ने जब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, तब उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती मध्य प्रदेश बीजेपी के ताकतवर नेताओं के कद्दावर कद के बीच में स्वयं को स्थापित करने की थी। मुख्यमंत्री मोहन यादव न केवल सरकार चलाने में सफल साबित हुए,बल्कि राजनीतिक मोर्चे पर भी सफल रहे। 2024 के लोकसभा चुनाव में जहां बीजेपी को यूपी जैसे राज्यों में काफी नुकसान का सामना करना पड़ा, वहीं मध्यप्रदेश में बीजेपी ने सभी 29 सीटों पर जीत हासिल कर विपक्ष और राजनीतिक पंडितों को हैरान कर दिया। मध्य प्रदेश में बीजेपी ने सभी 29 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। यहां तक की देशभर में कांग्रेस के सबसे मजबूत गढ़ों में शामिल रही मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर भी बीजेपी ने जीत हासिल की थी,यह काम बड़े-बड़े राजनीतिक धुंरधंर नहीं कर पाए थे,लेकिन मोहन यादव के नेतृत्व में बीजेपी ने 26 साल बाद कांग्रेस का सबसे मजबूत किला ढहा दिया। मोहन यादव ने प्रदेश की कमान संभालने के बाद निवेश पर सबसे ज्यादा फोकस किया,इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यह सरकार लगभग हर महीने ही क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन करवा रही है। इंदौर,उज्जैन,रीवा और सागर जैसे शहरों में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के जरिए करोड़ों का निवेश मध्य प्रदेश में आने वाला है। जबकि सीएम मोहन यादव के विदेश दौरे पर भी 60,000 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव मध्य प्रदेश को मिले हैं। जिससे इस सरकार की उपयोगिता को समझा जा सकता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना



संकलित
दर्शन

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है। अधिकांश लोग व्रत, उपवास एवं अनुष्ठान करते हैं।

# जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित
प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहाँ गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

## सटाका




## आज की पाती

### किसानों के लिए आफत बनती बारिश

कभी सूखे के कारण तो कभी बेमौसमी बारिश देश की कृषि के लिए आफत बनती है। कुछ राज्यों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जबकि इस समय तक बरसात के मौसम का अलविदा कहने का समय है। यह बारिश धान और अन्य मौसमी फसलों के लिए बहुत हानिकारक सिद्ध हो रही है। यह बारिश मात्र फसलों के लिए ही हानिकारक नहीं है, बल्कि प्राणी जाति के लिए भी बहुत ज्यादा हानिकारक है। इससे फसल चक्र का सिस्टम तो बिगड़ ही रहा है, जिससे फसलों की पैदावार प्रभावित हो रही है, साथ ही यह हमें बीमारियों की तरफ भी धकेल रही है। लेकिन सवाल तो यह है कि बेमौसमी बारिश का आखिर क्या कारण है। ऐसे में, प्रकृति का संरक्षण ही एकमात्र समाधान नजर आता है। – *सतीश पटेल,*

## ट्रेंड

### गौरव का क्षण




बिहार में आयोजित एशिया कप 2025 में शानदार जीत के लिए हमारी पुरुष हॉकी टीम को बधाई। यह जीत इसलिए और भी खास है क्योंकि उन्होंने गत विजेता दक्षिण कोरिया को हराया है। यह भारतीय हॉकी के लिए गौरव का क्षण है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### गलती को स्वीकारना



मिच्छामी दुक्कड़म। जाने-अनजाने में गत वर्ष अगर मुझसे कोई भी भूल-चूक हुई हो, तो मैं आप सभी से हृदय से क्षमा चाहता हूँ। सबसे क्षमा, सबको क्षमा, उत्तम क्षमा। क्षमा हृदय की सबसे बड़ी ताक़त है। क्षमावाणी पर्व हमें यही सिखाता है कि सच्चा साहस अपने अहंकार को छोड़कर गलती को स्वीकारना।
- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री

### मानस की यात्रा



तीन साल पहले कन्याकुमारी के सागर तट से भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत हुई थी। वह सिर्फ़ पैदल नहीं, बल्कि मानस की यात्रा थी। भारत को पुनः खोजने की यात्रा। 'दक्षिणायन' पर उस दिन कही बातें अब भी भीतर और बाहर की यात्रा में गूंज रही हैं।
- योगेंद्र यादव, अध्यक्ष भारत स्वराज

### मैं फैशन करूं



कल मिलने गया मां दुलारी को। शुरू हो गई कि मैं लेफ्ट हैंड में कुछ नहीं पहनता हूँ।वो चाहती है की मैं फैशन करूं। राजू भाई साहब ने फुल पैंट पहनी हुई थी। मां के नज़रिए से राजू ने वेट भी कम किया है।
- अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर

# ह्यूस्टन में जेएलएफ का भव्य आयोजन संपन्न

जयपुर साहित्य महोत्सव (जेएलएफ) ने इस सप्ताह अमेरिका में अपने जोशीले अंदाज में वापसी की और इसकी शुरुआत ह्यूस्टन से हुई। यहां तीन दिवसीय आयोजन के साथ जेएलएफ 2025 का 8वां संस्करण रविवार को संपन्न हुआ, जिसमें साहित्यिक चर्चाओं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और संवाद की बहुरंगी झलक देखने को मिली। पांच से सात सितंबर तक हुए इस कार्यक्रम का आयोजन एशिया सोसायटी टेक्सास, रोथको चैपल, इटरनल गांधी म्यूज़ियम ह्यूस्टन और म्यूज़ियम ऑफ फाइन आर्ट्स के सहयोग से किया गया। इस वर्ष का उत्सव ह्यूस्टन की सांस्कृतिक विविधता और गौरवशाली विरासत को समर्पित था। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्यदूत डीसी मंजूनाथ ने शुक्रवार को म्यूज़ियम ऑफ फाइन आर्ट्स में कार्यक्रम का उद्घाटन किया और भारत–अमेरिका के बीच सांस्कृतिक संबंधों को साहित्य के माध्यम से प्रगाढ़ बनाने की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने शनिवार को उत्सव के आठवें संस्करण के उपलक्ष्य में स्वागत रात्रिभोज का भी आयोजन किया। प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक शेखर कपूर ने उद्घाटन सत्र में राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार सुनंदा वशिष्ठ के साथ रचनात्मकता और जीवन पर संवाद किया।

JLF USA HOUSTON

## ऑफ बीट

# जाने कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों?



ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां–वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे : खगोलशास्त्री संभवत : इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज़ कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने सबसे पहले ब्लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# सुप्रीम आदेश: पहचान के लिए आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में जाना जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कि एसआईआर में पहचान के उद्देश्य से आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज़ के रूप में माना जाए। मतदाता सूची में किसी मतदाता को शामिल,बहिष्कृत करने के उद्देश्य से किसी व्यक्ति की पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड को भी ध्यान में रखा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण में मतदाता की पहचान के लिए आधार को दस्तावेज मानने पर विचार करने को कहा, इसने स्पष्ट किया कि यह नागरिकता का प्रमाण नहीं है। चुनाव आयोग ने सुनवाई के दौरान कहा, 7.24 करोड़ में से 99.6 प्रतिशत ने पहले ही दस्तावेज़ जमा कर दिए हैं। पिछले आदेश में 65 लाख लोगों के लिए आधार की अनुमति दी गई थी। अब उनके लिए किसी भी याचिकाकर्ता ने यह नहीं बताया है कि बड़ी संख्या में लोगों को गलत तरीके से बाहर रखा गया है।

**कोर्ट ने ये भी कहा**

**7.24** करोड़ में से 99.6 प्रतिशत ने पहले ही दस्तावेज़ जमा कर दिए

**याचिकाकर्ता** ने यह नहीं बताया है कि लोगों को गलत तरीके से बाहर रखा गया

देश की सबसे बड़ी अदालत में जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि 'हम यहां पर यह साफ कर दे रहे हैं कि आधार कार्ड सिर्फ निवास के प्रमाण के लिए है न कि नागरिकता तय करने के लिए



### आधार कार्ड को लेकर कोर्ट ने दूर की भ्रम की स्थिति

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अकेले आधार को भी 11 मान्य दस्तावेजों के बराबर माना जाए। कोर्ट ने कहा कि आधार को 12वें दस्तावेज के तौर पर माना जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग आधार का सत्यापन कर सकता है (आधार सही या नहीं)। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम साफ कर दे रहे है कि आधार सिर्फ निवास के प्रमाण के लिए है न कि नागरिकता तय करने के लिए।

### अवैध प्रवासियों को अनुमति देने के लिए नहीं कह रहे

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, कोई भी अवैध प्रवासियों को अनुमति देने के लिए नहीं कह रहा है। हम जानते हैं कि आधार पहचान का प्रमाण है, नागरिकता का नहीं। मान लीजिए कि यह बारहवां दस्तावेज़ है तो इसमें क्या समस्या है? सुप्रीम कोर्ट ने कहा, संशोधित मतदाता सूची प्रक्रिया में शामिल या बहिष्कृत लोगों की पहचान स्थापित करने के उद्देश्य से आधार अधिनियम 2016 के तहत जारी आधार कार्ड को स्वीकार किया जाएगा और इसे 12वें दस्तावेज के रूप में माना जाएगा। हालांकि अधिकारी प्रस्तुत किए गए कार्ड की प्रामाणिकता की पुष्टि कर सकते हैं और आधार कार्ड को नागरिकता के प्रमाण के रूप में नहीं माना जाएगा।

### 99.6% ने पहले ही दस्तावेज़ जमा कर दिए

इससे पहले याचिकाकर्ताओं ने कहा, पैरा लीगल वालंटियर की नियुक्ति की जानी थी, लेकिन उनकी नियुक्ति नहीं हुई। चुनाव आयोग के वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि वे अवैध प्रवासियों के लिए ऐसा चाहते हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि कोई नहीं चाहता कि अवैध प्रवासी मतदाता सूची में शामिल हों। चुनाव आयोग के मुताबिक, बिहार के 99.6% नागरिकों ने पहले ही 11 सूचीबद्ध दस्तावेजों में से एक पेश किया है। चुनाव आयोग के अनुसार, 7.24 करोड़ में से 99.6 प्रतिशत ने पहले ही दस्तावेज जमा कर दिए हैं। पिछले आदेश में 65 लाख लोगों के लिए आधार की अनुमति दी गई थी। अब उनके लिए किसी भी याचिकाकर्ता ने यह नहीं बताया है कि बड़ी संख्या में लोगों को गलत तरीके से बाहर रखा गया है।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी 15 को करेंगे एयरपोर्ट का शुभारंभ




**पूर्णिया।** पटना, गया, दरभंगा के बाद पूर्णिया में 15 सितंबर को बिहार के चौथे एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस एयरपोर्ट की खासियत यह होगी कि इसका रनवे राज्य का सबसे बड़ा रनवे होगा, जिसकी लंबाई 09 हजार मीटर होगी। दरअसल , इस एयरपोर्ट की घोषणा पीएम मोदी ने लगभग 10 वर्ष पहले की थी।

### चोरी हुआ एक करोड़ का कलश बरामद



**हापुड़।** लाल किला के सामने 15 अगस्त पार्क में चल रहे जैन समाज के धार्मिक अनुष्ठान से एक करोड़ से अधिक कीमत का कलश चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से कीमती कलश भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी का नाम भूषण वर्मा है और वो हापुड़ का रहने वाला बताया जा रहा है।

### एसी फटने से एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत



**फरीदाबाद।** दिल्ली से सटे फरीदाबाद की ग्रीन फील्ड कॉलोनी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एसी फटने के कारण लगी आग में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की जान चली गई। दम घुटने से पति सचिन कपूर, उनकी पत्नी रिंकू कपूर और बेटी सुजान कपूर की मौत हो गई, हादसे में उनका पालतू कुत्ता भी नहीं बचा।

### बस और मोटरसाइकिल की टक्कर, 3 की मौत




**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम की बस और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, नासिक जिले के भंवरपाड़ा फाटा के पास एक बस अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल से टकरा गई।

### कंकाल के अवशेष मिलने से मचा हड़कंप



**मंगलुरू।** कर्नाटक के धर्मस्थल में कथित तौर पर दुष्कर्म, हत्या और शवों को दफनाने के मामले की जांच कर रहे विशेष दल को बंगले गुड्डे इलाके में मानव कंकाल के अवशेष मिले। पुलिस ने बताया कि यह अवशेष दिवंगत छात्रा के रिश्तेदार की मौजूदगी में मिले। वही छात्रा है, जिसकी 2012 को दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी।

पीएम मोदी ने एनडीए सांसदों से किया दिवाली तक 'स्वदेशी मेला' लगाने का आह्वान

# मोदी ने कहा कि चाहे निवेश कोई भी करे, उत्पादन भारतीय होना चाहिए और यही 'स्वदेशी मंत्र'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले प्रधानमंत्री ने एनडीए सांसदों की बैठक को किया संबोधित

उपराष्ट्रपति चुनाव में किन बातों का ध्यान रखना है? पीएम मोदी ने एनडीए सांसदों को बताया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को एनडीए सांसदों की बैठक में 'वोकल फॉर लोकल' के नारे पर जोर देते हुए सांसदों से दिवाली तक 'स्वदेशी मेला' आयोजित करने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की। सूत्रों के अनुसार मोदी ने यह भी कहा कि सांसद अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापारियों से मुलाकात करें और जीएसटी दरों में कटौती को लेकर सरकार की पहल का संदेश जनता तक पहुंचाएं। पीएम मोदी ने सोमवार को उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले नई दिल्ली में हुई संसदीय दल की बैठक में सांसदों को समझाया कि 'स्वदेशी मेला' से छोटे कारीगरों, हस्तशिल्पकारों और स्थानीय उद्योगों को नया मंच मिलेगा। उन्होंने एनडीए सांसदों को मंगलवार 9 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव पर भी मार्गदर्शन दिया।

सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन करीब 40 मिनट का था। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सांसदों को नसीहत दी और भारत के आगे आने वाले दिनों में क्या चुनौतियां हैं, उसका भी जिक्र किया। उपराष्ट्रपति चुनाव में किन बातों का ध्यान रखना है? पीएम मोदी ने यह भी बीजेपी सांसदों को बताया। पीएम मोदी का कहना था कि निर्वाचन अधिकारी जो कलम दे उसी का सतर्कता से इस्तेमाल किया जाए और जो नियम है उनका पालन वोटिंग के वक्त किया जाए। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन करीब 40 मिनट का था। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सांसदों को नसीहत दी और भारत के आगे आने वाले दिनों में क्या चुनौतियां हैं।



### लोगों से संवाद बढ़ना चाहिए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान कार्यशाला में आए सभी सांसदों से अपने संसदीय क्षेत्रों की विधानसभा सीटों पर हर महीने एक टिफिन मीटिंग आयोजित करने को कहा, ताकि लोगों से सीधा संवाद हो सके और उनकी समस्याओं को जाना जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सांसदों को खेल महोत्सव में अधिक से अधिक भाग लेना चाहिए।

### गरीब-छोटे व्यापारियों तक लाभ पहुंचे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जीएसटी दर कटौती से बाजार में सकारात्मक माहौल बना है, जिसे जनता तक पहुंचाना जरूरी है। पीएम स्वनिधि योजना के विस्तार और गरीबों-छोटे व्यापारियों तक लाभ पहुंचाने की बात भी कही। उन्होंने एनडीए सांसदों से देशभर में 'स्वदेशी मेला' आयोजित करने की अपील की है, ताकि मेड-इन-इंडिया उत्पादों को प्रोत्साहन मिले और लोगों को आत्मनिर्भर भारत अभियान से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के साथ बैठकें करके इस कदम का लाभ समझाया जाए और लोगों को भरोसा दिलाया जाए कि सरकार उनके साथ है।

### रोजगार के अवसर पैदा होंगे

प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि 'आत्मनिर्भर भारत' केवल आत्मनिर्भरता का विचार नहीं है बल्कि देश के भविष्य की सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि जब भारतीय उत्पादों की खपत बढ़ेगी तो न केवल रोजगार के अवसर पैदा होंगे बल्कि विदेशी आयात पर निर्भरता भी घटेगी। मोदी ने कहा कि चाहे निवेश कोई भी करे, उत्पादन भारतीय होना चाहिए और यही 'स्वदेशी मंत्र' है। प्रधानमंत्री मोदी ने 28 अगस्त को हुई कैबिनेट बैठक में भी 'वोकल फॉर लोकल' पर बल दिया था। उस समय उन्होंने मंत्रियों से कहा था कि लोग ज्यादा से ज्यादा 'मेड-इन-इंडिया' उत्पाद खरीदें और दुकानदार 'स्वदेशी वस्तु उपलब्ध है' के बोर्ड लगाएं।

जनगणना 2027

# पूरी तरह होगी डिजिटल मोबाइल से होगा डेटा संग्रह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत में 2027 में होने वाली अगली जनगणना पहली बार पूरी तरह से डिजिटल रूप में आयोजित की जाएगी। केंद्र सरकार ने फैसला किया है कि इस बार लगभग 34 लाख गिनतरीकर्मी और पर्यवेक्षक अपने-अपने निजी स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर घर-घर जाकर डेटा इकट्ठा करेंगे। गृह मंत्रालय और रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया के अधिकारियों के अनुसार, इस उद्देश्य के लिए एक विशेष मोबाइल एप्लिकेशन तैयार किया गया है। यह ऐसा ऐप होगा जो हर तरह के मोबाइल को सपोर्ट करेगा।

एंड्रॉयड और आईओएस, दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा और सीधे डेटा को केंद्रीय सर्वर पर अपलोड करेगा।

अधिकारियों के मुताबिक, देशभर के लगभग 34 लाख कर्मियों को इस नए डिजिटल तंत्र का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें यह सिखाया जाएगा कि किस प्रकार अपने निजी मोबाइल फोन पर ऐप डाउनलोड कर उसका इस्तेमाल करना है। सरकार का मानना है कि इससे डेटा कलेक्शन की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और त्वरित हो जाएगी।

### 2021 की जनगणना से शुरू हुई थी तैयारी

यह मोबाइल ऐप सबसे पहले 2021 की जनगणना के लिए विकसित किया गया था, लेकिन कोविड महामारी और अन्य कारणों से उस समय जनगणना टल गई थी। अब इस ऐप को नए तकनीकी मानकों के अनुसार अपडेट और 'री-कैलिब्रेट' किया जा रहा है ताकि यह 2027 की पूरी प्रक्रिया को सुचारु ढंग से संचालित कर सके।

### कागजी डेटा की भी होगी डिजिटल एंट्री

अगर किसी कारणवश गिनतरीकर्मी डेटा कागज पर दर्ज करते हैं, तो उन्हें उसे एक समर्पित वेब पोर्टल पर सीधे भरने की सुविधा दी जाएगी। इसका अर्थ है कि भविष्य में अलग से स्कैनिंग या मैनुअल डेटा एंट्री की आवश्यकता नहीं होगी। इससे आंकड़े न केवल तेजी से बल्कि सटीक रूप से इलेक्ट्रॉनिक डेटा में बदल जाएंगे।

### मिलेगा 'सेल्फ एन्यूमरेशन' का विकल्प

इस बार नागरिकों को भी स्वयं अपने विवरण भरने का मौका मिलेगा। लोग ऐप या पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार का डेटा स्वयं दर्ज कर सकेंगे।

### तेजी और पारदर्शिता पर जोर

अधिकारियों का कहना है कि डिजिटल जनगणना से सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि डेटा उपलब्धता में तेजी आएगी। पहले की तरह वर्षों तक आंकड़ों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा, बल्कि डेटा जल्द ही सरकार और नीतिगत संस्थाओं के पास उपलब्ध हो जाएगा।

**पहली बार होगी डिजिटल जनगणना:** भारत की जनगणना हर दस साल में होती है। अब तक यह पूरी प्रक्रिया कागज और पेन के माध्यम से होती रही है। लेकिन 2027 में पहली बार यह पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी।

अग्रिम जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट सख्त

# कहा- आरोपी सीधे हाईकोर्ट जा सकते हैं या नहीं विचार करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक अहम कानूनी सवाल पर विचार करने का फैसला लिया है।

अदालत यह तय करेगी कि अग्रिम जमानत यानि एंटिसिपेट्री बेल के लिए आरोपी या याचिकाकर्ता को पहले सत्र न्यायालय का दरवाजा खटखटाना अनिवार्य है या फिर वह सीधे हाईकोर्ट जा सकता है। यह सवाल विशेष रूप से केरल हाईकोर्ट की उस प्रथा को देखते हुए उठा है, जिसमें वहां सीधे हाईकोर्ट अग्रिम जमानत की अर्जी स्वीकार करता है। इस मामले की अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि केरल हाईकोर्ट में नियमित रूप से बिना सत्र न्यायालय गए सीधे अग्रिम जमानत की अर्जी सुनी जाती है।

असम से खुलेगी हरित क्रांति की नई राह

# पीएम मोदी 14 को समर्पित करेंगे बांस बायोरिफाइनरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत के हरित ऊर्जा क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पीएम नरेंद्र मोदी 14 सितंबर 2025 को असम के गोलाघाट ज़िले के नुमालिगढ़ में स्थापित देश की बांस-आधारित बायोरिफाइनरी परियोजना को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह परियोजना न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में क्रांतिकारी पहल है बल्कि पूर्वोत्तर भारत को हरित औद्योगिक परिवर्तन का केंद्र बनाने का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया प्लैटफ़ॉर्म एक्स पर परियोजना की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, यह भारत की पहली बांस-आधारित बायोरिफाइनरी परियोजना है। पीएम 14 सितंबर को इसे राष्ट्र को समर्पित करेंगे। 1700 करोड़ से अधिक निवेश होगा।

कृषि सफलताओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रीत रहेगी चर्चा

# वैश्विक खाद्य सुरक्षा को लेकर नई दिल्ली में शुरू हुआ 'डायलॉगनेक्स्ट' सम्मेलन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक खाद्य सुरक्षा को लेकर नई दिल्ली में 8-9 सितंबर, 2025 तक दो दिवसीय 'डायलॉगनेक्स्ट' सम्मेलन का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कन्वेंशन सेंटर में किया गया।

वर्ल्ड फ़ूड प्राइज़ फाउंडेशन द्वारा सीआईएमएमआईटी, बोरलॉग इंस्टीट्यूट फ़ॉर साउथ एशिया (बीआईएसए) तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के साथ साझेदारी में इस सम्मेलन का आयोजित किया गया। प्रमुख सत्रों में किसान-केन्द्रित नवाचार, लघु-उत्पादक फसलों, दक्षिण-दक्षिण सहयोग, पोषण एवं खाद्य प्रणालियों, मूल्य श्रृंखलाओं तथा अगली पीढ़ी की कृषि सफलताओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### नीति विशेषज्ञों ने गहन मंथन किया

सोमवार को सम्मेलन के पहले दिन देश भर से जुटे वरिष्ठ नीति निर्माताओं और विशेषज्ञों ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर गहन चिंतन-मंथन किया। इस दो दिवसीय उच्च स्तरीय कार्यक्रम का उद्देश्य विश्व के खाद्य भविष्य को सुरक्षित करने हेतु महत्वपूर्ण नवाचारों की खोज करना और उन्हें गति प्रदान करना है। इस वर्ष भी सम्मेलन का विषय पिछले वर्ष मेक्सिको में आयोजित डायलॉगनेक्स्ट के अनुरूप ही किसान उन्मुख है। इस वर्ष डायलॉगनेक्स्ट की थीम है- 'इसे किसान तक ले चलो'। इस सम्मेलन द्वारा वैश्विक दक्षिण में परिवर्तनकारी कृषि समाधानों की किसानों तक पहुँच सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के महानिदेशक डॉ. मांगी लाल जाट ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि उभरते वैश्विक मेगाट्रेंड कृषि-खाद्य प्रणालियों के लिए जटिल चुनौतियाँ पेश कर रहे हैं।

उत्तराखंड में भूस्खलन से गिरा मलबा, ट्रेन की आवाजाही बंद, सड़कें भी अवरुद्ध

# मथुरा-वृंदावन में यमुना मचा रही तबाही...बांके बिहारी मंदिर मार्ग हुआ जलमग्न, अयोध्या नगर में गिर गया मकान

एजेंसी ▶▶ मथुरा/देहरादून

यमुना का जलस्तर बढ़ने से मथुरा और वृंदावन में घर डूबते जा रहे हैं। वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर मार्ग पर पानी पहुंच गया है। वहीं मथुरा के अयोध्या नगर में हुए जलभराव से एक मकान गिर गया। गनीमत ये रही कि इस हादसे में परिवार के लोग बाल-बाल बच गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। बांकेबिहारी मंदिर जाने वाले मार्ग में भी यमुना का पानी पहुंच गया है। दाऊजी तिराहे तक सड़कें जलमग्न हो गई हैं। इस वजह से यहां के दुकानदारों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं मथुरा के लक्ष्मी नगर के अयोध्या नगर में रविवार को बाढ़ का पानी भरने से एक मकान गिर गया।

*उत्तराखंड के सीएम धामी ने की समीक्षा बैठक दिए जरूरी निर्देश*



### रेलवे ट्रैक से भागकर बचाई जान

लक्ष्मी नगर के ईसापुर में एक मंजिल तक पानी भरने के बाद बाढ़ प्रभावित लोग रेलवे ट्रैक को पार करके सुरक्षित स्थान पर जा रहे हैं। सोमवार दोपहर 1:00 बजे दर्जनों लोग घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जा रहे थे, इसी दौरान हाथरस की तरफ से तेज रफ्तार ट्रेन आ गई। लोगों ने जैसे तैसे रेलवे ट्रैक से भाग कर अपनी अपनी जान बचाई।

### हरिद्वार में मलबा आने से रेलवे ट्रैक और देहरादून में 233 सड़कें बंद



हरिद्वार में पहाड़ी से भूस्खलन से बड़ा खतरा पैदा हो गया है। सोमवार सुबह काली मंदिर के पास पहाड़ी से भू स्खलन होने के कराण बड़ी तादात में मलबा रेलवे ट्रैक पर गिर गया। लोहे की जालियों को तोड़ते हुए बड़े बड़े पत्थर रेलवे ट्रैक पर जमा हो गये हैं जिससे ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया है।

### वर्षा काल तक राहत सामग्री एवं राशन की पर्याप्त उपलब्धता

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में शासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और वर्चुअल माध्यम से जुड़े सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आपदा प्रबंधन, कानून व्यवस्था, पुनर्निर्माण कार्यों, पर्यटन एवं जनसुविधाओं से संबंधित व्यापक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता को त्वरित राहत, सुरक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वर्षा काल तक राहत सामग्री एवं ड्राई राशन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आपदा प्रभावितों के आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाए।

मनोज जरांगे ने दी चेतावनी

# 17 से पहले मराठों को प्रमाण-पत्र देना शुरू करें, वरना...

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की आग अभी थमी नहीं है। मराठा आरक्षण का चेहरा बन चुके मनोज जरांगे ने



एक बार फिर महाराष्ट्र सरकार को चेतावनी दी है। उन्होंने मांग की है कि महाराष्ट्र सरकार 17 सितंबर से पहले मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए पिछले सप्ताह जारी किए गए सरकारी आदेश को लागू करे। अगर ऐसा नहीं होता है तो वह फिर से 'कठोर निर्णय' लेने के लिए बाध्य होंगे। छत्रपति संभाजीनगर के अस्पताल में जरांगे ने संवाददाताओं से कहा कि हमें उम्मीद है कि सरकार राज्य के तालुका स्तर के कार्यालयों से जीआर पर कार्रवाई करने को कहेगी। हमें उम्मीद है कि 17 सितंबर से पहले काम शुरू हो जाएगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो मुझे कड़े फैसले लेने होंगे। गौरतलब है कि बीते सप्ताह मुंबई में अपना आंदोलन वापस लेने के बाद से वह अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। सर्टिफिकेट का वितरण से पहले जीआर के आधार पर शुरू हो जाना चाहिए।

नेपाल में मचा बड़ा बवाल

# सुलग उठा नेपाल, पीएम ओली से इस्तीफे की मांग तेज, युवा अब बदलाव के मूड में

**वाटर कैनन से डराया**



पुलिस पानी की तेज धार से प्रदर्शनकारियों को हटाने का प्रयास करती हुई

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले के खिलाफ नेपाल में युवाओं ने सोमवार को काठमांडू में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। युवाओं ने सड़कों पर सरकार के फैसले के खिलाफ आवाज बुलंद की। युवा बदलाव चाह रहे। पीएम केपी शर्मा ओली के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान लोग काफी उग्र हो गए। देखते ही देखते हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे।

*भीड़ को तितर-बितर करने पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे*

*प्रदर्शन के दौरान भीड़ काफी उग्र हो गई हालात बिगड़ते चले गए*

**युवाओं में आक्रोश**



युवाओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और संसद के सामने पुलिस पर पथराव किया



**महिला पर प्रहार**

प्रदर्शन कर रही महिलाओं पर पुलिस महिलाओं ने बल प्रयोग कर रोकने का प्रयास किया

**बिल्डिंग में लगाई आग**

प्रदर्शनकारियों ने संसद के नजदीक एक बिल्डिंग में आग लगा दी और उसके बाद वहां से भागते हुए



## खबर संक्षेप

### 17 हजार फीट पर किया युद्ध डाइविंग प्रशिक्षण



**गंगटोक।** भारतीय सेना के पैरा (स्पेशल फोर्सेस) और नौसेना के मरीन कमांडो मारकोस ने 30 अगस्त से 5 सितंबर 2025 तक सिक्किम में 17000 फीट की ऊंचाई पर एक संयुक्त स्कूबा और युद्ध डाइविंग प्रशिक्षण आयोजित किया। यह प्रशिक्षण ठंडे पानी और मुश्किल इलाकों में हुआ, जिसने हमारे सैनिकों की हिम्मत, कौशल और एकजुटता को दिखाया।

### गुयाना के राष्ट्रपति अली ने दूसरी बार शपथ ली



**मेक्सिको सिटी।** गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली ने पिछले सप्ताह हुए चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद रविवार को दूसरी बार पद की शपथ ली। चुनाव आयोग ने अली की जीत की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने भारी बहुमत से चुनाव जीता है और उनकी पीपुल्स प्रोग्रेसिव पार्टी ने संसद की 65 में से 36 सीट पर जीत हासिल की है। 45 वर्षीय अली ने राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया और कहा कि आने वाले पांच वर्ष देश के लिए निर्णायक होंगे।

### अर्जेंटीना के राष्ट्रपति मिलेई चुनाव में हारे



**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई को रविवार को ब्यूनस आयर्स प्रांत के चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। मिलेई की नवगठित पार्टी 'ला लिबरता अवान्जा' को अर्जेंटीना के इस सबसे बड़े प्रांत में केवल 34 प्रतिशत वोट मिले। वहीं, वामपंथी विचारधारा वाली विपक्षी पार्टी 'पेरोनिस्ट' ने भारी अंतर से जीत दर्ज करते हुए 47 प्रतिशत वोट हासिल किए।

ब्राजील के राष्ट्रपति द्वारा आयोजित ब्रिक्स की आपातकालीन वर्चुअल बैठक में बोले जयशंकर

# ब्रिक्स का पूरा 'ध्यान' अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाने पर हो

**चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए**

एस. जयशंकर ने कहा कि भले ही दुनिया नीतिगत चुनौतियों का सामना कर रही है। लेकिन हमें बड़ी समस्याओं जैसे जलवायु परिवर्तन से मुंह नहीं चुराना चाहिए। यह बेहद दुखद है कि आज की हकीकत में जलवायु कदम और जलवायु न्याय जैसे मुद्दे पिछड़ते हुए नजर आ रहे हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सोमवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के आह्वान पर ब्रिक्स समूह की एक आपातकालीन वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शामिल हुए। जबकि भारत की तरफ से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इस बैठक में भाग लिया।

जयशंकर ने अपने संबोधन में कहा कि बीते कुछ वर्षों में दुनिया का सामना भीषण चुनौतियों और संघर्षों से हुआ है। जिन्हें देखते हुए वर्तमान में ब्रिक्स का पूरा ध्यान वैश्विक अर्थव्यवस्था और वर्ल्ड ऑर्डर को स्थिर बनाने पर केंद्रित होना चाहिए। साथ ही अमेरिका का नाम लिए बगैर उसे संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि विश्व को रचनात्मकता और सहयोग की भावना के साथ व्यापार को बढ़ावा देना चाहिए। बाधाओं को बढ़ाना और वित्तीय आदान-प्रदान को जटिल बनाना कहीं से भी मददगार साबित नहीं होगा।

विश्व सहयोग की भावना के साथ व्यापार को बढ़ावा दे

विश्व में जारी संघर्षों ने ब्रिक्स एजेंडे की रफ्तार को धीमा किया

**दुनिया में फेल हो रही बहुपक्षीय व्यवस्था का सच उजागर**



उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी से लेकर यूक्रेन, मध्य-पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों, व्यापार-निवेश संकट और अप्रत्याशित जलवायु संबंधी घटनाओं ने न केवल सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के हमारे एजेंडे की रफ्तार को धीमा किया है। बल्कि दुनियाभर में फेल हो रही बहुपक्षीय व्यवस्था के सच को भी उजागर कर दिया है। गंभीर तनाव के कई मुद्दे आज भी बिना किसी समाधान के यूं ही पड़े हुए हैं। जिनका विश्व व्यवस्था पर प्रभाव पड़ रहा है।

**संघर्षों से प्रभावित होती सप्लाई चेन**

जयशंकर ने कहा कि ब्रिक्स हालांकि विविधतापूर्ण समाज का प्रतिनिधित्व करता है। जिस पर उक्त घटनाक्रमों का गहराई से प्रभाव पड़ता है। अब यह महत्वपूर्ण है कि हम अपना ध्यान संघर्षों पर भी लेकर जाएं। क्योंकि इनका विकास और सप्लाई चेन प्रभावों से सीधा संबंध है।

**ग्लोबर साउथ**

### खाद्य संकट से जूझ रहा अनदेखी पड़ेगी भारी


विदेश मंत्री ने कहा कि मौजूदा समय में जारी संघर्षों का तत्काल समाधान ढूंढने की आवश्यकता है। ग्लोबल साउथ के देश खासतौर पर खाद्य, ऊर्जा और उर्वरक संकट से जूझ रहे हैं। जब शिपिंग को निशाना बनाया जाता है तो उससे केवल व्यापार ही नहीं बल्कि जीविका पर भी खतरा उत्पन्न हो जाता है। चुनिंदा संरक्षण वैश्विक जवाब नहीं बन सकता है। शत्रुता को शीघ्र समाप्त करने और कूटनीति के मार्ग पर लौटना ही एक मजबूत और वास्तविक समाधान है। उन्होंने कहा कि भले ही दुनिया नीतिगत चुनौतियों का सामना कर रही है। लेकिन हमें बड़ी समस्याओं जैसे जलवायु परिवर्तन से मुंह नहीं चुराना चाहिए। यह बेहद दुखद है कि आज की हकीकत में जलवायु कदम और जलवायु न्याय जैसे मुद्दे पिछड़ते हुए नजर आ रहे हैं। इस संबंध में हमें नए विचारों और कदमों की जरूरत है।

**विश्व व्यापार के कायदों का पालन जरूरी**

*जयशंकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार के मूलभूत सिद्धांतों में खुलापन, स्वतंत्रता, पारदर्शिता, गैर-भेदभाव वाली प्रणाली, समावेशी रुख और समानता के साथ ही विकासशील देशों के साथ नियम आधारित विशेष व्यवहार शामिल रहा है। भारत को यह विश्वास है कि इसे संरक्षण के साथ ही बढ़ावा दिया जाएगा। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में व्यापार पैटर्न और बाजारों तक पहुंच बड़े मुद्दे बनकर उभरे हैं। व्यापार में बाधाओं को बढ़ाने से समस्या का समाधान नहीं निकलेगा।*

भारत और इजराइल के मध्य समझौता

## दोनों देशों ने द्विपक्षीय निवेश संधि पर किए हस्ताक्षर, एफटीए पर की चर्चा





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इजराइल ने द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच निवेश को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्रालय ने सोमवार यह जानकारी दी। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत सरकार और इज़राइल सरकार ने आज नई दिल्ली में द्विपक्षीय निवेश समझौते (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनके इजराइली समकक्ष बेजालेल स्मोट्रिच ने हस्ताक्षर किए। अप्रैल 2000 से जून 2025 के दौरान, भारत को इज़राइल से 337.77 मिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त हुआ है। इस समझौते पर हस्ताक्षर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों देश एक मुक्त व्यापार समझौते पर भी बातचीत कर रहे हैं।

**इजराइल आने का दिया निमंत्रण**

दोनों देशों के मंत्रियों ने वित्तीय प्रौद्योगिकी नवाचार, इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, वित्तीय विनियमन और डिजिटल भुगतान कनेक्टिविटी के क्षेत्र में आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। वे दोनों देशों के बीच आर्थिक और वित्तीय सहयोग बढ़ाने और पारस्परिक आधार पर निवेश को बढ़ावा देने और उसकी सुरक्षा करने पर सहमत हुए। इजराइल के वित्त मंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री को इजराइल आने का निमंत्रण भी दिया।

**साइबर सुरक्षा, रक्षा और नवाचार में करेंगे सहयोग**

वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने इजराइल में हुए आतंकवादी हमले में निर्दोष लोगों की मृत्यु पर अपनी संवेदना व्यक्त की। दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के समक्ष आतंकवाद के खतरे को स्वीकार किया और एक-दूसरे के प्रति एकजुटता व्यक्त की। इजराइली वित्त मंत्री ने सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के बावजूद उच्च आर्थिक विकास हासिल करने में दोनों देशों की मजबूत साझा पृष्ठभूमि का जिक्र किया। इजराइल के वित्त मंत्री ने साइबर सुरक्षा, रक्षा, नवाचार और उच्च-प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच बेहतर सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।

मेहुल लाया जाएगा हिंदुस्तान!

## बेल्जियम सरकार को लिखे पत्र में भारत ने बताया देंगे जेल में सुविधा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




पंजाब नेशनल बैंक में 13,000 करोड़ की कथित धोखाधड़ी के मामले में आरोपी हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की बेल्जियम में गिरफ्तारी के चार महीने बाद भारत ने वहां की सरकार को एक आश्वासन पत्र भेजा है। गृह मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेटरी राकेश कुमार पांडे ने 4 सितंबर को बेल्जियम के अधिकारियों को भेजे एक पत्र में कहा कि भारत सरकार ने भारत में मुकदमे का सामना करने के लिए चोकसी के बेल्जियम से प्रत्यर्पण की मांग की है। इस पत्र में भारत ने कहा है कि अगर मेहुल चोकसी को भारत लाया गया, तो उसे मुंबई की आर्थर रोड जेल परिसर में ही रखा जाएगा। पांडे ने अपने पत्र में कहा कि चोकसी को मुंबई की आर्थर रोड जेल के बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा। अगर वह दोषी पाया जाता है, तो उसे संभावित हिरासत की पूरी अवधि के दौरान एक ऐसी कोठरी में रखा जाएगा, जहां उसे कम से कम तीन वर्ग मीटर की निजी जगह मिलेगी। उसे जिस डिटेंशन सेंटर में रखा जाएगा, वहां उसे एक साफ और मोटी सूती चटाई, तकिया, चादर और कंबल दिया जाएगा। अगर मेडिकल जरूरत हुई तो उसे लकड़ी का चारपाईनुमा बिस्तर भी दिया जा सकता है।

ईईपीसी के समारोह में गोयल का दावा

## दो-ढाई वर्षों में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने के लिए तैयार है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह दावा किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दो से ढाई वर्षों में भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला है। गोयल ने एक दशक पहले दुनिया की सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से एक से लेकर अब शीर्ष पांच में शामिल होने तक के भारत के सफर पर प्रकाश डाला।

विज्ञान भवन में इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के प्लेटिनम जयंती समारोह में बोलते हुए गोयल ने कहा कि भारत 2014 में दुनिया की पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से एक से आगे बढ़कर 2025 में शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है। गोयल ने नए अवसर पैदा करने के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे सुधारों को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार बहुत व्यापक है। सरलीकरण और दरों में कटौती से देश की अर्थव्यवस्था और भी आगे बढ़ेगी। नए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे।

**कुलगाम में आतंकियों संग सुरक्षा बलों की मुठभेड़ जारी**

## 2 आतंकी ढेर, एक जवान शहीद 2 घायल, तलाशी अभियान जारी

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच जारी मुठभेड़ में अब तक दो आतंकियों को मार गिराया गया है, जबकि भारतीय सेना का एक जवान बलिदान हो गया है। मुठभेड़ में दो अन्य जवान घायल भी हुए हैं। ऑपरेशन जारी है। तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाब दिया। फायरिंग में एक अफसर के घायल होने की खबर है। इलाके में तलाशी अभियान जारी है। कश्मीर पुलिस के अनुसार, खुफिया जानकारी के आधार पर कुलगाम के गुड्डर जंगल में मुठभेड़ हो रही है। जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की एसओजी काम पर हैं।

**घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया**



तलाशी अभियान के दौरान जंगल में छिपे आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की है, सुरक्षाबलों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया है। दोनों तरफ से तेज गोलीबारी हुई। खबर मिली है कि एक अफसर घायल हो गया है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भारतीय सेना के अनुसार, अभियान के दौरान एक आतंकवादी मारा गया। एक जूनियर कमीशन अधिकारी घायल हो गया। अभियान जारी है। फिलहाल सुरक्षाबलों ने जंगल को घेर लिया है।

**पाक घुसपैठिया गिरफ्तार**

सीमा सुरक्षा बल ने जम्मू के आर.एस. पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि घुसपैठ की यह कोशिश अलर्ट जवानों ने समय रहते नाकाम कर दी। वहीं, रविवार को पंजाब बॉर्डर पर बीएसएफ ने नशा और हथियार तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया।

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद सशस्त्र सेनाओं का पहला बड़ा सम्मेलन**

## संयुक्त कमांडर सम्मेलन का पीएम मोदी 15 सितंबर को करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीमाओं पर सेनाओं की सुरक्षा तैयारियां चाक-चौबंद बनी हुई हैं। इन सबके बीच अगले सप्ताह की शुरुआत में 15 से 17 सितंबर तक कोलकाता में पहला सशस्त्र सेनाओं का संयुक्त कमांडर सम्मेलन-2025 आयोजित किया जाएगा। जिसका उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष सम्मेलन का विषय 'सुधारों का वर्ष: भविष्य के लिए परिवर्तन' रखा गया है। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस चौहान सहित तीनों सेना प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहेंगे।

**सुधार और परिवर्तन पर होगा ध्यान**



संयुक्त कमांडर सम्मेलन में सुधार, परिवर्तन और परिचालन संबंधी तैयारियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह आयोजन एक शीर्ष स्तरीय विचार-मंथन मंच है। जिसमें देश के शीर्ष नागरिक, सैन्य नेतृत्व को वैचारिक और रणनीतिक स्तरों पर विचारों को आपस में बांटने का मौका मिलता है। सम्मेलन के दौरान होने वाली चर्चाएं संस्थागत सुधारों, गहन एकीकरण और तकनीकी आधुनिकीकरण को लेकर सशस्त्र सेनाओं की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

**पहलगाम हमले में मारे गए थे 26 लोग**

बता दें, 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के मुखौटा आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के आतंकवादियों ने बड़ी ही क्रूरता के साथ धर्म पूछकर कुल 26 लोगों की हत्या कर दी थी। जिसमें 25 भारतीय और 1 नेपाल का रहने वाला नागरिक शामिल था। इस हमले के जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर नामक सैन्य अभियान की शुरुआत की थी। जिसके तहत सशस्त्र सेनाओं ने पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 100 से अधिक आतंकियों को पलक झपकते ही मौत के घाट उतार दिया था।

कई देशों की बढ़ेंगी मुश्किलें, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने दिए संकेत

# यूएस लगा सकता है रूस के खिलाफ नए प्रतिबंध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस पर और सख्त प्रतिबंध लगाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस के अड़ियल रवैये के चलते यह कदम उठाने की बात कही है।

ट्रंप ने यह साफ नहीं किया कि ये नए प्रतिबंध क्या होंगे। वाशिंगटन में एक पत्रकार के सवाल पर कि क्या वह प्रतिबंधों के दूसरे चरण को लागू करने के लिए तैयार हैं, इस पर ट्रंप ने संक्षेप में जवाब दिया, 'हां, मैं तैयार हूं।' ट्रंप के इस संकेत से दुनिया के बाकी देशों के साथ भारत भी दोहरे टैरिफ की जद में आ जाएगा जो रूस से लगातार कच्चे तेल की खरीद कर रहा है।

**ट्रंप और जेडी वेंस ने की ईयू अध्यक्ष से बात**

**रूस पर दबाव के लिए बनाएंगे रणनीति**

**रूस से डील पर टैरिफ लगाना सही: जेलेंस्की**



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की ने अमेरिका के राष्ट्रपति को अपना समर्थन देते हुए कहा कि युद्ध के बीच में रूस से आर्थिक संबंध रखने वालों या उससे किसी भी तरह का सौदा करने वालों पर टैरिफ लगाना बिलकुल सही है। जेलेंस्की ने कहा कि रूस से आने वाली किसी भी प्रकार की ऊर्जा या किसी भी अन्य चीज पर रोक लगानी चाहिए।

**प्रतिबंधों को मजबूत करने की जरूरत: यूक्रेन पीएम**

यूक्रेन की पीएम यूलिया स्विरीडेन्को ने कहा है कि हम इमारतों को दोबारा बना लेंगे, लेकिन खोई हुई जानें वापस नहीं आ सकतीं। दुनिया को इस विनाश का जवाब सिर्फ शब्दों से नहीं, बल्कि काम से देना होगा। प्रतिबंधों को और मजबूत करने की जरूरत है, खासकर रूसी तेल और गैस के खिलाफ।

**अमेरिकी वित्त मंत्री बेसेंट बोले**

### ईयू भी लगाए पाबंदी तो ढह जाएगी रूसी अर्थव्यवस्था

*अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि अगर वाशिंगटन और यूरोपीय संघ उन देशों पर और द्वितीय प्रतिबंध लगाते हैं, जो रूस से तेल खरीद रहे हैं, तो मास्को की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो सकती है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने यूरोपीय आयोग (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से लंबी बातचीत की है और रूस पर दबाव बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा हुई है। बेसेंट ने रूसी तेल खरीदारों पर प्रतिबंध बढ़ाने का एक संभावित तरीका सुझाया, जिसमें ईयू को अमेरिका के साथ मिलकर माध्यमिक प्रतिबंध लगाने के लिए शामिल करना जुड़ा है, ताकि मास्को पर बातचीत के लिए दबाव बनाया जा सके।*

# भारत ने जमकर किया अभ्यास, एशिया कप में खिताब पर टिकी निगाहें

एजेंसी ▶▶| दुबई

*सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम मंगलवार 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप टी20 टूर्नामेंट पाकिस्तान और श्रीलंका के मौजूदगी के बावजूद खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। टूर्नामेंट की शुरुआत अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच अबू धाबी में होने वाले मैच से होगी, लेकिन सभी की निगाहें दुबई पर टिकी होंगी, जहां सितारों से सजी भारतीय टीम बुधवार को अपने पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात पर बड़ी जीत हासिल करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारत ने अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया। एशिया कप इससे पहले टी-20 विश्व कप के लिए ड्रेस रिहर्सल के रूप में काम करता था लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। इसके बावजूद भारतीय टीम एशिया में अपना दबदबा बनाए रखने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारत का एशिया कप में रिकॉर्ड अच्छा रहा है और इस बार तो पूरा शक्ति संतुलन उसके पक्ष में झुका हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में उसे हराना किसी भी टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी।*

### आज से एशिया कप टी20 टूर्नामेंट का आगाज

### भारत-पाकिस्तान के बीच 14 को होगी भिड़ंत



### आईसीसी प्रतियोगिताओं की तरह 15 खिलाड़ियों को चुना

भारतीय टीम को लेकर आत्मविश्वास इतना अधिक है कि चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने एक बार भी एशियाई क्रिकेट परिषद की ओर से स्वीकृत 17 सदस्यीय टीम चुनने पर विचार नहीं किया। इसके बजाय उन्होंने आईसीसी प्रतियोगिताओं की तरह 15 खिलाड़ियों को चुना, भले ही इसका मतलब श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ियों को बाहर रखना हो। नौवीं बार महाद्वीपीय खिताब जीतने से (सात बार वनडे प्रारुप में और वर्ष 2016 में एक बार टी-20 प्रारुप में) न तो सूर्यकुमार को और न ही गंभीर को कोई अतिरिक्त श्रेय मिलेगा। लेकिन ट्रॉफी से कम कुछ भी आलोचनाओं को आमंत्रित करेगा, क्योंकि साढ़े चार महीने बाद भारत और श्रीलंका टी-20 विश्व कप की संयुक्त मेजबानी करेंगे।



### परिवर्तन के दौर से गुजर रही पाकिस्तान और श्रीलंका

पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों की टीम परिवर्तन के दौर से गुजर रही हैं और उनके लिए भारत की मजबूत टीम का सामना करना मुश्किल होगा। पाकिस्तान ने अपने अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को टीम में नहीं चुना है। उसकी सफलता काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगी कि शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ और हसन अली आक्रामक भारतीय बल्लेबाजी के सामने कैसी गेंदबाजी करते हैं।

### पर्याप्त आक्रामक नहीं बांग्लादेश

बांग्लादेश पूरे टूर्नामेंट में चुनौती बरकरार रखने के लिए पर्याप्त आक्रामक नहीं है। ग्रुप बी में हांगकांग के अलावा बांग्लादेश दूसरी ऐसी टीम है, जिसके शुरुआती चरण में बाहर होने की पूरी संभावना है। ऐसे में भारत के सामने एकमात्र बाधा अफगानिस्तान नजर आता है, जिसका स्पिन आक्रमण काफी मजबूत है और उसके पास अच्छे बल्लेबाज भी हैं। संयुक्त अरब अमीरात, ओमान और हांगकांग के लिए यह एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। इस प्रतियोगिता में वह पिछले कुछ वर्षों में अपनी प्रगति का आकलन करना चाहेंगे।

## खबर संक्षेप



### लीजेंड्स टूर : रंधावा ने हासिल किया चौथा स्थान

**सैन सेबेस्टियन**। भारत के दिग्गज गोल्फर ज्योति रंधावा ने दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 66 का स्कोर बनाया और यहां यूरोपीय लीजेंड्स कप में चौथे स्थान पर रहे। यह लीजेंड्स टूर पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रंधावा के अंतिम राउंड के खेल में पाच बर्डी और एक ईगल बनाया और इस बीच केवल एक बोगी की। उन्होंने तीनों राउंड में कुल मिलाकर एक दर्जन बर्डी लगाईं। रंधावा के अंतिम राउंड का आकर्षण पार-4 के नौवें होल पर दो होल-आउट रहा। स्कॉट हेंड ने उत्तरी स्पेन के बासोज़ाबल में खेले गए इस टूर्नामेंट में एडिलसन दा सिल्वा और स्टीफन गैलाचर की चुनौती को समाप्त करके यूरोपियन लीजेंड्स कप दो शॉट से जीता।

### गावस्कर, शास्त्री, सहवाग कमेंट्री पैनल में



**नई दिल्ली**। सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री और वीरेंद्र सहवाग के साथ-साथ पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण मंगलवार से यूएई में शुरू हो रहे एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के बहुभाषी कमेंट्री पैनल का हिस्सा होंगे। इस टूर्नामेंट के 17वें सत्र में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, यूएई, ओमान और हांगकांग अगले साल होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले महाद्वीपीय वर्चस्व के लिए संघर्ष करेंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत बुधवार को यूएई के खिलाफ करेगा।
भारत के पूर्व मुख्य कोच शास्त्री, गावस्कर, संजय मांजरेकर, रॉबिन उथप्पा, बाजिद खान, वकार यूनिस, वसीम अकरम, रसेल अर्नोल्ड और साइमन डूल उन कमेंटेटरों में शामिल हैं, जिन्हें प्रसारण के विश्व फीड के लिए चुना गया है। सहवाग, इरफान पठान, अजय जडेजा, पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर और सबा करीम हिंदी कमेंटेटरों के पैनल में प्रमुख नामों में शामिल हैं।

### ह्यूस्टन चैंपियनशिपः 50वें स्थान पर रहीं प्रणवी



**ह्यूस्टन**। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने चौथे दौर में दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद यहां ह्यूस्टन चैंपियनशिप में संयुक्त 50वां स्थान हासिल किया। अपने घरेलू टूर पर कई जीत हासिल कर चुकीं प्रणवी के लिए यह एक उतार-चढ़ाव भरा सप्ताह रहा, जिसमें उन्होंने 72-69-74 के कार्ड खेले। प्रतियोगिता में शामिल अन्य दो भारतीय खिलाड़ी अवनि प्रशांत और त्वेसा मलिक कट से चूक गईं थीं। प्राणवी आखिरी दौर में एक बर्डी के मुकाबले तीन बोगी (दूसरे, चौथे और 13वें होल पर) कर बैठी। स्पेन की नूरिया इटुरियोज ने अंतिम दौर में चार-अंडर 68 के स्कोर के साथ लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) पर अपना पांचवां खिताब हासिल किया।

यानिक की हार्ड कोर्ट पर 27 मैचों की जीत की स्ट्रीक तोड़ी

**सिनर पर दबदबा बरकरार रखते हुए हासिल की नंबर एक रैंकिंग**

# अल्काराज बने अमेरिकी ओपन चैंपियन, छह ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

कार्लोस अल्काराज ने यानिक सिनर पर अपना दबदबा बरकरार रखते हुए चार सेट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता और विश्व में नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की। अल्काराज की सिनर पर 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से जीत वाकई अहम रही। अल्काराज ने गत चैंपियन पर अपनी श्रेष्ठता फिर से स्थापित की, एटीपी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया। यह तीसरा मौका था जब दोनों लगातार ग्रैंड स्लैम फाइनल में एक-दूसरे से भिड़े। सिनर को हराकर 22 साल के अल्कराज, ब्योर्न बोर्ग के बाद छह ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी बन गए। उन्होंने सिनर की हार्ड कोर्ट पर 27 मैचों की जीत की स्ट्रीक भी तोड़ दी। इस जीत के साथ, अल्कराज के नाम छह ग्रैंड स्लैम हो गए, जबकि सिनर के पास अभी चार बड़े खिताब हैं।



### 22 साल की उम्र में बनाया खास रिकॉर्ड

कार्लोस अल्कराज ने 22 साल और 125 दिन की उम्र में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम्स जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले मैट्स विलैंडर ने 24 साल और 6 दिन की उम्र में ये कमाल किया था और फिर राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच का नाम आता है। इसी के साथ कार्लोस अल्कराज ने पीआएफ एटीपी रैंकिंग्स में नंबर 1 पायदान हासिल कर लिया है। उन्होंने साल 2023 के बाद पहली बार ये रैंकिंग हासिल की है।

### परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाया : सिनर

सिनर ने कहा, 'मैं उन्हें पूरा श्रेय देता हूं क्योंकि उन्होंने मेरी तुलना में परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाया। उन्होंने महत्वपूर्ण अवसरों पर बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और जब जरूरत थी तब अंक हासिल किए।' सिनर ने कहा, 'आपने मुझसे बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। मैंने आज अपनी तरफ से पूरी कोशिश की। मैं इससे ज़्यादा कुछ नहीं कर सकता था।'



### अल्काराज ने की सिनर की तारीफ

खिताब जीतने के बाद, एल्कराज ने सिनर की जमकर तारीफ की। दोनों अक्सर बड़े टूर्नामेंट में एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं, और 2025 में यह तीसरा ग्रैंड स्लैम था। अल्काराज ने कहा, /"मैं यानिक से शुरू करना चाहता हूं। तुम पूरे सीजन में कमाल का प्रदर्शन कर रहे हो, हर टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखा रहे हो। मैं तुम्हें अपनी फैमिली से ज्यादा देखता हूं। तुम्हारे साथ कोर्ट और लॉकर रूम शेयर करना शानदार है। मेरे आसपास के लोग, मेरी हर उपलब्धि आपकी वजह से है।

### कार्लोस पर पैसों की बारिश

22 वर्षीय कार्लोस अल्काराज को यूएस ओपन 2025 का खिताब जीतने पर पिछले साल की तुलना में 39 प्रतिशत ज्यादा की इनामी राशि मिली। यूएस ओपन 2025 के सिंगल में विजेता को इनामी राशि के रूप में 5 मिलियन डॉलर यानी भारतीय रुपए के अनुसार, करीब 44 करोड़ रुपए मिले हैं। बता दें कि, पिछले सीजन के विजेता को 31.74 करोड़ रुपए मिले थे। इसके अलावा रनर-अप रहे यानिक सिनर को 22 करोड़ रुपए से ज्यादा मिले, जो की आईपीएल 2025 की आरसीबी को मिले प्राइज मनी से ज्यादा है।



### हांगकांग सुपर 500 में सात्विक-चिराग की जोड़ी करेगी अगुवाई

**हांगकांग**। विश्व चैंपियनशिप में हाल ही में कांस्य पदक जीतने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी 9 जुलाई से शुरू हो रहे हांगकांग सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में एक बार फिर भारत की चुनौती का नेतृत्व करेगी। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज इस जोड़ी ने पेरिस में शानदार प्रदर्शन के बूते विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा कांस्य पदक जीता। यह जोड़ी मौजूदा सत्र में निरंतरता के साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली जोड़ी रही है। वे बीडब्ल्यूएफ टूर पर भारत, मलेशिया, चीन और सिंगापुर सहित कई प्रतियोगिताओं के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। आठवीं वरीयता प्राप्त यह जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे के चियु शिआंग चिएह और वांग ची-लिन के खिलाफ करेगी।

### सिंधू को बेहतर प्रदर्शन करने की चुनौती

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने विश्व चैंपियनशिप में चीन की वांग झी यी को हराकर फॉर्म में वापसी का संकेत दिया था। उनका अभियान हालांकि क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाया था। हांगकांग में सिंधू के सामने डेनमार्क की लाइन क्रिस्टाफरसेन के खिलाफ अपने पहले मैच में बेहतर प्रदर्शन करने की चुनौती होगी। इस साल के उभरते सितारों में से एक यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी का पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू के खिलाफ एक कठिन मुकाबला है। पूर्व विश्व नंबर छह लक्ष्य सेन पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक से चूकने के बाद से लय तलाश रहे है। वह चीनी ताइपे के वांग त्जु वेई के खिलाफ आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेंगे।

**युवा स्टार कंटेंडर टेटे टूर्नामेंट**

# अनन्या-दिव्यांशी ने जीता अंडर-15 युगल का खिताब



एजेंसी ▶▶| स्कोपिया

अनन्या मुरलीधरन और दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में झाओ वैंगकी और ल्यु झिलिंग की चीन की जोड़ी को हराकर डब्ल्यूटीटी युवा स्टार कंटेंडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट में अंडर-15 लड़कियों के युगल वर्ग का खिताब जीता। कड़े मुकाबले में अनन्या और दिव्यांशी ने अपना धैर्य बरकरार रखते हुए चीन की जोड़ी के खिलाफ 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से जीत दर्ज की।

दबाव को झेलने और तनावपूर्ण क्षणों में आक्रामक जवाब देने की क्षमता भारतीय जोड़ी को पोडियम पर शीर्ष स्थान दिलाने में निर्णायक साबित हुई। इससे पहले सेमीफाइनल में इस जोड़ी ने हमवतन रियाना भूटा और अंकोलिका चक्रवर्ती को 3-1 (11-2, 10-12, 11-3, 11-6) से हराया था। रियाना और अंकोलिका को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए पीबी अभिनंद और ऋत्विक गुप्ता ने क्रमशः अंडर-19 और अंडर-15 बालक एकल वर्ग में रजत पदक जीते।

अभिनंद जापान के इवैडा शुंटो के खिलाफ सीधे गेम में 0-3 (6-11, 7-11, 8-11) से हार गए जबकि ऋत्विक को भी खिताबी मुकाबले में कोरिया के ली सेयुंगसू के खिलाफ 0-3 (8-11, 5-11, 8-11) से शिकस्त झेलनी पड़ी। अंडर-19 मिश्रित युगल में अभिनंद और सिंड्रेला दास की जोड़ी जबकि अंडर-15 बालक युगल में ऋत्विक और साहिल रावत की जोड़ी ने कांस्य पदक जीते। टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने कुल छह पदक जीते।

### विडलर ऑस्ट्रेलिया ए के भारत दौरे से बाहर

**मेलबर्न**। क्वींसलैंड के तेज गेंदबाज कैलम विडलर आंशिक 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' के कारण ऑस्ट्रेलिया ए के आगामी भारत दौरे से बाहर हो गए, जिससे ऑस्ट्रेलिया के चोटिल तेज गेंदबाजों की बढ़ती सूची में एक और नाम जुड़ गया। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी से पहले टेस्ट कप्तान पैट कमिंस, लान्स मौरिस और ब्रॉडी काउच भी चोटिल होने के कारण चयन की दौड़ से बाहर हैं। दोनों देशों की ए टीम के बीच श्रृंखला 30 सितंबर से शुरू होगी। विडलर ने पेशेवर क्रिकेट में पिछला मुकाबला मार्च में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शेफील्ड शील्ड 2024-25 के फाइनल के रूप में खेला था और तब उन्होंने अपनी टीम की हार के दौरान पांच विकेट चटकाए थे। क्वींसलैंड के हाई परफोर्मेंस महाप्रबंधक जो डावेस ने बताया, 'कैलम को ट्रेनिंग के दौरान पीठ में दर्द हुआ और उन्होंने तुरंत इसकी सूचना दी।



### पाकिस्तान ने जीती त्रिकोणीय सीरीज, अफगान को हराया

**शारजाह**। बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज की हैट्रिक की बदौलत पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को 75 रन से हराकर टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला जीती। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 141 रन बनाए। इसके जवाब में अफगानिस्तान की टीम 15.5 ओवर में 66 रन पर आउट हो गई, जो इस प्रारुप में उसका न्यूनतम स्कोर है। नवाज ने 19 रन देकर पांच विकेट लिए। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने कहा, 'यह ऐसा विकेट था जहां 130-140 रन भी चुनौतीपूर्ण होते हैं और एक बार जब हम वहां पहुंच गए तो हमें पता था कि उनके लिए लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल होगा।' पाकिस्तान की तरफ से बल्लेबाजी में फखर जमां ने 27, नवाज ने 25 और कप्तान आगा ने 24 रन का योगदान दिया। अफगानिस्तान की तरफ से कप्तान राशिद खान ने 38 रन देकर तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की टीम शुरू में ही लड़खड़ा गई। उसके केवल दो बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें राशिद ने सर्वाधिक 17 रन बनाए।

**नवनीत कौर और मुमताज खान की हैट्रिक**

# हॉकी महिला एशिया कप : भारत ने सिंगापुर को 12-0 से दी शिकस्त



एजेंसी ▶▶| हांगझोउ (चीन)

नवनीत कौर और मुमताज खान की हैट्रिक की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को एशिया कप के पूल बी मैच में सिंगापुर को 12-0 से रौंदा। नवनीत (14वां, 18वां, 28वां मिनट) और मुमताज खान (दूसरा, 32वां और 38वां मिनट) के अलावा, नेहा (11वां मिनट, 38वां मिनट) ने दो जबकि लालरेम्सियामी (13वां मिनट), शर्मिला देवी (45वां मिनट) और रुतुजा पिसल (52वां मिनट) ने भी भारत के लिए गोल दागे। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज भारत ने अपने पहले मैच में थाईलैंड को 11-0 से हराया था, जबकि गत चैंपियन जापान के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था। भारत अपना अगला मैच सुपर -4 चरण में पूल ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगा।

### भारत ने पहले दो मिनट में गोल कर की शानदार शुरुआत

विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज सिंगापुर के खिलाफ भारतीय टीम ने दो मिनट के अंदर ही गोल कर शानदार शुरुआत की। मुमताज के सर्कल के कोने से लगाए जोरदार रिवर्स शॉट का सिंगापुर की रक्षापंक्ति के पास कोई जवाब नहीं था। भारतीय खिलाड़ियों ने मैच पर अपना दबदबा कम नहीं होने दिया और आठवें मिनट में टीम ने पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन यह प्रयास जाया हो गया। टीम ने 11वें से 14 वें मिनट के अंदर तीन गोल कर पहले क्वार्टर में ही सिंगापुर को बैकफुट पर धकेल दिया। इसकी शुरुआत नेहा ने रिबाउंड पर गोल कर की। मैच के 13वें मिनट में लालरेम्सियामी के गोल से टीम की बढ़त 3-0 हो गई।

**जीत टीम को भविष्य में युवाओं को अधिक मौके देने के लिए करेगी प्रेरित**

# मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ एशिया कप हॉकी में टीम में बदलाव

एजेंसी ▶▶| राजगीर

भारतीय हॉकी टीम के लिए कुछ अनुभवी खिलाड़ियों को हटाकर युवा खिलाड़ियों को मौका देने का दांव एशिया कप में सही साबित हुआ, जिसके फाइनल में टीम ने दक्षिण कोरिया को 4-1 के बड़े अंतर से हराकर आठ साल बाद इस खिताब जीतने के साथ अगले साल होने वाले विश्व कप का टिकट पक्का किया। यह जीत टीम को भविष्य में और बदलाव कर युवाओं को अधिक मौके देने के लिए प्रेरित करेगी।



पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के तीन खिलाड़ियों, शमशेर सिंह, गुरजंत सिंह और नीलकंठ शर्मा को की जगह मिडफील्डर राजिंदर सिंह और स्ट्राइकर शिलानंद लकड़ा को टीम में शामिल किया गया था। यह कदम एक मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ क्योंकि दोनों युवा खिलाड़ियों ने सिर्फ एक-एक गोल करने के बावजूद हाल ही में खत्म हुए टूर्नामेंट में काफी प्रभावित किया। भारत की कोर टीम में भविष्य में कुछ और बदलाव देखने को मिल सकते हैं। खासकर 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप के बाद। अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप और जापान में 19 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए भारत जूनियर विश्व कप के बाद कुछ होनहार जूनियर खिलाड़ियों को सीनियर स्तर पर आजमा सकता है।

### खराब प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया जाएगा बाहर

हॉकी इंडिया की चयन समिति के अध्यक्ष आरपी सिंह ने पहले ही यह साफ कर दिया है कि खराब प्रदर्शन करने वाले कुछ सीनियर खिलाड़ियों को धीरे-धीरे टीम से बाहर किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'हमें अपनी टीम बनाते समय उभरते खिलाड़ियों पर भी ध्यान देना होगा। अगर हम एक साथ छह-सात सीनियर खिलाड़ियों को टीम से बाहर कर देंगे तो यह कारगर नहीं होगा। चयन समिति की जिम्मेदारी है कि वह सुनिश्चित करें कि जो सीनियर खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, उन्हें धीरे-धीरे टीम से बाहर किया जाए।' उन्होंने कहा, 'पेरिस ओलंपिक के बाद काफी समय बीत चुका है। हमने यह योजना बहुत पहले ही बना ली थी। अगर हम युवाओं को छोटे टूर्नामेंट में मौका नहीं देंगे, तो हम उन्हें सीधे विश्व कप में नहीं खिला सकते।'




# 22 नृत्यांगनाओं ने दर्शाई महिषासुर मर्दन की कथा

## रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में नृत्य नाटिका अनंत रूपा मां दुर्गा की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मां दुर्गा के अनंत रूपों की आराधना करते हुए महिषासुर मर्दन की कथा को दर्शाती नृत्य नाटिका अनंत रूपा मां दुर्गा की प्रस्तुति 22 नृत्यांगनायों ने सोमवार को रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में प्रस्तुत की, जिसका निर्देशन दुर्गा मिश्रा ने किया।




### ब्रह्मा से वरदान पाकर दैत्य महिषासुर करता नारी जाति को अपमानित

नृत्य नाटिका का आरंभ गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद दर्शाया कि किस प्रकार ब्रह्मा से वरदान पाकर दैत्य महिषासुर अपने वरदान का अनुचित प्रयोग करता है एवं नारी जाति का अपमान करता है, उन पर अत्याचार करता है। तब सभी देवताओं के तेज से एक शक्ति का जन्म होता है और वो महिषासुर का अंत करती हैं।

**देवताओं के तेज से एक शक्ति का जन्म होता है**



### स्त्री शक्ति को दर्शाती नाटिका

कथा के माध्यम से स्त्री शक्ति को भी प्रदर्शित किया गया, जिसमें दिखाया कि स्त्री की विनम्रता उसकी कमजोरी नहीं बल्कि जीवन जीने की ताकत होती है।

---

राजकमल किताब उत्सव का तीसरा दिन

# जो कमजोर और वंचित वर्ग के पक्ष में खड़ा हो, वही साहित्य

## लोकभारती की नई कथा-श्रृंखला 'धरोहर कहानियां' का लोकार्पण


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजकमल प्रकाशन द्वारा आयोजित किताब उत्सव के तीसरे दिन सात सत्रों में कार्यक्रम हुआ। पहले सत्र में शिवमूर्ति के बहुचर्चित उपन्यास 'अगम बहै दरियाव' पर कैलाश वानखेड़े ने उनसे बातचीत की। इस दौरान शिवमूर्ति ने कहा कि साहित्य वही है, जो समाज के कमजोर और वंचित वर्ग के पक्ष में खड़ा हो। उन्होंने कहा कि गांवों में जाति अब भी मौजूद है, लेकिन आज लोग जाति से ऊपर उठकर डॉक्टर, नेता और अन्य भूमिकाओं में भी देखे जा सकते हैं।

### सन्तोष चौबे के कहानी-संग्रह 'गरीबनवाज़' पर चर्चा



चौथे सत्र सन्तोष चौबे के कहानी-संग्रह 'गरीबनवाज़' पर चर्चा का था, जिसमें अब्दुल बिस्मिल्लाह और कुणाल सिंह की उपस्थिति रही। संतोष चौबे ने कहा कि आज की कहानियों को गति और तापक्रम दो आलोचनात्मक सूत्रों से देखा जाना चाहिए। उनके अनुसार लेखन की गति सहज और मानवीय होनी चाहिए, जबकि तापक्रम संतुलित रहे।



### लीलाधर मंडलोई की आत्मकथा पर चर्चा

अगले सत्र में लीलाधर मंडलोई की आत्मकथा 'जब से आँख खुली है' पर चर्चा हुई। सत्र में रामप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि यह पुस्तक गांव और कस्बों से जुड़े लोगों को प्रभावित करेगी।

### 'प्रेम एक पालतू बिल्ली' कहानी-संग्रह पर बातचीत

दूसरे सत्र में निधि अग्रवाल के कहानी-संग्रह 'प्रेम एक पालतू बिल्ली' पर हेमंत देवलेकर और सविता भार्गव ने चर्चा की। सविता भार्गव ने कहा कि इस संग्रह की सभी कहानियों का अंतःस्रोत संवेदना है।

---

बुंदेली समागम 2025

समापन दिवस पर युवा संवाद और सांस्कृतिक रंगों की बिखरी छटा

# खराब लिखने से ज्यादा, ओवर लिखना खराब होता है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लेखक को पढ़ने वाले तो अधिक होते हैं, लेकिन सुनने वाले बहुत कम मिलते हैं। आज यहां इतने लोग सुनने आए, यह अपने आप में सौभाग्य की बात है। मैं यह कहता हूं कि खराब लिखने से ज्यादा, ओवर लिखना खराब होता है। यह कहना है प्रसिद्ध लेखक, निर्देशक राज शांडिल्य का, जो सोमवार को बुंदेली समागम के समापन दिवस पर युवा संवाद में बोल रहे थे।

### भोपाल से आया ड्रीम गर्ल लिखने का विचार

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि फिल्म ड्रीम गर्ल की स्क्रिप्ट का विचार भोपाल से ही आया था, जब एंजल प्रिया का इंटरनेट ट्रेंड लोकप्रिय हो रहा था। हर फिल्म में एक सामाजिक संदेश जोड़ना उनकी लेखन शैली की खासियत है।



### मुंबई की हर गली में कलाकार मौजूद



झांसी से मुंबई तक की अपनी यात्रा साझा करते हुए उन्होंने बताया कि मुंबई की हर गली में कलाकार मौजूद है, लेकिन कुछ अलग कर पाना ही वास्तविक पहचान बनाता है। शांडिल्य ने कॉमेडी सर्कस के लिए 2500 से अधिक स्क्रिप्ट लिखने से लेकर कॉमेडी नाइट्स विद कपिल और फिर फिल्म ड्रीम गर्ल तक की अपनी रचनात्मक यात्रा पर चर्चा की।

### बुंदेली आइडल फाइनल में मुस्कान बनी विनर

शाम की बेला में बुंदेली आइडल फाइनल में दस प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान प्रजापति ने हासिल किया, द्वितीय स्थान सौम्या भड़ोलिया ने हासिल किया, वहीं तृतीय स्थान गीता अहिरवार और अंकित परिहार ने हासिल किया।

---

## उद्घोष समारोह 12 से, युद्ध कौशल और शारीरिक करतब का होगा प्रदर्शन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में मप्र एवं देश के अन्य राज्यों में पारम्परिक जनजातीय एवं लोक समाजों में शारीरिक करतब एवं युद्ध की कलाओं केंद्रित तीन दिवसीय समारोह उद्घोष का आयोजन 12 से 14 सितंबर में किया जा रहा है।

इस समारोह में मध्यप्रदेश सहित दस राज्यों के कलरीपायतू, पइका, लेझिम, ढाल-तलवार रास, छाऊ, अखाड़ा, पाई डंडा, सिलम्बम, थांगटा, गतका, पण्डवानी, आल्हा, बीछी, मलखंभ और सैला नृत्य, गायन एवं युद्ध कौशल का प्रदर्शन होगा। गतिविधि प्रतिदिन सायं 06.30 बजे से संयोजित की जाएगी। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा पारंपरिक भाले, धनुष-बाण, तलवारों एवं ढालों के साथ युद्ध कौशल की झलक प्रस्तुत की जाएगी।



## बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केंद्र ने किया शिक्षकों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केंद्र द्वारा सोमवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रकाश बरतूनिया ने कहा कि गुरु चाहते हैं कि शिष्य उनसे भी अधिक योग्य बने। समारोह में सम्मानित हुए चंद्रशेखर तापी, ब्रजेश कुमार शर्मा, डॉ. सविता रिछारिया, डॉ रेखा भटनागर, आनंद मिश्रा सहित एक दर्जन शिक्षकों का सम्मान किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में राजेश भट्ट ने कहा कि आज कला के शिक्षकों का भी सम्मान किया गया है, कला का शिक्षण देना भी आवश्यक है। कार्यक्रम में राजकुमारी चौक से ने शिक्षक के महत्व की कविता शिक्षक का पाठ किया।

## एमसीयू में वीसी की पहली क्लास आज सुबह 11 बजे

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि (एमसीयू) में कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी 9 सितंबर को सुबह 11 बजे पहली क्लास लेंगे। विश्वविद्यालय का फोकस यूजी-पीजी के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों पर है, जिनके लिए बाहरी विषय विशेषज्ञों की 'मास्टर क्लास' श्रृंखला शुरू की गई है। इसके अलावा 'आउटडोर कवरेज' के लिए भी विद्यार्थियों को भेजा रहा है। कुलगुरु हर सप्ताह अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की क्लास लेंगे और फील्ड रिपोर्टिंग के अलावा भारत को जानने के लिए जरूरी किताबों और अपने यात्रा अनुभवों पर चर्चा करेंगे।

- विवि का फोकस यूजी और पीजी के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों पर है

## एफआईपी वर्ल्ड कांग्रेस 2025 में डॉ. रीनू यादव ने प्रस्तुत किए शोध पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हाल ही में कोपेनहेगन, डेनमार्क में आयोजित एफआईपी वर्ल्ड कांग्रेस 2025 में डॉ. रीनू यादव को मुख्य वक्ता और शोध पत्र प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया था। इस विश्व शिखर सम्मेलन में लगभग 100 देशों के 3450 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें डॉ. रीनू के शोध की विश्व मंच पर सराहना की गई। डॉ. रीनू यादव हर्बल अनुसंधान में 19 वर्षों का अनुभव रखती हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में 12 पेटेंट और 10 पुस्तकें लिखी हैं। उनके नाम 100 से अधिक शोध पत्र हैं।



# संगीत नृत्य कार्यशाला 'कल्पना' का समापन 12 सितंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चैतन्य सोश्यो कल्चरल सोसाइटी द्वारा आयोजित संगीत नृत्य कार्यशाला 'कल्पना' का समापन 12 सितंबर को अर्घ्य कला समिति, गांधी भवन परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रसिद्ध तबलावादक उस्ताद सलीम अल्लाहवाले के नेतृत्व में प्रतिभागियों के लिए संगीतमयी प्रस्तुति का संयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रमुख आकर्षण का केंद्र राग यमन के सरगम, अलंकार, आलाप, तानें, भजन रहेंगे। कार्यक्रम की दूसरी प्रस्तुति में कलाकारों द्वारा नृत्य की विभिन्न शैलियों (बैले मूवमेंट्स, छउ, भरतनाट्यम, कथक आदि) पर आधारित समवेत नृत्य का प्रदर्शन भी किया जाएगा, जिसमें उस्ताद द्वारा राग यमन के आलाप, सरगम, तानें, बंदिश, तराना पर केंद्रित रहेगा। कार्यक्रम में कोरियोग्राफी डॉ.श्रुति कीर्ति बारिक और मार्गदर्शन चंद्र माधव बारिक का रहेगा।








हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930